# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 28 सितंबर 2023 | वर्ष –67 | अंक –321 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ सरकार की अंतरात्मा... ■ भाजपा ने खुली रखी ... 04
■ समुद्र के अंदर 8वें महाद्वीप की खोज, 375 ... ■ खालिस्तानियों का स्वर्ग बना कनाडा .... 09
■ त्यौहारी सीजन से पहले चीनी की कीमतें... ■ पहले रबी सीजन में 1140 लाख टन गेहूं ... 11
■ जापान के खिलाफ.. ■ हमें सही रणनीतियों पर.. 10

सार संक्षेप

## इस्कॉन कसाइयों को बेचता है गाय : मेनका



नई दिल्ली। भाजपा सांसद मेनका गांधी ने इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्ण कॉन्शसनेस (इस्कॉन) पर हमला किया। उन्होंने इस्कॉन को देश का सबसे बड़ा धोखेबाज संगठन बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस्कॉन अपनी गौशालाओं की गायों को कसाइयों को बेचता है। हालांकि, इन आरोपों का इस्कॉन ने भी जवाब दिया है। उसने आरोपों को निराधार और झूठा करार दिया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और पशु अधिकार कार्यकर्ता मेनका गांधी पशु कल्याण के मुद्दों को लेकर सोशल मीडिया पर मुखर रहती हैं। वीडियो में मेनका को कहते हुए सुना जा सकता है कि भारत में इस समय सबसे बड़ा धोखेबाज इस्कॉन है। उन्होंने गौशालाएं स्थापित कीं, जिन्हें चलाने के लिए उन्हें सरकार की तरफ से अनगिनत फायदे मिलते हैं। उन्हें बड़ी जमीनें मिलती हैं। उन्होंने आंध्र प्रदेश में इस्कॉन की एक गौशाला की अपनी यात्रा को याद किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में, अनंतपुर गौशाला का दौरा किया था। वहां एक भी सूखी गाय नहीं मिली। सभी डेयरी हैं। वहां एक भी बछड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि सभी को बेचा दिया गया था।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**-अब असम-मेघालय अंतरराज्यीय सीमा पर टकराव हुआ है।
**चुहिया- हां प्रिये**- मणिपुर शांत नहीं हो रहा है और यह नई समस्या बड़ी ना बन पाये, इससे पहले सुलझना जरुरी है।




# न्यायपालिका में भी हो महिलाओं की भागीदारी: राष्ट्रपति

## मध्यप्रदेश में न्याय प्रणाली सबसे अच्छी हो : मुख्य न्यायाधीश मलिमठ

### गंभीर मामलों पर शीघ्र न्याय जरुरी : शिवराज

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि न्यायपालिका में भी हो महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना चाहिए। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ 9 प्रतिशत और हाइकोर्ट्स में सिर्फ 14 प्रतिशत हैं महिला जज हैं। महिलाओं का सशक्तिकरण देश के लिए आवश्यक है। राजनीति में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण क्रांतिकारी कदम होगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को जबलपुर में 460 करोड़ से बनने वाले हाईकोर्ट के नए भवन का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि महिला में न्याय करने का नैसर्गिक भाव होता है। एक मां कभी बच्चों में भेद नहीं करती। महिलाओं की भागीदारी न्यायपालिका के हित में होगी। मुख्य कार्यक्रम ट्रिपल आईटीडीएम के ऑडिटोरियम में हुआ। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट चीफ जस्टिस रवि मलिमठ ने पुष्प गुच्छ और >>शेष पृष्ठ 2 पर

### देश की अदालतों में 4.5 करोड़ मामले लंबित

राष्ट्रपति ने कहा–न्यायपालिका का लक्ष्य सरल, सुलभ, त्वरित न्याय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अदालतों में पेंडेंसी और पुराना इंफ्रास्ट्रक्चर बड़ी चुनौती है। देश की ट्रायल कोर्ट्स में 4.5 करोड़ केस पेंडिंग हैं।

***हाईकोर्ट की नई बिल्डिंग का शिलान्यास, कहा– सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ 9 व हाईकोर्ट्स में 14 प्रतिशत महिला जज***

# मध्यप्रदेश को मिला देश का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

## इंदौर सबसे स्वच्छ शहर

### शहरों और नगरवासियों की बढ़ती आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर भविष्य का रोडमेप तैयार करें – मुर्मु



**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि शहरों और नागरिकों की जरुरत का आंकलन कर विकास का रोडमेप तैयार किया जाना चाहिये। राष्ट्रपति ने आज इंदौर में इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव–2023 में सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होने मध्यप्रदेश को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदेश का पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। उन्होंने आईसी अवार्ड सेरेमनी में विजेता शहरों और राज्यों को पुरस्कार वितरित किए। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति ने इंडिया स्मार्ट सिटीस अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022 में मध्यप्रदेश द्वारा बेस्ट स्टेट का गौरव प्राप्त करने पर राज्य के सभी निवासियों, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उनकी पूरी टीम को >>शेष पृष्ठ 2 पर

### शिवराज ने दी जनता को बधाई कहा- बिना जनसहयोग कुछ संभव नहीं

### म.प्र. को मिले 13 अवार्ड

इण्डिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड्स कॉन्टेस्ट–2022 में उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर मध्यप्रदेश की 5 स्मार्ट सिटी को विभिन्न श्रेणी में 13 अवार्ड मिले हैं। मध्यप्रदेश को बेस्ट स्टेट का अवार्ड मिला है। इंदौर नेशनल स्मार्ट सिटी अवार्ड में प्रथम स्थान पर है। प्रोजेक्ट अवार्ड्स में स्मार्ट सिटी इंदौर को 5, भोपाल को एक, जबलपुर को 2, ग्वालियर को एक एवं सागर को एक अवार्ड मिला है।

# खालिस्तान-गैंगस्टर्स नेटवर्क पर एनआईए की बड़ी कार्रवाई

## जांच एजेंसी की 7 राज्यों में 53 जगह छापेमारी

### हिरासत में लिए कई संदिग्ध, गोला–बारूद भी बरामद

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** देश में आतंकवादी–गैंगस्टर–ड्रग तस्कर गठजोड़ को ध्वस्त करने के लिए नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को देश के 7 राज्यों में छापेमारी की. एनआईए की ओर से की गई इस छापेमारी में कई लोग हिरासत में लिए हैं।

सुबह शुरू हुई इस छापेमारी में एनआईए ने 53 जगहों पर छापे मारे, जिसमें हथियार, गोला–बारूद भी बरामद किया।

कनाडा में मौजूद खालिस्तान समर्थक आतंकी अर्श डल्ला, लॉरेंस बिश्नोई और सुक्खा दुनेके जैसे बड़े गैंग्स्टर्स के ठिकानों पर छापेमारी की गई। एनआईए ने घोषित आतंकवादी अर्श डल्ला और कई कुख्यात गैंगस्टरों से जुड़े आतंकवादियों–गैंगस्टरों–ड्रग तस्करों के गठजोड़ पर बड़े पैमाने पर कई राज्यों में कार्रवाई के दौरान कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। छह राज्यों पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान, उत्तराखंड और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में मारे गए छापों के दौरान पिस्तौल, गोला–बारूद, बड़ी संख्या में डिजिटल सबूत और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई।

अर्श डल्ला के अलावा, इन छापों में एनआईए की जांच के दायरे में कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, सुक्खा दुनेके, हैरी मौर, नरेंद्र उर्फ लाली, काला जठेरी, दीपक टीनू वगैरह शामिल थे।

**सातवीं बार दिया छापेमारी को अंजाम**

एनआईए ने अगस्त 2022 में 5 एफआईआर दर्ज की थीं। इन एफआईआर में ये सातवीं बार है, जब एनआईए ने छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया है, उसके अलावा 2 एफआईआर इसी साल जुलाई में दर्ज की गई थीं, जिनमें छापेमारी की गई।

# मणिपुर फिर बिगड़े हालात, 19 थाना क्षेत्र छोड़ पूरा राज्य अशांत क्षेत्र घोषित

**नई दिल्ली।** मणिपुर में हालात एक बार फिर बिगड़ गए हैं। राज्य में इंटरनेट से पाबंदी हटाए जाने के बाद दो लापता युवाओं की तस्वीरें सामने आई थीं। इन दोनों के शव बरामद हुए थे। इसके बाद इलाके में एक बार फिर तनाव बढ़ गया। अब मणिपुर सरकार ने 19 थाना क्षेत्रों को छोड़कर पूरे राज्य को अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है। पूरे राज्य में इंटरनेट पर भी पाबंदी लगा दी गई है।

**दोबारा भड़की हिंसा**– इंफाल निवासी 17 वर्षीय हिजाम लिनथोइंगामी और 20 वर्षीय फिजाम हेमजीत (20) इस साल 6 जुलाई को लापता हो गए थे। सोमवार को दो तस्वीरें सामने आईं। इससे इन दोनों युवाओं की मौत की पुष्टि हो गई। इसके बाद तनाव फिर बढ़ गया। एक तस्वीर में दोनों बाहर एक–दूसरे के बगल में बैठे दिख रहे हैं, जबकि उनके पीछे दो आदमी हथियार लेकर खड़े नजर आ रहे हैं। दूसरे में कथित तौर पर उनके शरीर एक–दूसरे के बगल में जमीन पर गिरे हुए दिख रहे हैं, जबकि हेमजीत का सिर गायब है। जैसे ही यह तस्वीरें सामने आई, घाटी के इलाकों में मैतई लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।



### खूबसूरत राज्य मणिपुर युद्ध क्षेत्र में बदला : खड़गे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की और उनसे भाजपा के अक्षम मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने का आग्रह किया। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया- 147 दिनों से मणिपुर के लोग पीड़ित हैं, लेकिन पीएम मोदी के पास राज्य का दौरा करने का समय नहीं है। खूबसूरत राज्य मणिपुर को युद्ध के मैदान में बदल दिया गया है। उधर कांग्रेस ने मणिपुर पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की

**सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग**

# 19वें एशियन गेम्स निशानेबाजी में भारत का जलवा, जीते दो स्वर्ण



**हांगझाऊ।** 19वें एशियन गेम्स में बुधवार को भारत ने निशानेबाजी स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते। वूमेंस 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन इंडिविजुअल में सिफ्ट कौर सामरा ने नया कीर्तिमान रचते हुए स्वर्ण पदक पर अपना निशाना लगाया, जबकि मनु भाकर, ईशा सिंह और रिद्म सांगवान की तिकड़ी को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक मिला।

# असम-मेघालय अंतरराज्यीय सीमा पर झड़प, गुलेल और तीर से किए गए एक-दूसरे पर हमले

**अंगलोंग।** मेघालय के पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले और असम के पश्चिम कार्बी अंगलोंग जिले से सटे गांव लापंगाप में यह झड़प हुई है। हालांकि, किसी के घायल होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

असम–मेघालय अंतरराज्यीस सीमा से सटे एक गांव में झड़प हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर हमला किया।

इतना ही नहीं, हमला करने के लिए गुलेल और तीर का इस्तेमाल किया गया। मेघालय के पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले और असम के पश्चिम कार्बी अंगलोंग जिले से सटे गांव लापंगाप में यह झड़प हुई है। हालांकि, किसी के घायल होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

दोनों राज्यों की पुलिस को जब सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंची। घटनास्थल का दौरा कर स्थानीय लोगों को शांत कराया। उसके बाद हालात सामान्य हुए। बताया जा रहा है कि फिलहाल गांव में शांति है, लेकिन बुधवार सुबह माहौल तनावपूर्ण रहा।

# देश में बेरोजगारी चरम पर : राहुल

### बोले- डिग्री इंजीनियर कर रहे हैं कुली का काम



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को रोजगार देने का जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया गया है, इसी का परिणाम है कि डिग्रीधारी इंजीनियर कुली का काम कर रहे हैं। श्री गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, भारत के मेहनती कुली भाइयों से दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर मिला। डिग्री इंजीनियर की, काम कुली का, ऐसी बेरोज़गारी से त्रस्त हैं। रेलवे से न पगार, न पेंशन, न स्वास्थ्य बीमा और न सरकारी सुविधा। मगर इन्हें उम्मीद है, समय बदलेगा और मुझे पूरा विश्वास।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी बेरोजगारी को लेकर 'एक्स' पर कहा कि बेरोजगारी के कारण युवा त्रस्त हैं और वे कुली का काम करने को भी मजबूर हैं। उन्होंने कहा, पिछले महीने आनंद विहार टर्मिनल के कुलियों ने श्री गांधी से मिलने की इच्छा जताई थी। श्री गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा को आगे बढ़ाते हुए उनसे मुलाक़ात की। बातचीत के दौरान कुछ ने बताया कि वे बीमारी के बावजूद काम करने को मजबूर हैं। कुछ इंजीनियरिंग की डिग्री लेकर भी कुली का काम कर रहे हैं।

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ.पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

**सम्मेलन**

**हिन्द प्रशांत देशों के सेना प्रमुखों का सम्मेलन संपन्न**

# सेना प्रमुख चुनौतियों का मिलकर समाधान करने पर सहमत

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** हिन्द प्रशांत देशों के सेना प्रमुखों ने खुले और समावेशी हिन्द प्रशांत क्षेत्र की पुरजोर वकालत करते हुए इस क्षेत्र में सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान की दिशा में मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है।

भारत और अमरीका की सेनाओं ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र के सेना प्रमुखों के 13 वें द्विवार्षिक सम्मेलन की यहां संयुक्त रूप से मेजबानी की थी। सोमवार को शुरू हुआ यह सम्मेलन बुधवार को संपन्न हो गया।

सम्मेलन के दौरान विभिन्न मंचों तथा सत्रों में हिन्द प्रशांत क्षेत्र पर व्यापक चर्चा हुई और इसमें सभी देशों ने नियमों पर आधारित व्यवस्था वाले खुले और समावेशी हिन्द प्रशांत की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विभिन्न स्तर पर विविधता देखने को मिलती है। सभी ने क्षेत्र की चुनौतियों का मिलकर समाधान करने की दिशा में प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की।




सम्मेलन में 30 देशों ने हिस्सा लिया जिनमें 18 देशों के सेना प्रमुख और 12 देशों के प्रतिनिधिमंडल शामिल थे। सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधियों ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में 'शांति और स्थिरता' को बढ़ावा देने के प्रयासों पर चर्चा के साथ–साथ सुरक्षा और आपसी हित के समसामयिक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया।

### 30 देशों ने हिस्सा लिया

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दिया और हिन्द प्रशांत क्षेत्र की जटिल चुनौतियों से मिलकर निपटने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे समृद्ध, सुरक्षित और समावेशी भविष्य को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022 | www.deshbandhu-mp.com

# देश-विदेश

## अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जुड़ेंगे कुल्लू व शिमला

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हवाई सेवा को विस्तार प्रदान करते हुए कुल्लू और शिमला को अमृतसर से जोड़ने वाले दो नए हवाई मार्ग शीघ्र ही शुरू किए जाएंगे। कुल्लू-अमृतसर-कुल्लू मार्ग पर उड़ानें प्रथम अक्तूबर, 2023 से शुरू की जाएंगी। यह उड़ानें सप्ताह में तीन बार, विशेष रूप से सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होंगी। शिमला-अमृतसर-शिमला हवाई मार्ग पर प्रथम नवंबर, 2023 से सप्ताह में तीन बार हवाई सेवाएं संचालित की जाएंगी।

# 14 देशों के 40 खालिस्तानियों ने वॉशिंगटन में की खुफिया बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सितंबर के पहले सप्ताह में अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में दुनिया भर के 14 मुल्कों से आए खालिस्तानी चरमपंथियों की एक बड़ी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का आयोजन भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से समूची दुनिया में खालिस्तान को लेकर भारत के विरोध में बड़ी साजिश रचने के लिए किया गया था।

खालिस्तान को लेकर खतरनाक मंसूबों वाली एक बड़ी बैठक सितंबर के पहले सप्ताह में अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में की गई। इस बैठक में दुनिया के चौदह देशों के 40 खालिस्तानी चरमपंथियों ने शिरकत की। इस दौरान बैठक में मौजूद चरमपंथियों ने तय किया कि खालिस्तान की आवाज उठाने और जनमत संग्रह में सिखों को शामिल करने के लिए हर तरह के खतरनाक कदम तक उठाने होंगे। गुपचुप तरीके से वॉशिंगटन में आयोजित की गई इस बैठक की जानकारी केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के हाथों लगी है। जानकारी के मुताबिक उन देशों में खालिस्तानी चरमपंथियों के प्रभाव को और बढ़ाने की बात कही गई, जहां पर अभी तक सिख समुदाय इस तरह के विवाद में बिल्कुल नहीं पड़ा है। तकरीबन 87 देश में अपनी खतरनाक खालिस्तान मुहिम को बढ़ावा देने के लिए मिशन सिख जॉइंट को आगे बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा हुई है।

केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सितंबर के पहले सप्ताह में अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में दुनिया भर के 14 मुल्कों से आए खालिस्तानी चरमपंथियों की एक बड़ी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का आयोजन भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से समूची दुनिया में खालिस्तान को लेकर भारत के विरोध में बड़ी साजिश रचने के लिए किया गया था। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के सूत्रों को मिले इनपुट के हवाले से पता चला कि सितंबर के पहले सप्ताह आयोजित की गई इस बैठक में अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, हांगकांग, पुर्तगाल, इटली, स्विट्जरलैंड, डेनमार्क, सिंगापुर और केन्या से आए 40 खालिस्तानी चरमपंथियों ने तकरीबन दो दिन तक बैठक में मंथन किया कि किस तरह से खालिस्तान की आवाज को दुनिया के अलग-अलग देश में रह रहे सिख कम्युनिटी में बढ़ाया जाए। भले इसके लिए कितनी भी खतरनाक प्लानिंग क्यों ना करनी पड़े।

खुफिया एजेंसियों के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस दौरान बैठक में जुटे 40 खतरनाक चरमपंथियों ने मिशन सिख जॉइंट

### 87 देशों के लिए रची खतरनाक साजिश

के नाम से बड़े अभियान को आगे बढ़ाने की खतरनाक तरीके से साजिश रचनी शुरू की।

जानकारी के मुताबिक कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के 14 प्रमुख खालिस्तान चरमपंथियों ने प्रस्ताव रखा कि जिन देशों में सिख समुदाय रहता है, वहां पर खालिस्तान की मांग और उसके लिए किए जाने वाले जनमत संग्रह को और बढ़ाने की आवश्यकता है। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान वॉशिंगटन की इस बैठक में खालिस्तान चरमपंथी एमआर धालीवाल भी मौजूद था।

खुफिया एजेंसी को मिली जानकारी के मुताबिक इस बैठक में तय किया गया कि दुनिया के तकरीबन 87 देश में रह रहे सिखों की हर छोटी बड़ी आबादी में खालिस्तान के लिए माहौल बनाया जाए। सूत्रों के मुताबिक जिस मिशन को वॉशिंगटन इस बैठक में आगे बढ़ाने की रणनीतियां बनाई गई हैं, वह बेहद खतरनाक हैं।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी को मिले इनपुट के आधार पर पता चला है कि शुरुआती दौर में जिन देशों के लिए यह खतरनाक साजिश की जा रही है, वहां पर सिखों को भावनात्मक रूप से अपने साथ जोड़ने की पहली रणनीति शामिल है। जानकारी के मुताबिक सिखों के उत्पीड़न से लेकर भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के बाद हुई त्रासदी पर भावनात्मक रूप से सभी सिखों को जोड़ने की बात कही गई है। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान तय यही हुआ है कि जिस तरह कनाडा में गुरुद्वारों के माध्यम से सिखों के बीच में खालिस्तान की बात पहुंचाई जा रही है, ठीक उसी तर्ज पर दुनिया के अलग-अलग देश में इसे आधार बनाकर आगे बढ़ाया जाना चाहिए। इसमें ऑडियो वीडियो और चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से खालिस्तानियों ने खतरनाक मंसूबों को आगे बढ़ाने की साजिश रची है।

जानकारी के मुताबिक खालिस्तानी आतंकी गुरु पतवंत सिंह पन्नू समेत मोनिंदर सिंह बुआल, परमिंदर सिंह पंगली और भगत सिंह बराड़ जैसे लोगों ने न सिर्फ कनाडा बल्कि वॉशिंगटन में भी लगातार साजिशों को अंजाम देने की तैयारी कर रखी हैं। कनाडा में तो बाकायदा भारत के खिलाफ खालिस्तान मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए पंजाब के युवाओं को ह्यूमन ट्रैफिकिंग के माध्यम से बुलाने की खतरनाक साजिशें रचनी शुरू कर दी थीं, जो अभी भी चल रहीं हैं।

इसके लिए बाकायदा संगठित तरीके से पंजाब के मासूम युवाओं को कनाडा में अच्छी जिंदगी जीने का सपना दिखा कर वहां प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर और गुरुद्वारों में सेवादार, पंथी और रागी के लिए बुलाने की पूरी रणनीति बनाई थी।

केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक इसी रणनीति के तहत खालिस्तान समर्थकों ने पंजाब से बड़ी संख्या में युवाओं को ऐसे ही पदों के लिए वीजा लगवाने की और उनको स्पॉन्सरशिप के माध्यम से बुलाने की योजनाएं शुरू कीं। सूत्रों का कहना है कि इस तरह अवैध रूप से या तो नाम बदलकर और गलत तरीके की प्रक्रिया अपनाकर फर्जी तरीके से लोगों को नौकरी का ऑफर लेटर भेज कर बुलाया जा रहा था। (साभार)

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**न्यायपालिका में भी....** स्मृति चिन्ह भेंट कर राष्ट्रपति का स्वागत किया। जस्टिस शील नागू ने राज्यपाल को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इससे पहले डुमना एयरपोर्ट पर राज्यपाल मंगू भाई पटेल, सीएम शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगू भाई पटेल में कहा कि मैं चाहूंगा कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट भी अपने आदेशों को हिंदी में सुनाने की दिशा में पहल करें।

कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमठ ने कहा कि मैं चाहता हूं कि मेरे राज्य यानी मध्यप्रदेश का न्याय सिस्टम सबसे अच्छा हो, ताकि लोगों के साथ अन्याय ना हो सके। न्याय सिस्टम को ठीक करने के लिए हर दिन, हर घड़ी, हर पल मेहनत करना पड़ता है, ताकि भविष्य में अच्छा रिजल्ट देख पाएं।

**सीएम शिवराज बोले- 134 साल तक भवन की जरूरत ना पड़** - कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि 134 साल पुरानी हाईकोर्ट की बिल्डिंग थी। इसकी आवश्यकताएं भी बदल गई। बिल्डिंग के लिए माइक्रो प्लानिंग की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम ऐसा न्याय भवन बनाएंगे जो कि आने वाले 134 साल तक फिर भवन की जरूरत ना पड़े। मुख्यमंत्री ने चीफ जस्टिस और अन्य न्यायाधीश से मांग की है कि जिस तरह से कोविड के समय ऑनलाइन सुनवाई होती थी, उसी तरह टेक्नोलॉजी और नई व्यवस्थाओं के साथ फैसला लेना चाहिए, यह सोचना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो गंभीर मामले हैं, उन पर किस तरह शीघ्र न्याय मिल सके, इस पर भी विचार किया जाना चाहिए।

**ऐसा होगा हाईकोर्ट का नया भवन** - हाईकोर्ट का भवन 9 मंजिला होगा। दो बेसमेंट बनेंगे। नए भवन में कुल 60 कोर्ट रूम बनाने का प्रस्ताव है। पहले चरण में 31 कोर्ट रूम बनाए जाएंगे। नया भवन 1 लाख 14 हजार 108 वर्ग मीटर में निर्मित किया जाएगा। इस बिल्डिंग के लिए विधि विभाग ने अगस्त 2023 को 460 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी थी। दोनों बेसमेंट में करीब 400 कारों की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। नौ मंजिला बिल्डिंग के प्रत्येक तल में कोर्ट रूम के अलावा वकीलों और सरकारी वकीलों सहित पक्षकारों की सुविधा के लिए आवश्यक सभागार भी बनेंगे।

**मध्यप्रदेश को मिला....**बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने राज्य के सभी स्मार्ट शहरों में किए जा रहे कार्यों से जुड़े लोगों की सराहना भी की। साथ ही सर्वश्रेष्ठ केन्द्र शासित प्रदेश का पुरस्कार प्राप्त करने के लिए चंडीगढ़ और राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर दूसरा स्थान प्राप्त करने के लिए तमिलनाडु तथा संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी बधाई दी। राष्ट्रपति ने अलग-अलग श्रेणियों में 66 पुरस्कार विजेता स्मार्ट शहरों और राज्यों को पुरस्कार वितरित किये तथा बधाई दी।

समारोह को राज्यपाल मंगुभाई पटेल, केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब गौरवान्वित हैं कि मध्यप्रदेश को देश में सर्वश्रेष्ठ राज्य होने का तमगा हासिल हुआ है। प्रदेश की जनता इसके लिये बधाई की पात्र है। पुरस्कृत स्मार्ट शहरों और उनके नागरिकों को भी बधाई। मध्यप्रदेश विकास की दिशा में नये आयाम तय कर रहा है। स्मार्ट नागरिकों के सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता मिशन की शुरूआत की।

समूचे देश ने उनका साथ दिया। हमनें भी मध्यप्रदेश में शहर-शहर जाकर नागरिकों से संवाद किया और इसे जन-आन्दोलन बनाया। यही कारण है कि आज मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

## अनंतनाग में वाहन में हुए विस्फोट में 8 लोग जख्मी

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार सुबह एक वाहन के अंदर विस्फोट से 8 बिहारी श्रमिक झुलस गए और कुछ दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। यह घटना डूरू अनंतनाग के लारकीपोरा बाजार में घटी। पुलिस ने बताया कि मजदूरों के साथ लोड कैरियर में ले जाई जा रही सीमेंट मिक्स सेटलिंग वाइब्रेशन मशीन, बगल के पोर्टेबल जेनरेटर और तेल के टिन के डिब्बे में विस्फोट हो गया। पुलिस ने बताया कि 8 मजदूर झुलसकर घायल हुए हैं जिनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# निज्जर की हत्या में आईएसआई का हाथ!

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच तल्खियां लगातार बढ़ती जा रही हैं. अब निज्जर की हत्या को लेकर नया खुलासा हुआ है. आशंका जताई जा रही है कि निज्जर की हत्या में ढ्ढस्ढ्ढ का हाथ है. खुफिया एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक, ढ्ढस्ढ्ढ ने भाड़े के क्रिमनल्स से निज्जर की हत्या करवाई है. दरअसल, पाकिस्तान भारत और कनाडा के बीच रिश्तों को खराब करना चाहता है.

जानकारी के मुताबिक, आईएसआई निज्जर पर दबाव बना रही थी कि पिछले 2 सालों में कनाडा में जो गैंगस्टर आए हैं, वह उनको पूरी तरीके से सहयोग करे, जबकि निज्जर का झुकाव खालिस्तान के पुराने नेताओं के

### भारत और कनाडा के रिश्ते खराब करने की पाकिस्तानी साजिश का खुलासा

प्रति था. खुफिया एजेंसियों के सूत्रों का मानना है कि ढ्ढस्ढ्ढ को जब लगा कि निज्जर बात नहीं मान रहा है, तो यह डबल क्रॉस साजिश रची गई. निज्जर की हत्या के बाद आईएसआई अब उसके रिप्लेसमेंट की तलाश कर रहा है. आईएसआई कनाडा में भारत विरोधी खालिस्तान आतंकी समर्थकों का बड़ा जलसा निकालने की भी तैयारी कर रहा है. खालिस्तानी आतंकी निज्जर की इस साल जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. निज्जर पर गुरुद्वारे के पार्किंग में गोलियां बरसाई गई थीं. पिछले दिनों कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या के पीछे भारतीय एजेंट्स का हाथ बताया था. हालांकि, भारत ने इन आरोपों को गलत और प्रेरित बताया था.

अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट ने हाल ही में निज्जर की हत्या को लेकर एक रिपोर्ट छापी है. अखबार ने एक 90 सेकेंड के सीसीटीवी वीडियो और वहां मौजूद चश्मदीदों के हवाले से लिखा है कि निज्जर की हत्या में कम से कम छह लोग शामिल थे. हत्या में दो कारों का इस्तेमाल किया गया था. अखबार ने चश्मदीदों के हवाले से दावा किया है कि निज्जर पर 50 गोलियां दागी गई थीं।


## न्यायालय कलेक्टर (नजूल) दमोह म.प्र.

-:विज्ञप्ति:-

**राजस्व प्रकरण क्रमांक 029 बी-121 वर्ष 2023-24**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, दमोह के द्वारा सिविल वार्ड नंबर 07 दमोह में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु नजूल शीट नंबर 63 से 77 प्लाट नंबर 147/1/1 में से रकबा 11968 वर्गफुट (1/2 एकड़) भूमि आवंटित किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय विचाराधीन है। यदि उपरोक्त भूमि स्थाईलीज पर सामुदायिक भवन निर्माण हेतु आवंटित किये जाने में किसी व्यक्ति/संस्था/भूमि से हित रखने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह स्वयं लिखित अथवा विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में नियत सुनवाई दिनांक 11/10/2023 को सुबह 12:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, इसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जा सकेंगी। आज दिनांक 27/09/2023 को न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
दमोह


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


## आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पाला चौरई

पंजीयन क्रमांक 250 दिनांक 15/11/1976
क्र/आमसभा/2023 दिनांक 15/09/2023

**वार्षिक आमसभा की सूचना**

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पालाचौरई के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 29/09/2023 दिन शुक्रवार को दोपहर 12 बजे संस्था कार्यालय भवन पालाचौरई में आयोजित की गई है उक्त दिनांक को निर्धारित समय एवं स्थान को वार्षिक आमसभा में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। आमसभा की विषय सूची समिति कार्यालय में देखी जा सकती है।

**श्रीमति अलका मानिकदिवे**
**प्रशासक-आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पालाचौरई**

**श्री सुनील डोलेकर**
**आ.जा.सेवा सहकारी समिति मर्यादित पालाचौरई**

**प्रबंधक - लैम्पस, पाला चौरई**



## कार्यालय-कृषि उपज मण्डी समिति, जबेरा जिला दमोह (म.प्र.)

दूरभाष नं.-07606-255216 ई-मेल-awmjabdam-mp@nic.in, apmcjabera@gmail.com

क्रमांक / मंडी/ निर्माण / विज्ञप्ति / 2023-24 /184 जबेरा, दिनांक 27/09/2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति जबेरा के मण्डी प्रांगण जबेरा एवं उपमण्डी प्रांगण तेन्दूखेड़ा में स्थित केन्टीन को किराये पर संचालन के लिए म.प्र. राज्य कृषि उपज मण्डी (भूमि एवं संरचना आवंटन नियम 2009 ) के संचालन हेतु इच्छुक व्यक्तियों / व्यवसायियों से दिनांक 09-10-2023 सायं 5.30 बजे तक धरोहर राशि रूपये 44500 (चवालीस हजार पांच सौ रू.) की एफ.डी. आर. जो कि सचिव कृषि उपज मंडी समिति जबेरा के नाम से देय हो सहित सीलबंद प्रस्ताव / निविदायें, तीन लिफाफा पद्धति में जिसमे प्रथम लिफाफे में निर्धारित एफ.डी.आर., द्वितीय लिफाफे में निविदा प्रपत्र एवं तृतीय लिफाफे में प्रथम तथा द्वितीय लिफाफा रखकर तृतीय लिफाफे के उपर केन्टीन आबंटन हेतु निविदा लिखकर केवल पंजीकृत डाक/ स्पीडपोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित निविदा प्रपत्र (आवेदन ) व शर्ते दिनांक 09-10-2023 तक अवकाश दिवस को छोडकर कृषि उपज मंडी समिति जबेरा से राशि रूपये 2000-00 (दो हजार रूपये) नगद जमाकर प्राप्त किये जा सकते है। निर्धारित दिनांक 12-10-2023 तक प्राप्त निविदायें दिनांक 13-10-2023 को समय दोपहर 12.00 बजे मंडी कार्यालय जबेरा में उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेंगी। विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | भवन / संरचना का नाम, जिसका आवंटन किया जाना है, एवं निर्मित स्थल | संख्या | धरोहर राशि | न्यूनतम निर्धारित प्रीमियम राशि | निर्धारित न्यूनतम वार्षिक किराया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 1-केन्टीन भवन मंडी प्रांगण जबेरा<br>2- उपमण्डी प्रांगण तेन्दूखेड़ा | 01<br>01 | 44,500 (चवालीस हजार पांच सौ रू.) | 89000/- रूपये | अधिकतम बोली (निविदा की राशि) वार्षिक किराया होगी जो मासिक किश्तों में देय होगी। |

**प्रमुख शर्तें**- 1. उच्चतम प्रस्ताव / निविदा बोली देने वाले व्यक्ति को मंडी समिति से लिखित सूचना प्राप्त होने के 07 दिवस के अंदर केन्टीन की प्रीमियम राशि दिये गये प्रस्ताव (निविदा) अनुसार जमा करनी होगी, एवं शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार इसी समयावधि के अंदर किरायेदारी का अनुबंध निष्पादित कर केन्टीन का आधिपत्य प्राप्त करना होगा अन्यथा जमा की गयी धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी। 2. शेष अन्य नियम व शर्ते अवकाश दिवस को छोडकर दिनांक 09-10-2023 तक देखी व प्राप्त की जा सकती है। 3. मंडी समिति द्वारा निर्धारित शर्तानुसार केन्टीन भवन में कृषकों / हम्मालों/ तुलावटियों हेतु संचालित 5/- रूपये थाली भोजन योजना का संचालन केन्टीन संचालन के साथ किया जाना अनिवार्य होगा। 4. केन्टीन के मासिक किराये राशि के साथ शासन द्वारा अधिरोपित जी.एस.टी. की राशि पृथक से देय होगी।

**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मंडी समिति जबेरा जिला-दमोह**

**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति जबेरा जिला-दमोह**



## न्यायालय अपर कलेक्टर (रांझी) जबलपुर

**क्रमांक 101/अपर कले./ रांझी/2023**
**जबलपुर, दिनांक 5/9/2023**

**आम इश्तहार**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निर्मल कौर पति अमर जी सिंह अहलुवालिया निवासी- कचनार कॅसल साउथ सिविल लाइन, जबलपुर द्वारा सिविल स्टेशन नजूल ब्लॉक नं. 22 प्लाट नं. 1/4JHA कुल रकवा 1000 वर्गफुट आवासीय भूमि स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन किये जाने हेतु म.प्र. शासन राजस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल क्रमांक एफ-6-75-2019- सात- शा. तीन भोपाल दिनांक 24 सितंबर 2020 म.प्र. नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश अध्याय 8 के प्रारुप 15 में ओवदन किया गया है। उक्त भू-खण्ड पर शासकीय अभिलेखों में आवेदक का नाम दर्ज है।

प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर इस न्यायालय में प्रचलित कार्यवाही के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर सूचना जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय अपर कलेक्टर रांझी जबलपुर के कक्ष क्रमांक 42 में लिखित रुप में अपना पक्ष/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। तदोपरांत प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

र.नं. 1291

**अपर कलेक्टर**
**जबलपुर**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद् धनपुरी जिला- शहडोल (म.प्र.)

क्रमांक/न.पा. /लो.नि./2023-24/1203 धनपुरी दिनांक - 27.09.2023

ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1198/27.09.2023 2023_UAD_ 312667_1 | Inviting Tender for Eradication of Carrot grass in Rainy Season at Different places like schools, Anganbadi, Hospitals, Road, Drain and Public places all 28 wards under Nagar Palika Dhanpuri area. (Second Call) | 45 दिन 9.50 लाख | 2000/- एवं 9500/- | 04.10.2023 तक |

**नोट**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद धनपुरी, जिला- शहडोल म.प्र.**



## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी, म.प्र.

क्रमांक/2148/लो.नि.वि./निर्माण/2023 कटनी, दिनांक 21/09/2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 311732_1 | कटनी नगर के विभिन्न वार्डो डब्ल्यु बी.एम सड़कों की मरम्मत कार्य | 31/03/2024 तक 13.75 लाख | 2,000.00 10335.00 | 11/10/2023 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:/mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**कार्यपालन यंत्री,**
**वास्ते- आयुक्त नगरपालिक निगम, कटनी**



## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे मुवक्लि/पक्षकार श्री रामकिशोर गुप्ता पिता स्व. श्री बैनी प्रसाद गुप्ता निवासी- 460, फूटाताल दुर्गाचौक जबलपुर के निर्देशानुसार उपरोक्त आम सूचना प्रकाशित करा रहा हूं कि मौजा- सूरतलाई, प.ह. सूरतलाई, तहसील पनागर जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 17/1 कुल रकवा 0.9070 हेक्टेयर भूमि जो कि भूमिस्वामी विवेक रंजन श्रीवास्तव पिता एस. के. श्रीवास्तव के नाम से दर्ज है, के विरुद्ध मेरे पक्षकार द्वारा कमिश्नर न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई है, जिसका प्रकरण क्रमांक 0159/अपील/ 2023-24 है, जिसकी सुनवाई कमिश्नर न्यायालय में लंबित है, अत: आम जन को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, अनुबंध या रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का निष्पादन न करें। अन्यथा जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

**कमलेश तिवारी**
**अधिवक्ता म.प्र. हाईकोर्ट जबलपुर**
**आफिस 445 विजय नगर,**
र.नं. 1280 **घड़ी चौक जबलपुर**



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, कोठी रोड, सिविल लाईस, सतना (म.प्र.)

PHONE No. 07676-299470 E-mail:-dpepiusatna2@gmail.com

एनआईटी नं.- 25/ 2023/ केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/2207 रीवा, दिनांक 28.08.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| सं. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_ PWPIU_ 304656_1 | शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगहा जिला सतना में सी.एम. राईज स्कूल भवन का निर्माण कार्य सह जलप्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण (प्रथम आमंत्रण) | सतना | 2574.24 | 1287120.00 | 50000 | 18 माह | हां |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 04/09/2023 समय 10.00 से दिनांक 30/09/2023 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, सतना**

G-20369/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।



## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर (सा.) वनमण्डल, बालाघाट म.प्र.

E-mail: dfotnbghat@mp.gov.in Telephone No. : (07632) 247044

GeM Bid Year 2023-24

वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट के अंतर्गत विभागीय परिसंपत्तियों का संधारण मद से वन विश्राम गृह परसवाड़ा में विशेष मरम्मत कार्य किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य स्वीकृत प्राक्कलन में निर्धारित मापदण्ड अनुसार कान्ट्रेक्टर अथवा उनके अधिकृत विक्रेताओं से निम्नानुसार GeM Bid के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

सामग्री का विवरण

| क्र. | GeM Bid No. | सामग्री का नाम | स्थल | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2023/B/3979038 Dt. 19-09-2023 | Building Maintenance Service Work | वन विश्राम गृह परसवाड़ा | 15000 |

उपरोक्त कार्य से संबंधित निविदा / Bid में अधिरोपित नियम / शर्तें, कार्य का प्राक्कलन Bid के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

**वनमण्डलाधिकारी**
**उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट**

G-20351/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।



## नाम परिवर्तन

मैं नसीरुद्दीन कुरैशी पिता नन्हें खान कुरैशी पता म.नं. 2613/ए सेठीनगर, डीआईजी ऑफिस के सामने, जबलपुर, कथन करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नं. जे 8000412 में मेरा नाम नसीरुद्दीन पिता नन्हें खान कुरैशी लिखा है जिसे मैंने बदलकर नसीरुद्दीन कुरैशी पिता नन्हें खान कुरैशी कर लिया है।

अत: मुझे नसीरुद्दीन कुरैशी पिता नन्हें खान कुरैशी के नाम से जाना व लिखा जावे।

पूर्व नाम- नसीरुद्दीन
पिता- नन्हें खान कुरैशी
परिवर्तित नाम- नसीरुद्दीन कुरैशी
पिता नन्हें खान कुरैशी

# देश-प्रदेश

उवाच

## क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध हों न्यायालय के निर्णय : राज्यपाल



**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट भवन के शिलान्यास के अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि कोर्ट न्याय का मंदिर होता है जहाँ निष्ठा के साथ लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूत बनाया जाता है। उन्होने कहा कि भारत ही ऐसा देश है जहाँ नि:शुल्क कानूनी सलाह की व्यवस्था है। सुराज का आधार न्याय ही होता है। अंग्रेजी के साथ क्षेत्रीय भाषाओं में भी निर्णय उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास करें। जेलों में विचाराधीन व्यक्ति जो सामान्यत: गरीब परिवार के होते हैं उन्हें प्राथमिकता दें और कार्य संस्कृति और नवाचारों को आगे बढ़ायें। उन्होंने कहा कि पूर्ण सुविधायुक्त न्याय का मंदिर बने जहाँ कोई निर्दोष को दंड न मिले।


मुख्यमंत्री ने जबलपुर को दी हजारों करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

# प्रदेश की तीसरी मेट्रो सिटी बनेगा जबलपुर

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर शहर को हजारों करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात दीं। उन्होंने कहा कि जबलपुर विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने 155 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित किये गये फ्लाई-ओवर के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने जबलपुर शहर में 5 हजार करोड़ रूपये की लागत से 116 किलोमीटर के रिंग रोड निर्मित किये जायेंगे। जबलपुर में 1100 करोड़ की लागत से बनने वाले फ्लाई-ओवर्स से शहर की तस्वीर बदल जायेगी। जबलपुर को इंदौर और भोपाल के बाद मेट्रो सिटी के रूप में विकसित किया जायेगा। यहाँ मेट्रो का जाल बिछाया जायेगा, जो इसके विकास में अहम भूमिका निभायेगा।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जबलपुर को सौगातें देते हुए कहा कि यहाँ 450 करोड़ रूपये की लागत से एयरपोर्ट टर्मिनल, 300 करोड़ रूपये की लागत से रेल्वे स्टेशन, 200 करोड़ रूपये की लागत से टेक्नालॉजी सेंटर, 200 करोड़ रूपये की लागत से आई.टी. पार्क, 125 करोड़ रूपये की लागत से मदन महल टर्मिनल, 100 करोड़ रूपये की लागत से जियोलॉजिकल पार्क और 48 करोड़ रूपये की लागत से रियल साइंस सेंटर बनेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मदन महल के प्रस्तावित संग्रहालय में वीरांगना रानी दुर्गावती की 52 फीट ऊँची प्रतिमा स्थापित होगी। इसके साथ ही 100 करोड़ की लागत से रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक भी बनेगा, जो उनके शौर्य और वीरता के साथ आन-बान-शान का प्रतीक होगा। आज लोकार्पित किया गया फ्लाई-ओवर वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम से जाना जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जबलपुर में बरेला को तहसील तथा मझगवाँ को नगर पंचायत बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार सभी के विकास के लिये निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाकर प्रतिमाह बहनों के खाते में राशि अंतरित की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास से छूट गई बहनों के लिये मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में पक्के मकान बनाये जायेंगे। समारोह में लोक निर्माण एवं जिले के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव, सांसद राकेश सिंह, विधायक अशोक रोहाणी, सुश्री इंदु तिवारी, सुश्री नंदिनी मरावी, मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जामदार, जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष वरकड़े सहित आमजन और जन-प्रतिनिधि मौजूद रहे।



# महाराणा प्रताप स्मारक का भोपाल में शिलान्यास आज

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम रोड में आज 28 सितंबर को प्रात: 10 बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा महाराणा प्रताप स्मारक का शिलान्यास किया जायेगा। यह स्मारक राजधानी के हृदय स्थल में स्मार्ट सिटी क्षेत्र में विकसित किये जा रहे भव्य महाराणा प्रताप लोक प्लाट क्र. 44 में विकसित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि- यह भव्य महाराणा प्रताप लोक रूप में पहचाना जायेगा और उनकी वीरता तथा राष्ट्रप्रेम को प्रदर्शित करता रहेगा।

चुनावी मिशन में जुटे प्रधानमंत्री मोदी

# 5 राज्यों का करेंगे तूफानी दौरा



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पांच राज्यों मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़, राजस्थान,तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनाव की तिथियों के ऐलान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन राज्यों का तूफानी दौरा करेंगे। उनकी नजर खासकर मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़ और तेलंगाना पर है,जहां भाजपा की चुनावी संभावनाएं फिलहाल बेहतर नहीं है। प्रधानमंत्री इस माह के आखिर में यानि 30 सितम्बर को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले का दौरा करेंगे और वहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा तीन अक्टूबर को वे जगदलपुर में रहेंगे और वहां भी जनसभा को करेंगे।

सूत्रों की माने तो आगामी एक अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी तेलंगाना के दौरे पर होंगे और महबूबनगर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके एक दिन बाद ही यानि तीन अक्टूबर को वे फिर से तेलंगाना पहुंचेंगे और निजामाबाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। वही मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री पहले से ही अपनी ताकत झोंक रहे हैं। 25 सितम्बर को भोपाल में एक जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। अब दो और पांच अक्टूबर को वे फिर से सूबे के दौरे पर होंगे और कई जनसभाओं व रैलियों को संबोधित करेंगे।

इस साल के आखिर में इन सभी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। हालांकि अभी तक चुनाव तिथियों की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन माना जा रहा है कि 14 अक्टूबर के बाद चुनाव आयोग कभी भी इन राज्यों के लिए चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। इससे पहले प्रधानमंत्री इन सभी राज्यों में कई बड़ी रैलियों व जनसभाओं को संबोधित करेंगे। अगले साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं,इस लिहाज से पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को बेहद अहम माना जा रहा है।

### गुजरात को बदनाम करने की साजिश हुई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अहमदाबाद साइंस सिटी में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20वें एनिवर्सरी प्रोग्राम में शामिल हुए। मोदी ने अपने संबोधन में गुजरात का मुख्यमंत्री रहते आईं चुनौतियों पर बात की। मोदी ने 2001 से पहले गुजरात में आए अकाल, फिर भूकंप और गोधरा ट्रेन की घटना और राज्य में फैली हिंसा के बाद के हालात की चर्चा की। उन्होंने कहा- तब कुछ लोग एजेंडा के तहत गुजरात को दुनिया में बदनाम करने की साजिश रच रहे थे।

छग सरकार ने मीडियाकर्मियों के लिए शुरू की

# ललित सुरजन आवास ऋण अनुदान योजना



**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ सरकार ने वरिष्ठ पत्रकार स्व. ललित सुरजन के नाम से संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना लागू की है। योजना के तहत मीडिया कर्मियों को अधिकतम 30 लाख रुपए के आवास ऋण तक ब्याज अनुदान दिया जाएगा। योजना का लाभ 1 अप्रैल 2023 के बाद से खरीदे गए मकान पर हितग्राहियों दिया जाएगा। योजना का लाभ केवल आवासीय ऋण पर ही मिलेगा।

जनसंपर्क विभाग ने इस योजना के संबंध में बनाए गए नियमों का राजपत्र में प्रकाशन किया है। जिसके तहत प्रतिनिधि द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से अधिसूचित वित्तीय संस्थाओं एवं सहकारी बैंकों से लिए गए आवास ऋण पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्ष तक दिया जाएगा। न्यूनतम 5 वर्ष से छत्तीसगढ़ में निवास कर दैनिक समाचार पत्र तथा न्यूज चैनल्स में पंजीकृत समाचार एजेंसियों की संपादकीय शाखा में कार्यरत पूर्ण कालिक, अंशकालिक संचार प्रतिनिधि तथा अधिमान्यता नियमों की अर्हतादायी शर्तों को पूरा करने वाले न्यूज पोर्टल्स के संपादक और स्वतंत्र पत्रकार योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।


**कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

क्र./जविप्रा/तक./2023/6041 जबलपुर, दिनांक 27/09/2023

**अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य की ऑनलाईन निविदा ई-प्रक्यूरमेंट सिस्टम पर आमंत्रित की जा रही है। कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण के निम्न कार्य का विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | यो. क्र. | कार्य का विवरण | निविदा राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | पंजीयन श्रेणी तथा ऊपर | समयावधि (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 प्रथम आमंत्रण | योजना क्र. 05 विला परिसर अंतर्गत फेंसिंग एवं शेड संबंधी कार्य | 2,98,000.00 | 5960.00 | 2000.00 | केन्द्रीयकृत | 1 माह |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर दिनांक 27.09.2023, प्रात: 01.00 PM निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) क्रय किये जा सकेंगे। निविदा दिनांक 04.10.2023 के सायं 5.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय की जा सकती है। निविदा ऑनलाईन भरने की तिथि 04.10.2023 के 05.00 तक एवं निविदा लिफाफा 'सी' (दर) खोले जाने की तिथि 05.10.2023 निर्धारित है। ऑनलाईन निविदा में उल्लेखित अनिवार्य प्रपत्रों की प्रतिपूर्ति पूर्ण होने उपरांत ही दर लिफाफा 'सी' खोला जावेगा। विस्तृत निविदा विवरण, नियम/शर्ते व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। निविदाकार का जी.एस.टी. नंबर होना अनिवार्य है। निविदा में जो भी संशोधन होंगे, वे उपरोक्त वेबसाईट पर ही अपलोड किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किये जायेंगे। शेष नियम, शर्तों व अन्य विवरण का अवलोकन उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। वर्तमान तक जारी समस्त संशोधित नियम / परिपत्र आदि भी मान्य होगा ।

**कार्यपालन यंत्री**
**जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**


केजरीवाल के बंगले की मरम्मत का मामला

# सीबीआई ने दर्ज किया मामला

- विजिलेंस ने 52.71 करोड़ खर्च करने की दी थी रिपोर्ट
- आप ने बताया, भाजपा की साजिश



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले की मरम्मत मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। जांच एजेंसी ने बुधवार को मामला दर्ज किया है। 12 मई को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने उनके बंगले और इसके कैम्पस में बने कार्यालय की मरम्मत को लेकर उपराज्यपाल विनय सक्सेना को एक रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने बताया था कि बंगले पर 52.71 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

इसके बाद 18 जून को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने पीडब्ल्यूडी के 7 अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्हें 15 दिन के अंदर अपना जवाब देना था। इस मामले पर आम आदमी पार्टी का कहना है कि भाजपा हमारी पार्टी को खत्म करने की पुरजोर कोशिश कर रही है। अब वे (भाजपा) केजरीवाल पर लगाम लगाना चाहते हैं, इसलिए सभी एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, उनके साथ 2 करोड़ दिल्लीवासियों का आशीर्वाद है। उन पर अब तक 50 से ज्यादा मामले दर्ज कर जांच की जा चुकी है। तब कुछ नहीं मिला और अब भी कुछ नहीं मिलेगा। भाजपा चाहे जितनी जांच करा ले, केजरीवाल हमेशा आम आदमी की भलाई के लिए लड़ते रहेंगे। नोटिस के मुताबिक, केजरीवाल के बंगले के पुराने ढांचे को बिना सर्वे रिपोर्ट के ढहा दिया गया था। पीडब्ल्यूडी ने नए भवन के निर्माण के लिए किसी भवन योजना की मंजूरी भी नहीं ली थी। मुख्यमंत्री के घर का निर्माण उनके अधिकारों का उल्लंघन कर किया गया है। उनका घर मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तय पैरामीटर से बहुत बड़ा है। विजिलेंस डिपार्टमेंट की 12 मई की रिपोर्ट के मुताबिक, केजरीवाल के घर पर 33.49 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। वहीं 19.22 करोड़ रुपए उनके ऑफिस पर खर्च हुए।

## पीएम विश्वकर्मा योजना में 1.40 लाख से अधिक आवेदन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने बुधवार को कहा कि दस दिनों के भीतर, पीएम विश्वकर्मा योजना को 1.40 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। श्री राणे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पीएम विश्वकर्मा योजना की सफलता की जानकारी देते हुए लिखा कि पीएम विश्वकर्मा योजना प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी दूरदर्शी दृष्टि का परिणाम है। योजना के शुभारंभ के दस दिनों के भीतर 1.40 लाख से अधिक आवेदनों का आना योजना की सफलता और महत्व का प्रमाण है।

गृहमंत्री और दिल्ली पुलिस से कार्रवाई की मांग की

# दानिश को मिल रही जान से मारने की धमकियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) सांसद कुंवर दानिश अली ने बुधवार को कहा कि संसद में जबसे उनके ख़िलाफ़ भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सांसद रमेश बिघुड़ी की ओर से आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है तब से उन्हें नफरत भरे संदेश और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। अमरोहा के लोकसभा सांसद ने अभद्र भाषा लिखे एक स्क्रीन शॉट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स'पार साझा करते हुए आज लिखा, पिछले शुक्रवार को संसद में हुए प्रकरण सामने आने के बाद से कुछ लोग नफरत भरे संदेश भेज रहे हैं और मुझे जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। उम्मीद है दिल्ली पुलिस संज्ञान लेगी और उचित कार्रवाई करेगी। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह और दिल्ली पुलिस को टैग करके कार्रवाई की मांग की है। चंद्रयान -3 की सफलता पर लोकसभा में चर्चा के दौरान श्री बिधूड़ी ने श्री अली के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसके लिए हालांकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माफी मांग ली थी।

संसद में अभद्र टिप्पणी करने वाले

## बिधूड़ी को भाजपा ने सचिन पायलट के जिले का प्रभारी बनाया

संसद में अभद्र टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्हें सचिन पायलट के जिले टोंक का प्रभारी बनाया गया है। बिधूड़ी दिल्ली की दक्षिण दिल्ली सीट से लोकसभा सदस्य हैं। संसद के विशेष सत्र के दौरान उन्होंने सदन में बीएसपी सांसद दानिश अली पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिसकी विपक्षी दलों ने खूब निंदा की थी।बाद में भाजपा ने भी बिधूडी को नोटिस दिया। बिधूड़ी को 15 दिन में इस नोटिस का जवाब देना है उससे पहले ही पार्टी ने उन्हें टोंक का प्रभारी बना दिया है।

## पटनायक के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**भुवनेश्वर।**ओडिशा विधानसभा में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया जिसे लेकर सदन में जोरदार हंगामा हुआ। भाजपा के मुख्य सचेतक मोहन माझी ने पटनायक पर विपक्ष पर हमला करने और विधानसभा की गरिमा को कम करने का आरोप लगाया। आरोप के अनुसार मुख्यमंत्री ने 25 सितम्बर को सदन में अपने स्वत: संज्ञान बयान में विपक्षी दलों को कथित तौर पर जनविरोधी कहा था। इस मुद्दे को लेकर भाजपा पटनायक से माफी की मांग कर रही है। शून्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश करते हुए माझी ने आरोप लगाया कि पटनायक ने विपक्षी दलों का अपमान किया है और सदन और सदस्यों की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। मांझी ने मांग की कि मुख्यमंत्री 25 सितम्बर को सदन में दिए अपने बयान के लिए सदन से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि पटनायक ने 25 सितम्बर को सदन में एक बयान में कहा था कि विपक्ष जनविरोधी है और लोग उन्हें करारा जवाब देंगे।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./ सं. क्र.11/19-20/.. दि.22/9/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती माया रजक पत्नी स्व. श्री भगवानदास रजक ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 1900/1 डिफेन्स कालोनी साऊथ सिविल लाईन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 44502009, 1000400541 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1600 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 1500 व.फु. आरसीसी द्वितीय तल 130 व.फु. सीमेंट शीट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री स्व. भगवानदास रजक पिता सुखलाल रजक का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार आनन्द कुमार शुक्ला आत्मज स्व. नारायण प्रसाद शुक्ला निवासी 870 जे.डी.ए. स्कीम नं. 9 राजीव गांधी वार्ड नं. 31 शांति नगर दमोह नाका जबलपुर एवं 1. मोहित तिवारी, आत्मज स्व. श्री महेश तिवारी, निवासी गली न.5 प्लाट नं.85, शांति नगर (सी.आर. के. गुप्ता के मकान में, दमोह नाका, जबलपुर मोबा.नं. 9244058832 2. अजय तिवारी (कमिश्नर), पिता स्व. श्री बल्लू तिवारी, पता घोड़ा नक्काश के पास मिलौनीगंज में हनुमानताल चढ़ाई के बीच जबलपुर मोबा.नं. 9926350350 के मध्य ख.नं. 152/1 प्लाट नं. 276 ग्राम माढोताल प्लाट ऐरिया 30 फुट बाई 50 फुट के बाबत् निष्पादित मुख्यारनामा दिनांक 26.06.2023, आज दिनांक से सदा के लिये निरस्त किया जाता हैं, अत: कोई भी व्यक्ति / संस्था उक्त मुख्यारनामा के आधार पर मोहित तिवारी एवं अजय तिवारी से उक्त सम्पत्ति के बाबत किसी प्रकार का संव्यवहार ना करें अन्यथा ऐसा संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा और उत्पन्न विवादों के लिये उक्त व्यक्ति/ संस्था स्वयं जिम्मेदार जबावदार होगा।
जबलपुर,
दिनांक ......

**मनीष दुबे (एडवोकेट)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय**
**आफिस- 1447, रानी दुर्गावती वार्ड, गढ़ा जबलपुर**
**मो.नं.-9755039264**
र.नं. 1292

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रमेश चंद्र अग्रवाल पिता स्व. दुर्गा प्रसाद, प्रो. पोद्दार ज्वेलर्स म.नं. 122/2, आदि अपार्टमेंट के सामने राईट टाउन, जबलपुर, म.प्र. के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के छोटे भाई सुरेश चन्द्र अग्रवाल की दुकान न्यू पोद्दार ज्वेलर्स एवं मेरे छोटे भाई के परिवार से मेरा कोई संबंध नहीं है और पारिवारिक संबंध भी नहीं है न किसी भी प्रकार का कोई लेन देन है। वर्तमान एवं भविष्य में मेरे छोटे भाई सुरेश चन्द्र अग्रवाल एवं उनके परिवार द्वारा किसी भी प्रकार का कोई लेन देन या कोई कृत्य किया जात है तो मेरा एवं मेरे परिवार की कोई जवाबदारी/ भागीदारी नहीं रहेगी।
दिनांक 27/09/2023

**अनीता विश्वकर्मा (एडवोकेट)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय**
**आफिस- 368, पूर्वी बेलबाग, घमापुर रोड, जबलपुर**
**मो.नं.-9329420094**
र.नं. 1293

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/181 दिनांक 27.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गरिमा पुष्कर पति श्री राहुल अग्निहोत्री ने मकान नं. 303/डी-चौथा-403 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती चतुर्थ तल 820 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/169 दिनांक 27.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री किशोर समदड़िया 2. श्रीमती विभा समदड़िया 3. श्री अजीत समदड़िया 4. श्री पवन समदड़िया पिता श्री अजीत समदड़िया ने मकान नं. 1354/1 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 3390 व.फु. भूतल 1090 व.फु. प्रथम तल 1090 व.फु. द्वितीय तल 1090 व.फु. तृतीय तल 1090 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है।जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/171 दिनांक 27.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री किशोर समदड़िया 2. श्रीमती विभा समदड़िया 3. श्री अजीत समदड़िया 4. श्री पवन समदड़िया पिता श्री अजीत समदड़िया ने मकान नं. 1354/2 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 3390 व.फु. भूतल 1090 व.फु. प्रथम तल 1090 व.फु. द्वितीय तल 1090 व.फु. तृतीय तल 1090 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है।जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/172 दिनांक 27.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री किशोर समदड़िया पिता श्री केशरीचंद समदड़िया 2. श्रीमती विभा समदड़िया पिता श्री किशोर समदड़िया ने मकान नं. 1353 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 1751 व.फु. भूतल 1090 व.फु. प्रथम तल 1090 व.फु. द्वितीय तल 1090 व.फु. तृतीय तल 1090 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/170 दिनांक 27.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री अजीत समदड़िया पिता स्व. श्री केशरीचंद समदड़िया 2. श्री पवन समदड़िया पिता श्री अजीत समदड़िया ने मकान नं. 1354, 1355 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 1752 व.फु. भूतल 1090 व.फु. प्रथम तल 1090 व.फु. द्वितीय तल 1090 व.फु. तृतीय तल 1090 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/180 दिनांक 27.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नियाजुल खान पिता स्व. श्री जहूरूल खान ने मकान नं. 84 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 646 व.फु. भूतल 546 व.फु. शपथ पत्र/ विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**GENERAL NOTICE**

NOTICE is hereby given that Annual General Meeting of members of Chouksey Entertainment Ltd will be held on Saturday, 30th day of September 2023, at 11 A.M. at Regd Office of the CO. (address as given above) to transact the business as contained in Notice dated 03.09.2023 which has already been posted to all the members of the CO. at their registered addresses. NOTICE is also given U/s 91 of the CO. Act, 2013, that Register of Members and Share Transfer Book of the CO. will remain closed till the date of AGM 30.09.2023.

PLACE:JABALPUR
DATE : 27.09.2023
BY ORDER OF THE BOARD
(VIVEK CHOUKSEY)

**पालिसी गुमी**

**पालिसी संख्या 356206144 जो कि श्री प्रमोद कुमार गुप्ता के जीवन पर है के द्वारा प्रतिरुप पालिसी बनाने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। इस बावत किसी को भी आपत्ति हो या जानकारी हो तो कृपया 15 दिनों के अंदर भारतीय जीवन बीमा निगम, नगर शाखा क्र. 1 सिविक सेन्टर, जबलपुर में संपर्क करें।**

**दिनांक : 27.09.2023**

वरि. शाखा प्रबंधक
भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा क्र.1
सिविक सेंटर, मढ़ाताल, जबलपुर

देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 28 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## सांसदी से विधायकी की भाजपायी उलटबांसी

भारतीय जनता पार्टी प्रयोगों के नये दौर से गुजर रही है। दुनिया में नेतृत्व व जनप्रतिनिधित्व का विकास नीचे से ऊपर तरफ होता है। कतिपय अपवादों को छोड़कर अपने कार्यकर्ताओं को ग्राम पंचायत या पार्षद स्तर से विधायकी और फिर वहां से सासंदी का रास्ता दिखलाया जाता है लेकिन भाजपा में उल्टी धारा बह रही है। इसी नवम्बर में जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं उनमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ भी हैं। दोनों राज्यों के अब तक जितने उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है उनमें अनेक ऐसे हैं जो साफ तौर पर भाजपायी प्रयोग के गिनीपिग बनाये जा रहे हैं। ये सांसद हैं लेकिन उन्हें विभिन्न विधानसभाई सीटों पर लड़ाया जा रहा है। कुछ तो मंत्री भी हैं। संसद सदस्यों को राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये उतारना साबित करता है कि भाजपा के पास मुद्दों के साथ-साथ चेहरों की भी कमी है। हालांकि कई राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इसके पीछे पार्टी के सर्वेसर्वा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके प्रमुख सहयोगी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुनियोजित चाल हो सकती है। देखना होगा कि यह कदम आत्मघाती साबित होता है या सफलता दिलाएगा।

छत्तीसगढ़ की पहले बात कर लें! यहां भाजपा बेहद कमजोर स्थिति में है जहां 90 सीटों वाले सदन में उसके केवल 14 सदस्य हैं। यहां जिन प्रत्याशियों के नामों का ऐलान हो गया है, उनमें दुर्ग से लोकसभा में पहुंचे विजय बघेल को उनके चाचा व प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन क्षेत्र से उतारा गया है। यह सीट दुर्ग की 8 विधानसभा सीटों में से एक है। राज्यसभा के सदस्य रामविचार नेताम सरगुजा क्षेत्र की रामानुजगंज सीट से चुनाव लड़ेंगे। रायपुर (शहर) सीट पर वर्तमान विधायक श्रीचंद सुंदरानी के साथ ही राजधानी के पूर्व महापौर सुनील सोनी का नाम सबसे आगे चल रहा है जो इस वक्त रायपुर के सांसद हैं। बिलासपुर सीट का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले अरूण साव भाजपा के अध्यक्ष हैं जिनके बारे में कहा जा रहा है कि उन्हें बिलासपुर विधानसभा सीट से लड़ाया जा सकता है ताकि जीत की स्थिति में (जो वर्तमान परिदृश्य में दूर की कौड़ी है) उनका ओबीसी चेहरा काम आ सके और भूपेश बघेल का यह चुनाव प्रचार के दौरान जवाबी नाम भी हो। छत्तीसगढ़ की पिछले मुख्यमंत्रियों के समय से यह परम्परा बनी है कि जो पार्टी अध्यक्ष बहुमत दिला सके वही सीएम बन सकता है। 2003 में डॉ. रमन सिंह को सीएम पद इसलिये मिला था क्योंकि उन्हीं के नेतृत्व में भाजपा जीती थी। ऐसे ही, भूपेश बघेल की अध्यक्षता में कांग्रेस जीती जिसके बाद उनकी इस पद की दावेदारी पर पार्टी हाईकमान की मुहर लगी थी। देखना होगा कि अरूण साव को टिकट थमाई जाती है या नहीं और अगर ऐसा होता है तो क्या साव इस मौके को अपने लिये भुना पायेंगे? छत्तीसगढ़ की केन्द्रीय मंत्रिमंडल में एकमात्र प्रतिनिधि सरगुजा लोकसभा क्षेत्र की सांसद रेणुका सिंह हैं। क्या उन्हें भी छग में किसी सीट पर विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये कहा जायेगा? अब तक इसका खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि अभी काफी सीटों पर नाम घोषित होने बकाया हैं।

खैर, मध्यप्रदेश का मसला और भी दिलचस्प है। पेचीदा भी। छग में तो भाजपा के पास खोने के लिये कुछ नहीं है परन्तु मप्र में तो पूरी सरकार ही उसकी झोली से सरक सकती है। वैसे भी पिछली बार कांग्रेस की ही सरकार बनी थी। कमलनाथ के नेतृत्व में वह डेढ़ साल चली भी परन्तु ज्योतिरादित्य सिंधिया की अगुवाई में दर्जन भर से ज्यादा विधायकों को तोड़कर अपने पक्ष में लेते हुए शिवराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी थी। इस लिहाज से यह पराजित पार्टी की सरकार है। इस बीच सरकार के खिलाफ जन आक्रोश तगड़ा है। वहां तीन तरह की भाजपा बतलाई जाती है- शिवराज की, महाराज की (सिंधिया) और नाराज की (असंतुष्टों की)। यहां पीएम व शाह के लगातार दौरे हो रहे हैं लेकिन हालत सुधरने के नाम नहीं ले रहे हैं। उल्टे, कांग्रेस सतत मजबूत हो रही है। ज्योतिरादित्य के निकटस्थ कई लोग कांग्रेस में लौट चुके हैं। पिछले हफ्ते मोदी जब आये तो उन्होंने मंच पर शिवराज से जो व्यवहार किया तथा सम्बोधन के दौरान उनका नाम तक नहीं लिया, उससे कुछ साफ संकेत मिल रहे हैं। कहा जा रहा है कि चौहान साहब अब मोदी के विश्वासपात्र नहीं रहे। उन्हें निपटाने के लिये ही मोदी-शाह ने तीन केन्द्रीय मंत्रियों- प्रह्लाद पटेल, नरेन्द्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते समेत 7 सांसदों को विधानसभा सीटों की टिकटें थमाकर राज्य में भेज दिया है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित, जो कभी खुद ही प्रत्याशी तय करते थे, अब इंदौर-1 से चुनाव लड़ेंगे। कहा जाता है कि मप्र भाजपा के सामने मुद्दों के साथ चेहरों के भारी अभाव के ही चलते भाजपा ने इतने सांसदों को उतारा है। अब भाजपा को बहुमत मिलता है तो मुख्यमंत्री पद के लिये और हारती है तो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिये बड़ों के बीच घमासान तय है। मजेदार बात यह है कि अब तक खुद शिवराज सिंह चौहान की उम्मीदवारी का अता-पता नहीं है। अगर वे चुनावी मैदान में नहीं उतारे जाते तो किसके चेहरे पर पार्टी चुनाव लड़ेगी, यह सवाल भी बड़ा है। स्थानीय चेहरे के अभाव में यह चुनाव अपने आप मोदी की छवि और उन्हीं के चेहरे पर लड़ा जायेगा। पराजय सामने दिख रही है, तो ऐसे में क्या मोदी अपना नाम राज्य इकाई को उधार देंगे? रणनीति की यह उलटबांसी भाजपा के लिये वरदान बनती है या कयामत- देखना दिलचस्प होगा।

# सरकार की अंतरात्मा कहां है?

**दुनियादारी**

**■ सर्वमित्रा सुरजन**

> **अदालत ने राज्य की अंतरात्मा और संवेदनशीलता का जिक्र तो किया है, लेकिन सवाल यही है कि क्या इस वक्त भाजपा सरकार में अंतरात्मा की आवाज सुनी जाती है या किन्हीं और ही आवाजों के निर्देश पर काम हो रहा है। अंतरात्मा जैसी कोई चीज सरकार में है नहीं या फिर राहुल गांधी की बात ही सही है कि ये सरकार रिमोट कंट्रोल से चल रही है।**

कुछ दिनों पहले की घटना है। उत्तरप्रदेश में एक स्कूल में शिक्षिका ने एक मुस्लिम बच्चे को कथित तौर पर उसके ही सहपाठियों से थप्पड़ लगवाए थे। बच्चे एक-एक करके आ रहे थे और उस रोते हुए बच्चे को थप्पड़ मार कर जा रहे थे। इस घटना का वीडियो भी बनाया गया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एक धक्का और तर्ज की पर उस शिक्षिका को वीडियो में ये कहते हुए सुना गया कि थोड़ा और जोर से मारो। इस मामले ने बड़ा विवाद खड़ा किया। शिक्षिका ने अपनी सफाई दी, वहीं ये भी पता चला कि बच्चे के पिता ने अपने बच्चे को उस स्कूल से निकाल लेने का फैसला किया, कुछ किसान नेताओं ने पिटने वाले और पीटने वाले बच्चों को आपस में गले मिलवाकर मामले को खत्म करवाने की कोशिश भी की। इस बीच वो मासूम किस मानसिक पीड़ा से गुजर रहा होगा, इसकी परवाह व्यापक समाज करे, इतनी फुर्सत शायद नहीं है। क्योंकि समाज तो सरकार के रचे नित नए मायाजाल में ही फंसता जा रहा है। नए संसद भवन में प्रवेश, सत्ता का राजदंड सोने का भारी-भरकम सेंगोल, आसमान छूती मूर्तियों का अनावरण, आडंबर से भरे पूजा-पाठ, ट्रेनों, बसों को हरी झंडी दिखाना, चुनाव को ध्यान में रखते हुए नए-नए विधेयक पारित करवाना, जी-20 की तड़क-भड़क, ऐसे कई किस्म के जगर-मगर करते इवेंट भाजपा सरकार में किए जा रहे हैं और इनकी चकाचौंध के बीच समाज में कालिमा बढ़ाने वाली घटनाएं हो रही हैं। उप्र में स्कूल में बच्चे को उसके ही सहपाठियों से पिटवाना ऐसी ही एक घटना थी। इस मामले को रफा-दफा करने की तमाम कोशिशों के बीच इसे सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचाया गया, जहां न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने सुनवाई के दौरान जांच के तरीकों और दर्ज एफआईआर में पिता के लगाए आरोप हटाने को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस को फटकार लगाई है।

पीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है। जिस तरह की यह घटना हुई है उससे राज्य की अंतरात्मा को झकझोर देना चाहिए। अदालत ने राज्य की अंतरात्मा और संवेदनशीलता का जिक्र तो किया है, लेकिन सवाल यही है कि क्या इस वक्त भाजपा सरकार में अंतरात्मा की आवाज सुनी जाती है या किन्हीं और ही आवाजों के निर्देश पर काम हो रहा है। अंतरात्मा जैसी कोई चीज सरकार में है नहीं या फिर राहुल गांधी की बात ही सही है कि ये सरकार रिमोट कंट्रोल से चल रही है। राजा की जान तोते में बसी होने की कहानी समाज ने सुनी है, वैसे ही सरकार के प्राण आखिर किस रिमोट कंट्रोल में है और वो रिमोट कंट्रोल किसके पिंजरे में है, ये भी तो जनता को पता होना चाहिए। सरकार के पास अंतरात्मा होती तो अब तक न जाने कितनी बार हिल चुकी होती। अभी तो जैसा हाल देश का है, उसमें यही समझ आ रहा है कि अंतरात्मा को या तो पूरी तरह कुचल दिया गया है, या उसे किसी तहखाने में दबा दिया गया है। भाजपा सरकार अगर अंतरात्मा की आवाज सुनने लगे तो उन आवाजों का शोर इतना अधिक होगा कि सरकार का चैन उड़ जाएगा। अंतरात्मा की आवाज सुनने का मतलब सच और इंसाफ की राह पर निकल पड़ना है, जाहिर है सरकार इस वक्त इसके लिए तैयार नहीं है। जिस उत्तरप्रदेश के मामले में अदालत ने यह सख्त टिप्पणी की, उसी राज्य में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने लव जिहाद, धर्मांतरण और इसके साथ लैंड जिहाद का मुद्दा छेड़ दिया है। लव जिहाद और धर्मांतरण की बात तो देश बहुत समय से सुनता आया है, अब इसमें लैंड जिहाद भी जोड़ा गया है, इसमें मुस्लिमों पर आरोप लगाया जाता है कि मजार, मस्जिदें बनाने के नाम पर मुस्लिम जमीनों पर कब्जे करते जा रहे हैं। देश में किसी भी पीपल, नीम, इमली, बरगद या आंवले के पेड़ के नीचे या बीच चौराहे पर किसी पत्थर पर केसरिया रंग पोतकर उसे सिद्धि वाले मंदिर कितने बनाए गए हैं, इसकी कोई गिनती नहीं है। नवरात्रि और गणेश चतुर्थी जैसे मौकों पर सड़कें घेर कर धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं, लोगों की आवाजाही, कामकाज, पढ़ाई, कारोबार सब बाधित होते हैं, तब कोई तकलीफ नहीं होती, तब किसी को लैंड या सैंड या ट्री जिहाद दिखाई नहीं दिया। मगर अब मुस्लिमों को निशाने पर लेने के लिए ये नए किस्म का जिहाद गढ़ दिया गया है। संघ प्रमुख ने अपने लोगों से कहा कि इसको रोकने के लिए तेजी से और आक्रामक ढंग से अभियान चलाने की ज़रूरत है।

भाजपा ने अपने शासन की मजबूती दिखाने के लिए कानून व्यवस्था से अधिक बुलडोजर के इस्तेमाल पर भरोसा किया, इससे पहले डबल इंजन सरकार का मुहावरा चलाया गया और अब संघ प्रमुख आक्रामक अभियानों की बात कह रहे हैं। क्या भाजपा इस बात का जवाब दे पाएगी कि यहां किस किस्म की आक्रामकता की वकालत की जा रही है। अखलाक और नासिर-जुनैद जैसे लोगों को मारने जैसी आक्रामकता, मुस्लिम बच्चे को पिटवाने और नूंह में दंगे करवाने जैसी आक्रामकता, ट्रेन में कपड़ों से पहचान कर मारने जैसी या फिर संसद में गालियां देकर शाब्दिक हिंसा करने जैसी आक्रामकता। संघ की निगाह में ये सारे प्रकरण पिछले साढ़े 9 सालों के मोदी राज की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में शुमार हो सकते हैं।

इन्हीं से हिंदुओं को ये समझ आया है कि अब उनका हिंदुत्व सुरक्षित है। क्योंकि जिस हिंदुत्व की पैरवी संघ करता आया है, और जो भाजपा की सत्ता का मूल मंत्र है, उसमें ऐसी ही आक्रामकता ऑक्सीजन का काम करती रही है। जब तक ऐसी आक्रामकता नहीं थी और देश में सब कुछ संविधान के हिसाब से चल रहा था। मंदिर-मस्जिद के झगड़ों के बीच भी समाज में जिहाद जैसे शब्दों के लिए ज्यादा जगह नहीं बनी थी। लोग ईद, दीवाली जैसे त्योहार बिना आक्रामक हुए मनाते थे। त्योहारों में खुशियां आती थीं, तनाव नहीं होते थे। धार्मिक काम सद्भाव की छांव में हो जाते थे, पुलिस के पहरों में नहीं। और खास बात ये है कि तब समाज में हिंदुओं के एक बड़े तबके के सामने यह सवाल खड़ा ही नहीं हुआ था कि उसका धर्म सुरक्षित है या नहीं। लेकिन भाजपा ने धर्म की असुरक्षा का एक भाव बड़ी चालाकी से लोगों के मन में भर दिया। इससे धर्म सुरक्षित हुआ या अधर्म बढ़ा, इसका विश्लेषण लोग अपने विवेक से कर लें, लेकिन इतना तय है कि धर्म को असुरक्षित बताकर भाजपा ने अपनी सत्ता की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली। और भाजपा की सत्ता को संरक्षित करने का काम कुछेक उद्योगपतियों ने कर लिया। राहुल गांधी इन्हीं के हाथों में सत्ता का रिमोट कंट्रोल होने की बात कहते हैं। इसलिए माननीय अदालत की टिप्पणी का पूरा सम्मान करते हुए यह तथ्य रेखांकित किया जाना चाहिए कि भाजपा में आत्मा, परमात्मा, अंतरात्मा जैसी कोई अवधारणाएं काम नहीं कर रही हैं। अगर ज़मीर जिंदा होता तो फिर नकली आंसू निकालने के लिए नकली बहाने गढ़ने की जरूरत नहीं पड़ती। तब मणिपुर में महीनों से चल रही हिंसा को सरकार देख कर भी चुप नहीं बैठती। मित्रो के हवाईजहाज में इतना ईंधन तो आ ही जाता, जो सरकार बहादुर को मणिपुर तक ले जाता। या कि संसद में गालियां देने वाले रमेश बिधूड़ी के खिलाफ लोकतंत्र की मानहानि का मुकदमा दर्ज करा दिया जाता और उतनी ही तेजी से उन्हें संसद से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता, जिस तेजी से राहुल गांधी को संसद से निकाला गया था। ज़मीर जिंदा होता तो सरकार के कामों के बूते भाजपा चुनावी मैदान में उतरती, और विपक्ष का सम्मान करते हुए चुनाव लड़ती।

लेकिन अभी श्री मोदी इंडिया गठबंधन को घमंडिया के अलावा और कौन से नए नाम देकर उसे कमतर साबित करें, कैसे गांधी-नेहरू परिवार की आलोचना करें, कैसे खुद ग्यारहवें अवतार के तौर पर साबित करें, इन्हीं प्रयासों में जुटे नजर आ रहे हैं। इन कोशिशों के बीच अंतरात्मा के सवाल पर सोचने का अवकाश उनके या भाजपा के नेताओं के पास कहां हैं। अंतरात्मा को जिंदा रखा जाता तो देश के हाल देखकर उसमें हलचल होती, अन्याय और उत्पीड़न देकर वह हिल जाती, लेकिन अभी अंतरात्मा और आक्रामकता के बीच भाजपा दूसरे पक्ष को चुनती दिखाई दे रही है।

## भाजपा ने खुली रखी है मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री की कुर्सी की दावेदारी



एल एस हरदेनिया

> **यह सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं का दावा करने वाली पार्टी की अंदरूनी हार पर पक्की मुहर है। यह सांसदों के विकास के 'खोखले दावों' की पोल खोलता है। उन्होंने कहा, 'भाजपा को यह अहसास होना चाहिए कि लोग सब कुछ जानते हैं, जनता उनसे 18 साल के कुशासन का हिसाब लेगी।' चुनावी राज्य मध्यप्रदेश के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर सबसे तीखा हमला बोला।**

एक आश्चर्यजनक और नाटकीय कदम में, भाजपा ने तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सांसदों को राज्य में स्थानांतरित कर दिया, और उन्हें आगामी चुनावों में मध्यप्रदेश में विधानसभा के लिए लड़ने के लिए कहा। पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस कदम के दोहरे उद्देश्य हैं। पार्टी को लगता है कि इस बार उसकी स्थिति डांवाडोल है और इसलिए वह ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारना चाहती है जिनकी जीत सौ फीसदी तय मानी जाये। दूसरे, अगर मुख्यमंत्री बदलना हो तो इस पद के लिए अनुभवी नेता उपलब्ध हों। गौरतलब है कि यह नाटकीय बदलाव तब किया गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रैलियों को संबोधित करने के बाद भोपाल से रवाना हुए।

सांसदों के अलावा, एक और आश्चर्यजनक समावेशन कैलाश विजयवर्गीय का है। वह पार्टी के महासचिव का कार्यभार संभाल रहे हैं। इससे पहले वह राज्य विधानमंडल के सदस्य थे। 2018 के विधानसभा चुनाव में उनकी जगह उनके बेटे को टिकट दिया गया था। भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों की दूसरी सूची में सात सांसद शामिल हैं। पहली और दूसरी दोनों सूचियों में 39-39 उम्मीदवार, कुल 78 उम्मीदवार शामिल हैं।

सूची में तीन केंद्रीय मंत्री - नरेंद्र सिंह तोमर (कृषि), जो भाजपा राज्य चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख हैं, प्रह्लाद सिंह पटेल (खाद्य प्रसंस्करण और जलशक्ति मंत्रालय में राज्यमंत्री) और फग्गन सिंह कुलस्ते (इस्पात और ग्रामीण विकास में राज्यमंत्री) हैं। चार लोकसभा सांसद - पूर्व राज्य भाजपा प्रमुख राकेश सिंह, गणेश सिंह, रीति पाठक और उदय प्रताप सिंह भी नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

इस सूची में कम से कम चार नाम शामिल हैं, जिन्हें कभी न कभी संभावित मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में देखा गया है। यदि भाजपा जीतती है, तो शीर्ष पद के लिए कई दावेदार होने की संभावना है। 2000 के बाद से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ही भाजपा सरकार और संगठन का एकमात्र चेहरा रहे हैं।

तोमर को मुरैना की दिमनी विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। वह दो बार राज्य भाजपा प्रमुख रहे और तीन बार ग्वालियर और मुरैना लोकसभा सीटों से सांसद रहे। तोमर 2014 से नरेंद्र मोदी सरकार के दिग्गजों में से एक हैं, जिनके पास ग्रामीण विकास और पंचायती राज, खान, इस्पात, आवास और शहरी मामले, कृषि और किसान कल्याण जैसे प्रमुख विभाग हैं। वह 2003 से 2008 तक राज्य में कैबिनेट मंत्री रहे।

प्रह्लाद सिंह पटेल, जो दमोह से सांसद हैं, नरसिंगपुर विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में उनके भाई और दो बार के विधायक जालिम सिंह पटेल कर रहे हैं। प्रह्लाद बालाघाट और दमोह से पांच बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में उन्हें छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के खिलाफ मैदान में उतारा गया था, जिसमें वह 63,708 वोटों से हार गये। मंडला से छह बार सांसद रहे कुलस्ते को निवास आदिवासी आरक्षित सीट से मैदान में उतारा गया है। उन्हें मध्यप्रदेश में बीजेपी का सबसे प्रमुख आदिवासी चेहरा माना जाता है।

भाजपा की दूसरी सूची पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा- यह तथ्य कि उन्होंने लोकसभा से अपने दिग्गजों को चुना है, यह दर्शाता है कि उन्होंने पहले ही हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने ट्वीट किया, 'मध्यप्रदेश में हार स्वीकार कर चुकी भाजपा ने आज उम्मीद का आखिरी झूठा दांव खेला है। भाजपा उम्मीदवारों की सूची भाजपा सरकार के 18.5 साल और शिवराज शासन के 15 साल से अधिक के विकास के दावों को खारिज करती है।'

यह सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं का दावा करने वाली पार्टी की अंदरूनी हार पर पक्की मुहर है। यह सांसदों के विकास के 'खोखले दावों' की पोल खोलता है। उन्होंने कहा, 'भाजपा को यह अहसास होना चाहिए कि लोग सब कुछ जानते हैं, जनता उनसे 18 साल के कुशासन का हिसाब लेगी।'

चुनावी राज्य मध्यप्रदेश के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर सबसे तीखा हमला बोला। पार्टी कार्यकर्ताओं की एक विशाल बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की तुलना जंग लगे लोहे से की और कहा कि अगर वह विधानसभा चुनाव जीतती है तो वह मध्यप्रदेश को फिर से 'बीमारू' राज्य की श्रेणी (बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, और उत्तरप्रदेश) में ले जायेगी। कांग्रेस ने नारों से लेकर नीतियों तक, शहरी नक्सलियों तक सब कुछ आउटसोर्स कर दिया है, उन्होंने कहा।

छह महीने में मध्यप्रदेश के अपने सातवें दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, कांग्रेस ने भारत के 'लोकतंत्र' को वंशवाद शासन में बदल दिया है। उन्होंने मतदाताओं से विकास को चुनने का आग्रह किया और कहा, 'जहां भी कांग्रेस गई है, उसने उस राज्य को नष्ट कर दिया है'।

भाजपा के पितामह पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित भाजपा रैली ने अपनी जन आशीर्वाद यात्रा के समापन का प्रतीक बनाया, जिसने राज्य के 230 विधानसभा क्षेत्रों में से 210 से होते हुए गुजरा।

विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक को 'घमंडिया गठबंधन' कहते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने महिला आरक्षण विधेयक का 'झिझक' के साथ समर्थन किया क्योंकि उनके पास कोई रास्ता नहीं था। 'उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वे नारी शक्ति की शक्ति को समझती थीं। पिछले नौ वर्षों में महिलाएं सशक्त हुई हैं और इन दलों में महिला आरक्षण बिल का विरोध करने की हिम्मत नहीं थी। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मोदी का मतलब है गारंटी को पूरा करने की गारंटी' इसलिए बिल पास हुआ।'

उन्होंने केंद्र में सत्ता में रहते हुए इस विधेयक को पारित नहीं होने देने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि अगर 'मौका दिया गया' तो विपक्षी गठबंधन आसानी से इससे पीछे हट सकता है।

### पावन प्रसंग

## तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने की आवश्यकता

व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहे तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अत: स्वस्थ रहें और यह समझ लें कि स्वास्थ्य ही जीवन का सबसे बड़ा धन है।

मनुष्य यदि स्वस्थ नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और न ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। तन के स्वस्थ रखने के साथ मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता है। इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में प्रचार प्रसार कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का निश्चय लेकर आगे बढ़ना होगा। फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा। शुरुआत शारीरिक फिटनेस से, फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव, फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।

स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वत: दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाले खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर आदि बीमारियों से बचा जा सकता है।

हिंदुस्तान में हृदय रोग, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अत: जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्विट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ्य अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं।

**संजीव ठाकुर**

### आपके पत्र

## बदल रहा है पीर पंजाल में पर्यटन का दौर

जब भी प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन की बात आती है तो लोगों के दिल और दिमाग में एकमात्र नाम कश्मीर की वादियों का आता है. इसमें कोई दो राय नहीं है कि कश्मीर को कुदरत ने अपने हाथों से संवारा है। लेकिन बहुत कम लोगों को मालूम है कि जम्मू के पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिलों से लगे पीर पंजाल के खूबसूरत पहाड़ और इन पहाड़ों से गुजरने वाले ऐतिहासिक मुगल राजमार्ग भी किसी सुंदरता से कम नहीं है. स्थानीय स्तर पर इसे मिनी कश्मीर भी कहा जाता है। लेकिन इसके बावजूद इसे कभी भी वह दर्जा हासिल नहीं हुआ जो कश्मीर की वादियों को मिलता रहा है।

लेकिन 'सबका साथ, सबका विकास' के नारों ने अब समूचे परिदृश्य को बदलना शुरू कर दिया है। पिछले कई वर्षों से पर्यटन मानचित्र से गायब पीर पंजाल का क्षेत्र वर्तमान में पर्यटन विकास की राह पर चल पड़ा है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर में संपन्न हुए जी 20 पर्यटन समूह की सफल बैठक के बाद पूरी दुनिया की निगाहें इस जन्नत-ए-बेनजीर की ओर बढ़ने लगी हैं, वहीं पीर पंजाल और चिनाब क्षेत्र में भी पर्यटकों का आगमन शुरू हो गया है। जिसका ताजा उदाहरण हाल के दिनों का है, जब पुंछ के जिला विकास आयुक्त ने पीर पंजाल क्षेत्र में ट्रैकिंग के नए क्षेत्रों और पर्यटक स्थलों की खोज के लिए इंडिया हाइक्स (ट्रैकर्स) की एक टीम भेजी है। वहीं इससे पहले स्थानीय युवाओं के एक ट्रैकिंग ग्रुप ने न केवल पीर पंजाल की ऊंची चोटियों का भ्रमण किया, बल्कि कुछ नए पर्यटक स्थलों की भी खोज की, जिससे पर्यटन की असीम संभावनाएं बढ़ गई हैं. इसके अलावा जम्मू के पुंछ और राजौरी जिलों में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं जो सराहनीय हैं।

पीर पंजाल में कितने पर्यटक स्थल हैं या उनका इतिहास क्या है? इसकी सूची बनाने के लिए एक लंबे लेख की आवश्यकता होगी। मगर जम्मू-कश्मीर में जी 20 शिखर सम्मेलन ने इस पीर पंजाल क्षेत्र के लिए पर्यटन के कई सारे द्वार खोल दिए हैं। इस दिशा में जहां केंद्र सरकार की कई सारी नीतियां कारगर साबित हो रही हैं, वहीं इस केंद्रशासित प्रदेश के मुखिया एलजी मनोज सिन्हा की भूमिका भी सराहनीय है जो स्वयं इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने में विशेष रुचि ले रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में पुंछ के जिला विकास आयुक्त यासीन मुहम्मद चौधरी और पुंछ विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. मुहम्मद तनवीर भी सम्मान और बधाई के पात्र हैं। जिनकी देखरेख में न केवल पूरे जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, बल्कि पुंछ जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील मंडी के पांच गांवों को पर्यटन गांव भी घोषित किया गया है। इसके अलावा पुंछ जिले की प्रसिद्ध नदी सुरन नदी में पहली बार राफ्टिंग की पहल, जाभी में लोक उत्सव का आयोजन, विभिन्न स्थानों पर ट्रैकिंग, पुंछ और मंडी में कई जगहों पर सेल्फी पॉइंट की स्थापना, सीमा पर बसे गांव अजोट में सेना द्वारा 70 फीट ऊंचा तिरंगा का फहराना और विशेष पर्यटन हॉट स्पॉट बनाने की योजना तैयार करना जैसे सराहनीय पहल शामिल हैं।

आने वाले दिनों में हम पीर पंजाल के पर्यटन क्षेत्र में और अधिक विकास की बहार देखेंगे। बहरहाल, इससे उम्मीद की जा सकती है कि निश्चित रूप से आने वाले कुछ वर्षों में पीर पंजाल के क्षेत्र में न केवल विकास होगा बल्कि रोजगार के नए अध्याय भी खुलेंगे जो यहां के बेरोजगार युवाओं के लिए आजीविका का साधन भी बनेंगे। जरूरत इस बात की है कि पीर पंजाल में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने में जरा भी लापरवाही न बरती जाए, क्योंकि पहले ही बहुत देर हो चुकी है।

**सैयद अनीस उल हक, पुंछ, जम्मू**




अदम्य साहस, स्वाभिमान और राष्ट्र प्रेम को समर्पित

# महाराणा प्रताप स्मारक

का

# शिलान्यास

मुख्यमंत्री

## शिवराज सिंह चौहान

द्वारा

28 सितम्बर, 2023 I प्रातः 10:30 बजे


टी.टी. नगर स्टेडियम रोड, भोपाल



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

"शौर्य, स्वाभिमान और पराक्रम के जीवंत स्वरूप हमारे शूरवीर पुरोधा महाराणा प्रताप को कोटि-कोटि नमन। उनके जीवन को समर्पित प्रदेश का **'महाराणा प्रताप स्मारक'** हम सभी को सदैव देश प्रेम और आत्म-गौरव की भावना को ऊंचा उठाने की प्रेरणा देता रहेगा।"

- शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री




सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11123/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

### ईद मिलादुन्नबी आज

## जुलूसे मुहम्मदी निकलेगा आतिशबाजी न करें : मौलाना

**जबलपुर, देशबन्धु।** पैगंबर ए इस्लाम हज़रत मुहम्मद (सल्ल.) का यौमे विलादत जश्ने ईद मिलादुन्नबी आज जुमेरात को मुस्लिम धर्मालंबियो द्वारा अक़ीदत और मसर्रत के साथ मनाया जा रहा है। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर आज सुबह 9 बजे हुसैन चौक नया मुहल्ला से बज्म गुलशने मदीना के संयोजन मे अजीममुश्शान जुलूसे मुहम्मदी निकलेगा। मुफ्ती ए आज़म मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद हामिद अहमद कादरी व नायबे मुफ्ती ए आज़म मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुर्हानी जुलूस की कयादत करेंगे। प्रमुख मार्गो से गश्त करते हुए जुलूस दोपहर मे अंजुमन स्कूल मढ़ाताल पहुंचेगा जहाँ जुहर की सामूहिक नमाज़ अदा होगी तथा सालातो सलाम पेश किया जायेगा। मुफ्ती ए आज़म ने आतिशबाजी न करने की हिदायत की है। और अदब और एहतेराम के साथ दरुद शरीफ पढ़ते हुए जुलूस मे चलने की अपील की है।



**मोतीनाला मे जुलूस–** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सुलेमानी मस्जिद से सुबह जुलूसे मुहम्मदी निकलेगा। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे गश्त करने के बाद जुलूस का समापन सुलेमानी मस्जिद मे होगा।

**सदर, गढ़ा–** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सदर मे भी 9.30बजे जुलूसे मुहम्मदी निकलेगा। सदर की गलियों मे गश्त करने के बाद सदर जामा मस्जिद मे जुलूस का समापन होगा। हाफिज मकसूद, सलीम, मो अकबर खान सरवर, ईनायत अली, अनबर बाबा, अशरफ परवेज, अशफाक कुरैशी, लालू हारून, मामू जिशान, ने जुलूस मे टोपी लगाकर व दरुद और सलाम पेश करते हुए चलने की अपील की है। गढ़ा मे भी सुबह 9.30 बजे मुजावर मुहल्ला, काजी मुहल्ला, बेदरा मुहल्ला , तकिया मुहल्ला के सयुंक्त तत्वधान मे जुलूसे मुहम्मदी निकलेगा।

**बेदार कमेटी की अपील–** मुस्लिम बेदार कमेटी के हाजी कदीर सोनी, मुख्तार हुसैन अंसारी, हाजी मक़बूल रज़्वी, पप्पू वसीम खान हाजी शेख जमील नियाज़ी, अमीन कुरेशी, हाजी मुईन खान, जमा खान, हाजी इसरार अहमद, ने ईद मिलादुन्नबी संप्रदायिकता और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है, एवं पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन से माकूल इंतेजाम करने की मांग की है।

**शानदार सजावट–** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे व मस्जिदों मे शानदार सजावट की गई है। सदर, गढ़ा की मस्जिदों व मुस्लिम बस्तियों में भी सजावट की गई है।



## श्री सुप्तेश्वर गणेश को अर्पण किए छप्पन भोग

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर श्री गणेश पर्व के नौवें दिवस पर सभी भक्तों ने धार्मिक भाव से बड़े ही हर्ष एवं उल्लास से मनोकामना पूर्ण करने वाले श्री गणेश जी की सुबह पूजन, आरती, अभिषेक, माला अर्पण, वस्त्र अर्पण, अथर्वशीर्ष पाठ, छप्पन प्रकार का भोग लगाया गया। श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में शाम को हुई महाआरती में परम पूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज, महापौर जगतबहादुर सिंह(अन्नु भैया), क्षत्री महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, सहित समस्त भक्तों ने महापर्व को भक्ति भाव से समरसता के साथ सभी गणेश भक्तों ने गणेश महोत्सव मनाया गया। गणेश पर्व के दसवें दिन हवन पूजन कर भण्डारे का भी आयोजन किया गया है। जिसमें समिति ने गणेश भक्तों के साथ आसपास के श्रृद्धालुओं से पहुंचकर भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

गणेश महापर्व के दौरान श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में नित दिन विविध धार्मिक कार्योंक्रमों आयोजन किया जा रहा है। गणेश पर्व के भंडारे की व्यवस्था पुष्कल मनीष चौधरी के द्वारा की गई। श्री सुप्तेश्वर विकास समिति मातृ शक्ति ने ने सभी श्रद्धालुओं से मंदिर चल रहे विविध धार्मिक कार्यक्रमों में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## जनमानस की कथा है रामचरित मानस: मंदाकिनी दीदी

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतः और बाह्य जीवन की समस्त समस्याओं और व्याधियों का उपचार मानस चरित में समाहित है। रामानुरागी कथा रसिक भक्त को गूढ़ अर्थों से सरलतापूर्वक विशुद्ध ज्ञान पर चर्चा कर पंच दिवसीय श्री राम कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव के समापन अवसर पर युग तुलसी की अनंय शिष्या, मानस पुत्री मानस की विलक्षण योमांसक सुश्री दीदी मां मंदाकिनी जी ने आज सम्पूर्ण वातावरण राममय भक्तिमय बना दिया।

समाजसेवी पूर्व पार्षद स्वर्गीय शिवलाल घनघोरिया की पुण्य स्मृति में आयोजित पंच दिवसीय श्री रामकथा में सुश्री दीदी मां मंदाकिनी जी ने कहा कि आज का वातावरण अंतः करण रस से सराबोर है। जितने भक्त जन पंडाल में बैठे है, उससे अधिक सभागार और अन्य मैदान में एल.ई.डी. में रामकथा का रसास्वादन कर रहे है। यह जन मानस की कथा है।

### सुसंगठन और सुयोग्य साथियों से सफलता निश्चित

भगवान श्री राम ने अकेले ही रामराज्य स्थापित नहीं किया। उनके पास जो सेवादार थे वे भरत, लक्ष्मण, शत्रुधन और हनुमान थे। तब तो रामराज्य आएगा ही, उधर हनुमान जी का प्रयास है कि सबको राम से जोड़ा जाए। इसलिए उन्होंने सुग्रीव और विभीषण की राम से मित्रता कराई। समाज की सेवा करने और यहां भी राम राज्य की झलक प्रस्तुत करने का जो उपक्रम लखन घनघोरिया ने अपने विश्वस्त सहयोगियों के साथ किया है, वह सार्थकता को प्रदर्शित करता है। हनुमान ने लंका में विभीषण के घर रामाधुन यानि शुभ संकेत अंकित देखे।



हनुमान के पहुंचते ही विभीषण जाग गए और राम-राम करने लगे। संकेत यह कि संत के आने से जो जाग जाए वो विभीषण और जो सोता रहे वह रावण। सुश्री मंदाकिनी जी ने हनुमान द्वारा विभीषण को अपना भ्राता और जानकी मैया को मां बताकर जिस तरह से कथा को विस्तार पूर्वक परोसा उसे श्रवण कर श्रोता सुधबुध खो बैठे। एकदम शांत और भक्तिमय वातावरण में कथा पंडाल में ऐसा लग रहा था मानो राम का दरबार लगा है एवं भगवान दिव्य प्रकाश से वातावरण अनुश्रुत हो रहा है।

इस पुनीत अवसर पर कथा संयोजक विधायक लखन घनघोरिया, कृष्णा घनघोरिया, कस्तूरी बाई, लक्ष्मी प्रसाद, मनोहर लाल, गोपाल, जय घनघोरिया, और यश घनघोरिया सहित पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी, सी.एन.दुबे, पं. शशिकांत मिश्रा, राजेन्द्र यादव, विष्णु शंकर पटेल, रूपेन्द्र पटैल, डा. कुकरेले, सतीश तिवारी, मधु यादव, रमेश मिश्रा, मुन्नू पंडा आदि उपस्थित रहे।



## भाषण में समाया वासुदैव कुटुम्बकम

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रश्नमंच, वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी योग्यता दिखाई। भाषण प्रतियोगिता में जहां वासुदैव कुटुम्बकम समाया, वहीं वाद-विवाद प्रतियोगिता में नई शिक्षा नीति को लेकर चर्चा हुई। शासकीय महाकौशल कॉलेज में अंतरकक्षा युवा उत्सव के अंतर्गत कार्यक्रम हुए। प्रश्नमंच में प्रथम साहिल पटेल, भाषण प्रतियोगिता में विनायक चौधरी, वाद विवाद पक्ष में प्रथम पूजा सिंह, विपक्ष में प्रथम लवकुश उरैती रहे। इस मौके पर संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल, डॉ. मीना केलर, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. नीलिमा, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, डॉ. तरूणेद्र साकेत, डॉ. सुमित पासी, उर्मिला शर्मा मौजूद रहीं।

## आरडीसी- जिला स्तर पर 29 सितम्बर को होगा प्रीआरडी चयन शिविर



**जबलपुर, देशबन्धु।** दिल्ली में होने वाली कर्तव्यपथ की परेड संचालन में इस बार बेटियों के जोश और बुलंद आवाज की दहाड़ गूंजेंगी। कर्तव्यपथ पर इस साल बेटियों को समर्पित कार्यक्रम होगा। 26 जनवरी को समूचा विश्व बेटियों के हुनर को सलाम करेगा। इस भव्य समारोह के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता 29 सितम्बर को आयोजित होगी। इस साल 26 जनवरी की परेड नारी सशक्तिकरण पर आधारित होगा। इसलिए आरडीसी की परेड में केवल स्वयं सेविकाएं ही सहभागिता कर सकेंगी।

**साइंस कॉलेज में होगा आयोजन**

जिला संगठक डॉ. आनंद सिंह राणा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रीआरडीसी चयन प्रक्रिया का आयोजन साइंस कॉलेज के मैदान में होगा। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अशोक मराठे ने बताया कि चयन प्रक्रिया के लिए अलग-अलग पैरामीटर्स तय किए गए हैं। चयन प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शुरू होगा। इसमें जिले की सभी एनएसएस ईकाई से 5 स्वयंसेविकाओं का चयन किया जाएगा।

**फैक्ट फाइल**

जिले की कुल ईकाई की भागीदारी- 25

जिला स्तर पर चयन होगा- 30

विवि स्तर पर होने वाला चयन- 6

**यह होंगे चयन के आधार**

- 10 मिनट में 1.5 किमी की दौड़
- 20 मिनट तक लगातार मार्च
- 25 मिनट तक लगातार कमाण्ड देना या सुनना

## फ्लेवर फेस्ट में छाई जायके की खुशबू

### होमसाइंस कॉलेज में हुआ आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** लजीज व्यंजनों की खुशबू कॉलेज परिसर में फैली। किसी ने ब्रेड से ढोकला बनाया, तो किसी ने शीर कोरमा का स्टॉल लगाया। शासकीय होमसाइंस कॉलेज में आयोजित फ्लेवर फेस्ट के अंतर्गत छात्राओं ने लर्निंग विद अर्निंग थीम पर स्टॉल लगाए। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत हुए कार्यक्रम में छात्राओं ने अलग-अलग डिशेज बनाकर स्वाद का जादू बिखेरा।

**उद्यमिता से जुड़ाव**

कॉलेज छात्राओं द्वारा फेस्ट में 25 स्टॉल्स लगाए गए। इसमें उन्होंने उद्यमिता से जुड़ते हुए पानी पुरी, पान चॉकलेट, पंजाबी रायता, गुलाब जामुन, चाइनीज भेल, साबूदाना बरे जैसी डिशेज में हेल्दी इंग्रीडियंस का इस्तेमाल कर उसे टेस्टी बनाया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार,



विभागाध्यक्ष डॉ. स्मिता पाठक, डॉ. विश्वशांति पाराशर, अपूर्वा सोनी, विभा श्रीपाल, अंजू कैनवार, महिमा बैरागी, पूजा कोरी, रंजीत उइके मौजूद रहे।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 28 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी, नक्षत्र-पू.भा.।**

**मेष**
आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। इसके पीछे धन खर्च भी होगा। फिर भी सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**वृषभ**
आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा।

**मिथुन**
- प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा।ु-ख होगा।

क.

**कर्क**
मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखें।

**सिंह**
पति-पत्नी के बीच मामूली कारणों से विवाद उत्पन्न होने से मनमुटाव होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सांसारिक विषयों के बारे में उदासीन रहेंगे।

**कन्या**
शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। घर में सुख- शांति का माहौल रहने से प्रसन्नता अनुभव होगा। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी।

**तुला**
आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात रोमांचक रहेगी।

**वृश्चिक**
आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। किसी न किसी बात की चिंता आपको परेशान करेगी।

**धनु**
गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई- बहनों के साथ मेल- जोल रहेगा।

**मकर**
संयमित वाणी आपको बहुत-सी मुसीबतों से बचा लेगी। सोच-विचार कर बोलें। परिजनों के साथ गलतफहमी पैदा होने से मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा।

**कुंभ**
शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता के साथ दिन ताजगीपूर्ण होगा। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायी रहेगा।

**मीन**
आज आपके मन में एकाग्रता का अनुभव होगा। परिणाम स्वरूप मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। धार्मिक कामों के पीछे खर्च होगा।

मा.

## डब्ल्यूसीआरयू ने महिला कर्मचारियों की एजुकेशन क्लास में बताई संगठन की कार्यशैली



**जबलपुर, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) की महिला विंग द्वारा बुधवार को जबलपुर में महिला रेल कर्मचारियों के लिए एक एजुकेशन क्लास का आयोजन किया गया। इस क्लास में यूनियन महामंत्री काम. मुकेश गालव ने संगठन की कार्यप्रणाली से अवगत कराया और कहा कि उनका संगठन सदैव हर परिस्थितियों में कंधा से कंधा मिलाकर रेल कर्मचारियों के साथ खड़ा है। साथ ही महिला स्टाफ को नियमों के मुताबिक उनके कार्यस्थल पर सभी सुविधाएं मिलें, इसके लिए भी वह हमेशा प्रयास करते रहते हैं। यूनियन की महिला विंग के द्वारा डब्ल्यूसीआरईयू के महामंत्री कामरेड मुकेश गालव, मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला, मंडल सचिव रोमेश मिश्रा एवं महिला विंग की अध्यक्ष आरती यादव एवं चांदनी ठाकुर, शोभा नाविक, नम्रता मिश्रा की उपस्थिति में एजुकेशन क्लास का आयोजन किया गया, जिसमें जबलपुर मंडल की समस्त महिला कर्मचारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समस्त महिला कर्मचारियों को यूनियन की उपलब्धियों से अवगत कराया गया, साथ ही महिला कर्मचारियों को उनके कार्य क्षेत्र में आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए यूनियन के द्वारा किये जाने वाले संघर्ष में शामिल होने के लिए जागरूक किया गया।

## डीआरएम ने किया जबलपुर-सतना रेल खण्ड का निरीक्षण

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के उच्च अधिकारियों द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा को लेकर सावधानियां बरती जा रही है। मंडल रेल प्रबंधक विवेकशील ट्रेन नम्बर 13202 जनता एक्सप्रेस ट्रेन से अपनी टीम के साथ सतना के लिए रवाना हुए। मंडल रेल प्रबंधक ने जबलपुर, कटनी, सतना के बीच निरीक्षण किया इस निरीक्षण के दौरान सतना स्टेशन की साफ सफाई रेलवे पांतों का रखरखाव यात्रियों के लिए विश्राम गृह आरक्षण केन्द्र व अन्य साइडिंग के अलावा सभी स्थानों का बारीकी से निरीक्षण किया जबलपुर, कटनी, सतना सभी शहरों के कर्मचारियों द्वारा नाम पट्टिका लगाकर कार्य संपादन किया जा रहा था।

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 108 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 118 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 128 |

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 132 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 122 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 112 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 112 |

मो.-9039925000, 9425800409



## ध्रुपद- तंत्रिका स्रोतम से विनायक की स्तुति


**जबलपुर, देशबन्धु।** कथक की भाव-भंगिमाओं से नृत्यांगनाओं ने विनायक की स्तुति की। ध्रुपद, तंत्रिका स्त्रोतम, सवैया और तुलसीदास की रामस्तुति का प्रस्तुतिकरण कलाकारों नृत्य के माध्यम से किया। दत्त मंदिर गोलबाजार परिसर में श्रीम कथक पीठ द्वारा नृत्यमय गजानन थीम पर आयोजन हुआ। कार्यक्रम में 71 नृत्य साधकों ने 9 समूह और 3 एकल प्रस्तुति देकर संगीत और यौगिक क्रियाओं की प्रस्तुति दी गई। नृत्य परिकल्पना और निर्देशन स्वाति मोदी तिवारी का रहा। संचालन परेश तिवारी ने किया।

**आसान किस्तों में उपलब्ध**

**मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।



एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है। 441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर

मो. 9200000162 फोन- 2626496



## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

सौरभ चक्रवर्ती- केसरी नगर मानेगांव रांझी निवासी मंटू चक्रवर्ती के पुत्र सौरभ चक्रवर्ती (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

सुरेश विश्वकर्मा- शक्ति नगर निवासी सुरेश विश्वकर्मा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

बबला सोंधिया- टेलीग्राफ गेट नं. 4 के पास रानीताल निवासी बबला सोंधिया (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

राधेश्याम डांग- आदित्य कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी राधेश्याम डांग (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

दीपा श्रीवास्तव- फूटाताल निवासी शैलेंद्र श्रीवास्तव की धर्मपत्नी दीपा श्रीवास्तव (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

कृष्णा सैनी- रानीपुर मदनमहल निवासी रमेश कुमार सैनी की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा सैनी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया।

केसर देवी पारिख- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी दिनेश कुमार पारिख की धर्मपत्नी केसर देवी पारिख (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

निर्मला वर्मा- मदनमहल गुलाटी पेट्रोल पंप के सामने निवासी देवेंद्र वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला वर्मा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

मदन गोपाल पटेल- छापर रामपुर निवासी श्री मदन गोपाल पटेल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

रामप्यारी सोनी- हाथीताल निवासी श्री संतोष कुमार सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती रामप्यारी सोनी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

शकुन यादव- बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री शंभूदयाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन यादव (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

रज्जो बाई- बादशाह हलवाई मोड़ ग्वारीघाट रोड निवासी जमना प्रसाद की धर्मपत्नी रज्जो बाई (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया।

राम नारायण शर्मा- अपर लाइन रेलवे कॉलोनी साउथ सिविल लाइन निवासी राम नारायण शर्मा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

गायत्री ठाकुर- मदर टेरेसा नगर कटंगी रोड निवासी श्री अजय सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री ठाकुर (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।



## राष्ट्रपति ने ट्रिपल आईटीडीएम में किया पौधारोपण

**जबलपुर, देशबन्धु।** महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने नये हाईकोर्ट भवन के शिलान्यास के पूर्व ट्रिपल आईटीडीएम में रूद्राक्ष का पौधारोपण किया। इस दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्य न्यायाधिपति जबलपुर रवि मलिमथ, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को बालिका ने भेंट की पेंटिंग



महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को ट्रिपलआईटीडीएम परिसर में एक बालिका ने उनकी तैलचित्र भेंट की। पेंटिंग प्राप्ती कर राष्ट्रपति मुर्मू ने अपनी प्रसन्नता जाहिर की।

# राष्ट्रपति को डुमना एयरपोर्ट पर दी गई भावभीनी विदाई

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की एनेक्सी बिल्डिंग के शिलान्यास समारोह में शामिल होने जबलपुर पधारी राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को बुधवार शाम नई दिल्ली प्रस्थान करते वक्त डुमना एयरपोर्ट पर भावभीनी विदाई दी गई। विदा करते समय राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को शाल, श्रीफ्ल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किये।

राष्ट्रपति डुमना एयरपोर्ट से शाम लगभग 5.50 बजे भारतीय वायुसेना के विमान से नई दिल्ली रवाना हुईं। राष्ट्रपति को विदा करते वक्त केंद्रीय जलशक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रवि मलिमथ मिनिस्टर इन वेटिंग प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री रामकिशोर नानो कांवरे, सांसद राकेश सिंह, चीफ ऑफ स्टाफ मध्य भारत एरिया मेजर जनरल आरपी सिंह, संभागायुक्त अभय वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी डुमना एयरपोर्ट पर मौजूद थे।




**केन्द्रीय मंत्री राष्ट्रपति के साथ दिल्ली रवाना**

केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग व जलशक्ति राज्यमंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी ने महामहिम राष्ट्रपति जी का डुमना विमान तल पर स्वागत किया और राष्ट्रपति जी के साथ वायुयान से नई दिल्ली रवाना।

# प्रदेश में पहली बार लेजर थेरेपी से किया गया घायल तेंदुए का इलाज

## नाना जी देशमुख पशु चिकित्सालय ने अपनायी नई तकनीक



**जबलपुर, देशबन्धु।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्विधालय में पहली बार किसी घायल तेंदुए का इलाज लेजर थेरेपी से किया गया। मरणासन्न हालत में मंडला से जबलपुर विश्विधालय लाए गए तेंदुए की हालत में लगतार सुधार भी हो रहा है। 15 दिन पहले घायल तेंदुए को वन विभाग वालों ने जबलपुर नानाजी देशमुख यूनिवर्सिटी के वाइल्ड लाइफ डिपार्टपेंट में लेकर आए थे, उस दौरान तेंदुए के शरीर में काफ़ी चोट थी। रीढ़ की हड्डी में भी इंफेक्शन था। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय में पदस्थ वाइल्ड लाइफ डॉक्टर शोभा जाबरे ने बताया कि जिस समय घायल अवस्था में तेंदुए को लाया गया था, उसकी हालत बहुत खराब थी, उसके बचने की भी किसी तरह से उम्मीद नहीं की जा रही थी। घायल तेंदुए का लगातार इलाज किया जा रहा था। डॉ. शोभा जाबरे का कहना है कि स्टडी टीम जब उसका इलाज करती है तो वह आक्रमक नहीं होता है। हालांकि तेंदुए ज्यादा खाना खाने में अभी असमर्थ है। डॉ. शोभा जाबरे ने बताया कि करीब 15 दिन पहले मंडला के कान्हा नेशनल पार्क से लगे बमहनी-बंजर रोड के किनारे 5 साल का घायल तेंदुआ वन विभाग को मिला था। इस प्रयोग से तेंदुए को काफी हद तक राहत मिली है। जल्द ही तेंदुआ स्वस्थ हो जायेगा।

# हैलमेट चेकिंग से भड़के भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाना के लॉकअप में दिया धरना

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिविल लाई थाना क्षेत्र में पुलिस के हैलमेट चेकिंग अभियान से भड़के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं सिविल लाइन थाना के लाकअप में जाकर बैठ गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस बात की खबर मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी पहुंच गए, जिन्होंने कार्यकर्ताओं से चर्चा कर जांच का आश्वासन दिया। इसके



बाद कार्यकर्ता लॉकअप में उठकर बाहर आ गए। बताया गया है कि पुलिस द्वारा लगातार हैलमेट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एएसआई ने वाहन चेकिंग के दौरान भाजपा कार्यकर्ता अंकित पांडे को रोका और बिना हेलमेट वाहन चलाने पर जुर्माना कर दिया। एएसआई को अंकित ने अपना परिचय देते हुए जाना चाहा लेकिन एएसआई ने उसकी नही सुनी और चालानी कार्यवाही करने पर आमदा हो गया। इस बात से अंकित आक्रोशित हो गए और उन्होंने अपने साथियों को फोन करके एकत्र कर लिया. सभी कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सिविल लाइन थाना पहुंचे और लॉकअप के अंदर जाकर बैठ गए। लॉकअप के अंदर बैठकर कार्यकर्ताओं ने एएसआई के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। घटना की खबर मिलते ही ओमती संभाग के सीएसपी विवेक मिश्रा सहित अन्य अधिकारी पहुंच गए, जिन्होंने आक्रोशित कार्यकर्ताओं से बातचीत की तो वे एएसआई पर कार्यवाही करने की मांग करने लगे। काफी देर तक हंगामा होते देख पुलिस अधिकारियों ने मामले में जांच के बाद कार्यवाही करने का आश्वासन दिया, इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता शांत हुए और लॉकअप से बाहर आ गए।

# यूपी का गांजा तस्कर जबलपुर में गिरफ्तार, तीन लाख का 19 किलो गांजा बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** ट्रेनों में हो रही लूट और चोरी घटनाओं को रोकने के लिये जीआरपी और आरपीएफ लगातार अभियान चला रही है। जिसमें दोनों को सफलता मिल रही है। स्टेशन एवं सर्कुलेटिंग एरिया में जीआरपी व आरपीएफ द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के लिए चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत उक्त टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब उत्तर प्रदेश का एक गांजा तस्कर जबलपुर स्टेशन में दबोचा गया। उसके कब्जे से 19 किलो गांजा बरामद किया गया है। जिसकी कीमत तीन लाख रुपए बतायी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सिमाला प्रसाद एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एके त्रिपाठी रेल सुरक्षा बल जबलपुर के निर्देशन में तथा अति. पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर इसरार मंसूरी के मार्ग दर्शन में अपराधों की रोकथाम एवं आरोपियों की पतासाजी के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान में सूचना पर जीआरपी जबलपुर एवं आरपीएफ जबलपुर की संयुक्त संघन चैकिंग में रेल्वे स्टेशन जबलपुर में प्लेटफार्म न. पांच के इटारसी छोर से आरोपी कृष्ण गोपाल शर्मा पिता मुनीश कुमार शर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम पिपरौली पोस्ट बडगांव थाना रिजावली जिला फिरोजाबाद उ.प्र. की तलाश कर आरोपी के कब्जे से करीब तीन लाख रूपये का 19 किलो गांजा जप्त किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूध्द जीआरपी थाना जबलपुर मे एन.डी.पी.एस एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना की जा रही है, तथा अवैध मादक पदार्थों के विक्रय परिवहन किये जाने वाले अपराधियों की तलाश की जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



# जबलपुर, कटनी, सागर में रेल्वे स्टेशन व मुसाफिर खाना, पार्किंग, डाक यार्ड तथा ट्रेनों में सघन चेकिंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रेल ईकाई जबलपुर शिमाला प्रसाद के द्वारा रेल ईकाई के अंतर्गत विभिन्न थानों के थाना प्रभारियों तथा राजपत्रित अधिकारियों को रेल यात्रियों की सुरक्षा तथा अपराधियों की धर पकड़ के लिये सघन चेकिंग अभियान चलाए जाने के लिये निर्देशित किया गया था।

जिस तारतम्य में रेल्वे स्टेशन जबलपुर, कटनी, सागर में रेल्वे स्टेशन व मुशाफिर खाना, पार्किंग, डाक यार्ड तथा ट्रेनों में सघन चेकिंग की गई तथा संदिग्धों से कड़ाई से पूछताछ की गई, ताकि रेल में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। रेल्वे स्टेशन जबलपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इशरार मंसूरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी जीआरपी जबलपुर शशि धुर्वे तथा जीआरपी के स्टाफ रेलवे स्टेशन कटनी में उप पुलिस अधीक्षक सारिका पांडेय के नेतृत्व में थाना प्रभारी जीआरपी कटनी अरुणा वाहने व स्टाफ के द्वारा तथा थाना सागर में थाना प्रभारी वी.पी. मिश्रा के नेतृत्व में रेल्वे स्टेशन सागर में चेकिंग कार्यवाही की गई। ज्ञात हो कि झारखंड में नकाबपोश बदमाशों के द्वारा संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में रेल यात्रियों से नगदी तथा जेवर लूट लिए थे, जो घटना की गंभीरता को देखते हुए म.प्र. में रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चत करने के लिए पुलिस अधीक्षक रेल महोदय के नेतृत्व तथा मार्गदर्शन में रेल ईकाई जबलपुर के द्वारा निरंतर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे है तथा रेल यात्रियों की यात्रा और सुरक्षित की जा रही है।



# गांजा व शराब कारोबारी 4 गिरफ्तार, 9 किलो व 329 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में लगातार तीसरे दिन तीन थाना क्षेत्रों में गांजा व शराब के तस्करों को पुलिस ने पकड़ा है। इसमें बरगी, गौरीघाट और हनुमानताल थाना क्षेत्र में 4 तस्कर दबोचे गये हैं। जिनके पास से बड़ी मात्रा में शराब व गांजा बरामद किये गये हैं। इस संबंध में बरगी थाना प्रभारी मंगल सिंह धुर्वे ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि दो लड़के जो अपने पास पिट्ठू बैग रखे हैं, जिसमें बैगों के अंदर काफी मात्रा में गांजा रखा है। लड़के किसी को बेचने के लिये ग्राम बरगी बाईपास हाईवे रोड रेस्ट एरिया में खड़े हैं। जिसपर पुलिस ने बरगी बाईपास हाईवे रोड रेस्ट एरिया में दबिश देकर लड़कों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम राज ठाकुर पिता राजू ठाकुर उम्र 28 वर्ष निवासी रामपुर छापर वर्तमान पता मंडावा बस्ती रामपुर गोरखपुर तथा प्रियांशु उर्फ प्रिंस पिता पप्पू उर्फ सुनील सोनकर उम्र 27 वर्ष निवासी कुम्हार मोहल्ला गोरखपुर वर्तमान पता मांडवा रामपुर के रहने वाले बताए। जिनकी तलाशी ली गई तो राज ठाकुर पेंट की जेब में एंड्राइड मोबाइल एवं पिट्ठू बैग के अंदर पैकेटों में गांजा रखा मिला। जिसे तौल करने पर 5 किलो 40 ग्राम होना पाया गया। इसी प्रकार प्रियांशु और प्रिंस सोनकर पेंट की जेब में एंड्राइड मोबाइल तथा ग्रे रंग के पिट्ठू बैग के अंदर पैकेटों में गांजा रखे मिला। जो तौल करने पर 3 किलो 740 ग्राम होना पाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों से कुल 8 किलो 780 ग्राम गांजा तथा 2 मोबाइल जप्त करते हुये अपराध दर्ज कर लिया है।

**थैले में गांजा ले जाते युवक पकड़ा गया-** इसी कड़ी में गौरीघाट थाना प्रभारी नेहरू खण्डाते ने बताया कि बीती रात गणेश पंडाल चेकिंग के दौरान बादशाह हलवाई मंदिर के पास गली नंबर 3 के अंदर से एक युवक हाथ में थैला लिए हुए आता दिखा। जो पुलिस को देखकर अचानक पीछे मुड़कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने रोका और तलाशी ली। पूछताछ में जिसने अपना नाम विनोद उर्फ बिन्नू झारिया उम्र 28 वर्ष निवासी गली नंबर 3 बादशाह हलवाई मंदिर के पास बताया। तलाशी में युवक के हाथ में लिये हुये थैले से गांजा बरामद किया गया। जो तौल करने पर 259 ग्राम पाया गया। जिसे जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**शराब तस्कर दबोचा गया-** इसी प्रकार हनुमानताल थाना प्रभारी एमडी नागौतिया ने बताया कि बीती रात एक युवक बड़ा मदार छल्ला पहाड़ी पत्थरों के बीच देशी शराब बेचने के लिये छिपाकर रखा था। जिसे सूचना पर मौके पर दबिश देकर पकड़ा गया। जिसने अपना नाम राजा आरिफ उम्र 26 वर्ष निवासी बड़ा मदार छल्ला बताया। जिसके लोवर के दोनों जेबों की तलाशी लेने पर 2-2 पाव शराब एवं नगद 1680 रूपये तथा पत्थरों के बीच में 7 खाकी रंग के कार्टून में कुल 325 पाव देशी शराब रखे मिले। पुलिस ने शराब जप्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# स्कूल शिक्षा विभाग के पीएस सहित अन्य से मांगा जवाब

## प्राथमिक शिक्षकों की पदस्थापना संबंधी मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने प्राथमिक शिक्षक की पदस्थापना में जिन आरक्षण नियमों को एकलपीठ ने उचित माना था उन्हें प्रथम दृष्टया असंगत माना है। दरअसल एकलपीठ के फैसले को डिवीजन बेंच के समक्ष चुनौती दी गई थी। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त लोक शिक्षण और जनजातीय विभाग को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

दायर अपील में कहा गया कि मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग तथा जनजातीय विकास विभाग के तहत लगभग 25 हजार से अधिक भर्तियों में आरक्षित वर्ग के ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, एससी वर्ग के प्रतिभावान अभ्यार्थियों को अनारक्षित वर्ग में मानकर जनजातीय विकास विभाग में पदस्थापना दी गई हैं। जबकि उक्त अभ्यार्थियों ने नियमनुसार अपनी पसंद के 50 से अधिक शालाओं का विकल्प दिया था। वहीं दूसरी ओर आरक्षित वर्ग से कम अंक वाले लगभग 25 सौ से अधिक अभ्यार्थियों को स्कूल शिक्षा विभाग में उनकी पसंद के अनुसार पद स्थापना दी गई है। इस प्रक्रिया को एकलपीठ के समक्ष चुनौती दी गई थी। जस्टिस जीएस अहलूवालिया की एकलपीठ ने ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी थी कि विभाग ने नियमानुसार नियुक्तियां दी हैं। उक्त फैसले के खिलाफ अपील पेश की गई। अपीलकर्ताओ की ओर से रामेश्वर सिंह ठाकुर ने दलील दी कि एकलपीठ का आदेश सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिपदित मार्गदर्शी सिद्धांतो के विरूध है। एकलपीठ ने उक्त याचिका के विषय वस्तु पर कोई बात नहीं कही। जिसके बाद न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।




## नाबालिगों से दुष्कर्म करने वालो को 20-20 साल की सजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** पाक्सो की अदालत ने दो अलग-अलग मामलों में नाबालिगाओं के साथ दुष्कर्म करने के दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी पवन कोरी व जयप्रकाश उपाध्याय को 20-20 साल की सजा व क्रमश: तीन हजार व छह हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। अदालत ने पीड़िताओं को दो-दो लाख रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान करने के आदेश भी दिये है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि पीड़िता की मॉ ने 22 अप्रैल 2021 को रांझी थाने में शिकायत दर्ज करायी थी कि जब वह अपने पति के साथ बाहर गई थी। उसी दौरान उनकी बेटी गायब हो गई। जिसके बाद पुलिस ने पीड़िता को दस्तयाब किया। जिसने बताया कि आरोपी पारस उसे डरा धमकाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जिस पर न्यायालय ने आरोपी पारस कोरी को दोषी करार देते हुए उक्त सजा से दंडित किया। वहीं दूसरे मामले में अदालत को बताया गया कि लार्डगंज थाने में 4 जुलाई 2019 को पीड़िता के भाई ने शिकायत दर्ज करायी थी कि उसकी नाबालिग बहन को 2 जुलाई 2019 को कोई बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़िता को दस्तयाब किया। जिसने अपने बयानों में बताया कि आरोपी जयप्रकाश उपाध्याय शादी का झांसा देकर उसे पूना ले गया। जहां वह पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। जिसके बाद वह गर्भवती हो गई और उनका एक बच्चा भी हुआ। पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई पश्चात् अदालत ने जयप्रकाश को 20 साल की सजा व छह हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। दोनों ही मामलों में शासन की ओर से एडीपीओं मनीषा दुबे ने पैरवी की।

## श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर के एमडी को दूसरी बार झटका

### हाईकोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत अर्जी

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट से मेसर्स श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर के मैनेजिंग डायरेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह को दूसरी बार करारा झटका लगा है। जस्टिस डीके पालीवाल की एकलपीठ ने आरोपी की ओर से दूसरी मर्तबा पेश की गई अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि आवेदक एक प्रभावशाली व्यक्ति है और वह साक्ष्यों व गवाहों को प्रभावित कर सकता है। नोटिस देने के बावजूद आवेदक जांच एजेंसी को सहयोग नहीं कर रहा है और न ही उपस्थित हो रहा है। ऐसी स्थिति में अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

सीबीआई की ओर से दलील दी कि यह मामला भ्रष्टाचार से संबंधित है। शिकायत मिलने पर सीबीआई टीम ने दबिश दी थी। प्रकरण कटनी बायपास फोरलेन रोड निर्माण से संबंधित है, जिसके साथ रेलवे पुल का निर्माण ठेका भी श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है। इसी सिलसिले में एनएचएआई व रेलवे अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर गुणवत्ता से समझौता करते हुए लेन-देन की शिकायतें हुईं। जिसके बाद श्रीजी कंस्ट्रक्शन के जबलपुर, कटनी व भोपाल के कार्यालयों में सीबीआई ने छापेमार कार्रवाई कर दस्तावेज जब्त कर अपराध कायम किया था। श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी का प्रमुख ज्ञानेंद्र सिंह फिलहाल फरार है। उसकी ओर से दूसरी बार अग्रिम जमानत अर्जी दायर की गई है।

## चेयरमेन के खिलाफ एसबीसी में शिकायत

### कार्रवाई कर आर्थिक दंड अधिरोपित करने की मांग

**जबलपुर,देशबन्धु।** अधीनस्थ अदालतों को तीन माह के भीतर 25 प्रकरणों के निराकरण संबंधी आदेश के खिलाफ स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश ने 23 मार्च को हड़ताल का आह्वान किया था। इसके बाद हाईकोर्ट और जिला अदालतों में कई दिनों तक काम नहीं हुआ। अधिवक्ता अमित पटेल ने स्टेट बार के चेयरमैन प्रेम सिंह भदौरिया के खिलाफ काउंसिल में शिकायत देकर कहा कि उन्होंने पद का दुरुपयोग करते हुए वोट बैंक व राजनीतिक लाभ पाने के लिए उक्त हड़ताल का आह्वान किया था।

शिकायत में कहा गया कि हड़ताल के दौरान वकीलों और पक्षकारों को जबरदस्ती अदालत में जाने से रोका गया। हड़ताल के कारण न्यायिक समय बर्बाद हुआ और सरकार का आर्थिक नुकसान हुआ। जेल में बंद बंदियों की जमानत की सुनवाई टल गई, कई बुजुर्ग, महिलाओं की गवाही टल गई। शिकायत में मांग की गई है चेयरमैन के उक्त निर्णय को कदाचरण मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। चेयरमैन का वकालत का लायसेंस एक साल के लिए सस्पेंड कर दिया जाए। यह मांग भी की गई कि चेयरमैन पर आर्थिक दंड भी अधिरोपित किया जाए।

## हिमालय ऑप्टिकल ने सदर में खोला अपना दूसरा स्टोर

जबलपुर, देशबन्धु। हिमालय ऑप्टिकल ने सदर में अपने दूसरे स्टोर का भव्य उद्घाटन किया। जिसमें महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने फीता काटकर शुभारंभ किया। 80 वर्षों से अधिक की समृद्ध विरासत के साथ हिमालय ऑप्टिकल ने उपभोक्ताओं की बढ़ती मांगों को लगातार अपनाया है, और देश भर के 72 शहरों में 140 स्टोर्स के साथ उपस्थिति स्थापित की है। यह विस्तार अपने मूल्यवान ग्राहकों को शीर्ष स्तरीय नेत्र देखभाल समाधान प्रदान करने की ब्रांड की अटूट प्रतिबद्धता में एक और मील का पत्थर है। हिमालय ऑप्टिकल के क्षेत्रीय प्रमुख महेंद्र झावर ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हिमालय ऑप्टिकल की स्थायी विरासत, बदलती उपभोक्ता जरूरतों के साथ विकसित होने की हमारी क्षमता के साथ मिलकर, हमें ऑप्टिकल रिटेल उद्योग में सबसे आगे खड़ा कर दिया है। हम भारत के गतिशील परिदृश्य में हर गुजरते दिन के साथ मजबूत होते हुए अपनी यात्रा पर बहुत गर्व महसूस करते हैं।



## अत्याचार-भ्रष्टाचार की सरकार को उखाड़ फेंके जनता : संजय कपूर

### चुनाव जिताऊ प्रत्याशियों को मिले टिकट : कौशिल्या गोंटिया

**सिहोरा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा पूरे प्रदेश की समस्त विधानसभा क्षेत्र में जन आक्रोश यात्रा का आयोजन किया गया है इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य अत्याचार भ्रष्टाचार में लिफ्ट सरकार को जनता के माध्यम से उखाड़ फेंकना है बुधवार को सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के नगर सिहोरा में बाबा साल वार्ड नंबर 4 कटरा मोहल्ला से इस जन आक्रोश यात्रा का आयोजन प्रारंभ हुआ यह यात्रा नगर भ्रमण के उपरांत पुराना बस स्टैंड सिहोरा में एक आम सभा के रूप में आयोजित की गई इस सभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी संजय कपूर ने अत्याचार भ्रष्टाचार में लिफ्ट इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा साथ ही उन्होंने सिहोरा की सबसे पुरानी मांग सिहोरा जिला को सरकार बनने बाद कार्य रूप में पारित करने का वादा भी किया इस दौरान पूर्व विधायक नित्य निरंजन खमरिया ने भी अपने



उद्बोधन में 20 साल की भाजपा सरकार का एक-एक काला चिट्ठा जनता के समक्ष प्रस्तुत किया साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार सिहोरा क्षेत्र के लोगों के साथ छलावा कर रही है इस सरकार को रहने का कोई अचित नहीं है।

खितौला में विशाल आमसभा- जन आक्रोश यात्रा ना बस स्टैंड सिहोरा से निकालकर खटोला बाजार राधा कृष्ण मंदिर के सामने पहुंची जहां पूर्व राज्य मंत्री कौशल्या गोंटिया ने यात्रा का स्वागत करते हुए एक विशाल आमसभा का आयोजन किया इस आम सभा में उन्होंने संगठन पदाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि संगठन को में चुनाव जीता हूं उम्मीदवारों को ही टिकट देना चाहिए साथी उन्होंने पिछले 20 सालों से सिहोरा विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार के विकास को क्षेत्र की जनता देख रही है बेरोजगारी चरम पर है और किसान अपनी फसलों को लेकर चिंतित हैं उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश की शिवराज सिंह सरकार ना तो जनहित ऐसी है ना किस है तैसी और ना ही विकास कार्यों पर इनका कोई ध्यान है मध्य प्रदेश सरकार सिर्फ कर्ज लेकर लोगों के साथ छलावा कर रही है जितना कर्ज मध्य प्रदेश सरकार ले रही है उसे आखिर मध्य प्रदेश की जनता को ही भरना है लेकिन मध्य प्रदेश की जनता को इसका कहा की सरकार को जानता उखाड़ फेंकेगी और शिवराज सिंह चौहान को सबक सिखाएगी।

गणपति बप्पा मोरया..



## सार-समाचार

### गोसलपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा नियुक्त

**गोसलपुर, देशबन्धु।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोसलपुर मै मप्र किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री राजीव तिवारी कि अनुशंशा पर जबलपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण डॉ नीलेश जैन द्वारा गोसलपुर ब्लॉक कांग्रेस में अशोक विश्वकर्मा को कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया!!कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष मै नियुक्ति होने पर क्षेत्र के नन्द किशोर अग्रवाल,कृष्णा कुमार सैनी, वीरेंद्र खरे, मुकेश तिवारी, विनोद पटेल, लायक खान, सचिन विश्वकर्मा, ज्योति रवि श्रीवास्तव, मोहित पटेल, रश्मि खटीक, कन्हैया पटेल, गणेश पटेल, उदय श्रीवास, संजीव तिवारी, जय चौधरी, प्रमोद शुक्ला, जागेश्वर चौधरी,आदि ने अशोक विश्वकर्मा के कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष होने पर उज्जवल भविष्य कि शुभकामनायें दी।

### कांग्रेस ने फिर किया वादा, सत्ता में आते ही पहली कैबिनेट में बनाएंगे सिहोरा जिला

**सिहोरा, देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी ने सिहोरा में आयोजित अपनी जन आक्रोश यात्रा में एक बार पुन: दोहराया कि कांग्रेस विधायक और सत्ता में आने पर पहली ही कैबिनेट में सिहोरा को जिला बनाया जाएगा। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी ऐसी ही



घोषणा सिहोरा में आकर की थी। यात्रा में शामिल कांग्रेस नेताओं ने जिला सिहोरा आंदोलन के पंडाल में पहुंचकर वहां बैठे आंदोलनकारी को वचन दिया कि कांग्रेस का रुख स्पष्ट है और वे सिहोरा को जिला अवश्य बनाएंगे इस संबंध में लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के विकास दुबे ने कहा कि समिति के सदस्य विगत दो वर्षों से सत्तारूढ़ सरकार से सिहोरा जिला की बात लोकतांत्रिक तरीके से रख रहे हैं लेकिन इन दो वर्षों में सरकार द्वारा इस दिशा में एक भी पहल नहीं की गई है।इससे अब यह पूर्णत: स्पष्ट हो गया है कि सरकार और सिहोरा विधायक सिहोरा जिला के लिए तैयार नहीं है। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस द्वारा अपना सिहोरा जिला के संबंध में पक्ष रखने से हमें प्रसन्नता है। हमें इस बात को लेकर कोई शंका नहीं है कि सिहोरा का विकास जिला बनने से ही संभव है और जिला बनने में बाधक सारे चेहरे इन दो वर्षो में बेनकाब हो चुके है। शीघ्र ही लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति सिहोरा वासियों से चर्चा के बाद अपनी अगली रणनीति स्पष्ट करेगी।

### श्रीमद् भागवत पुराण शोभायात्रा का नगर भ्रमण

**गोसलपुर, देशबन्धु।** समीपस्थ ग्राम चन्नौटा में श्रीमद् भागवत कथा का शुभ आयोजन किया गया है ।इस उपलक्ष्य में प्रथम दिवस कथाव्यास पं रामसजीवन पस्तोर महाराज के सानिध्य में श्रीमद् भागवत पुराण एवं कलश शोभायात्रा का नगर भ्रमण हुआ। श्रीमद्भागवत पुराण को यजमानो जीतेंद्र सिंह,शिवकुमारी, कुवरबाई द्वारा शिरोधार्य कर गाजे बाजे व ज्योति कलशो के साथ शोभायात्रा क्रमश: ग्राम के प्रमुख मंदिरों में भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल भदौरिया निवास पहुंची। पुराण बैठकी पूजन उपरान्त माहात्म्य पर बोलते हुए पं. रामसजीवन पस्तौर ने कहा कि ज्ञान का पुंज है श्रीमद भागवत कथा- जिस प्रकार से सूर्य सम्पूर्ण सृष्टि में अंधकार का नाश कर प्रकाश का प्रादुर्भाव करता है उसी प्रकार श्रीमद्भागवत महापुराण मनुष्य के मन में व्याप्त अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश करता है। भागवत सप्ताह एक अनुष्ठान है। ईश्वर की अनुकम्पा होने पर ही सत्संग का लाभ मिलता है। प्रवचनकर्ता कथा व्यास रामसजीवन पस्तोर ने प्रथम दिवस भागवत कथा के अवसर पर ग्राम चन्नोटा के कई श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित हुए। कथा के प्रथम दिन वैदिक मंत्रोचार के साथ गणेश वंदना व भागवत पुराण पूजन किया गया ।कथा वाचक ने कहा कि कलयुग के प्रभाव के कारण आसुरी वृती के लोग ज्यादा है जो दूसरों को सुखी देखकर दुखी होते हैं। उन्होंने उपस्थित धर्म प्रेमी सज्जनों से कहा कि कथा सुनने में शर्म नहीं करनी चाहिए। कथा से जीवन और मृत्यु दोनों ही सुधर जाते हैं ।इस अवसर पर भक्तों में श्रीमती कुवर बाई, शिशुपाल सिंह, शेर सिंह, रविंद्र सिंह, विश्वजीत शैलेन्द्र धीरेन्द्र अनीता, धीरेन्द्र सिंह, रागिनी अरुण प्रताप राधा बृजेंद्र सिंह प्रीति मानवेंद्र सरिता नवरत्न, लक्ष्मण सिंह, करण सिंह ,नारायण सिंह, यशपाल सिंह प्रथम सिंह ,शिवांश ,रुद्र प्रताप अनिमेष से पूर्ति माही पूर्वी गुंजन उपस्थित रहे।

## पाटन विधानसभा के नगर मझौली में पहुची कांग्रेस की जनआक्रोश यात्रा



मझौली देशबन्धु। नगर में कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा पहुची, यात्रा के पहुचने पर नगर के सीमा में कार्यकर्ताओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया,हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण ने हाथों में कांग्रेस का झंडा लिए नगर से होते हुए बस स्टैंड में सभा स्थल पहुचे जहाँ जन आक्रोश यात्रा की अध्यक्षता प्रदेश सह प्रभारी संजय कपूर कर रहे जिसमे जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ निलेश जैन, कांग्रेस प्रभारी सुनील जैन सहप्रभारी विभास जैन ने सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा सरकार पर महंगाई,बेरोजगारी,भृष्टाचार,आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार भाजपा सरकार की करनी ओर कथनी को लेकर जम कर हमला बोला, साथ ही होने वाले विधान सभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने आम जनता और कार्यकर्ताओं से निवेदन किया,कांग्रेस की सरकार बनने के बाद प्रदेश का विकाश होगा,ओर सरकार की हर योजना का लाभ आम जनता को देने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉक्टर नीलेश जैन,पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी,विक्रम सिंह,राजेश गुरू,प्रदीप पटेल, राजेश तिवारी, दुर्गेश पटेल,दिलीप सिंह राजपूत आजाद साहू बब्बू यादव मनीष पटेल प्रहलाद ठाकुर सुरेश मांझी गुलाब यादव अभिषेक यादव बबलू पंडा ब्रजेश तिवारी मोनू राय परवेज आलम प्रहलाद चक्रवर्ती आभास दुबे संतोष मांझी राजकिशोर पटेल सौरभ दुबे सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट हुए।



गांधीग्राम में विराजे गणेशजी



## मप्र हाईकोर्ट में महाकौशल-विंध्य अधिवक्ता संघ ने की महाआरती

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में विराजमान भगवान श्रीगणेश की बुधवार को महाकौशल-विंध्य अधिवक्ता संघ ने महाआरती की। मप्र हाईकोट में पिछले अनेक वर्षों से भगवान श्रीगणेश की स्थापना की जा रही है। इसकी शुरुआत पूर्व सचिव मनीष तिवारी ने की थी, जो निरंतर जारी है। महाआरती में मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय वर्मा, सचिव परितोष त्रिवेदी, सहसचिव दीपक सिंह सहित सभी पदाधिकारियों का सहयोग रहा। महाआरती का आयोजन संघ के अध्यक्ष पं. देवेन्द्र कुमार शर्मा, महासचिव राजेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष मंजू वर्मा, रावेंद्र कुमार दुबे, संगठन मंत्री विजय चंद राय, कोषाध्यक्ष सतीश सिंह ठाकुर, सहसचिव सरिता कोष्टी, निधिष पाण्डेय एवं संगठन के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चरित्र संदेह पर पत्नी की गला दबाकर हत्या, आरोपी पति को आजीवन कारावास

**अनूपपुर, देशबन्धु।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश राजेन्द्रग्राम के न्यायालय द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 100/2019, थाना राजेन्द्रग्राम के अपराध क्रमांक 154/2019, धारा 302 भादवि के आरोपी बिसहुआ सिंह मरावी पिता सुखलाल सिंह उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम गिरारी थाना राजेन्द्रग्राम को अपनी पत्नी पर चरित्र संदेह को लेकर गला दबा कर हत्या करने के आरोप में 26 सितम्बर को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 2 हजार के अर्थदंड से दंडित किए जाने का आदेश पारित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी नारेन्द्रदास महरा द्वारा की गई।

न्यायालयीन निर्णय की जानकारी के अनुसार 9 जून 2019 को सूचनाकर्ता कुंदर सिंह ने थाना राजेन्द्रग्राम में उपस्थित होकर सूचना दिया कि वह ग्राम धरमदास का रहने वाला है। 8 जून 2019 को 2 बजे घर से अपनी छोटी



बहन मीराबाई की शादी का न्योता देने हरई, डोकराटोला होते हुए लाला सिंह के साथ लगभग 3 बजे अपनी बडी बहन मुन्नीबाई निवासी गिरारी के घर पहुंचा, जहां घर के अंदर परछी में उसकी बहन सोई थी। उसने अपनी बड़ी बहन को आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नही देने पर उसने अपनी बहन के ऊपर से साल हटाकर देखा तो मुन्नीबाई मृत अवस्था में पडी थी। जिसके मुंह से खून निकलकर गाल में जम गया था।

इसके बाद वह अपने घर धरमदास गया और अपने माता-पिता को इसकी जानकारी देते हुये रिपोर्ट करने थाना पहुंचा। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई तथा विवेचना के दौरान मृतिका के पति बिसहुआ पर संदेह जताते हुये उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। जहां आरोपी पति ने मृतिका के चरित्र पर शंका कर घर की परछी में अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या स्वीकार किया। मामले की विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां अभियोजन द्वारा शासन की ओर से पैरवी की गई, जहां पर न्यायालय द्वारा अपराध प्रमाणित पाये जाने पर आरोपी को उक्त दंड से दंडित किया गया।

## मृत मवेशियों को जेसीबी से लटकाकर ले जाते हैं

### राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर मूक पशुओं मौत

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** सड़क पर आवारा मवेशियो के संबंध में शासन व जिला प्रशासन द्वारा दिए गए आदेश का पालन नहीं हो रहा है।वर्तमान समय में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर कटनी हाईवे फोर लाइन सड़क मार्ग पर झुंड के रूप में आवारा मवेशियों की उपस्थिति रहती है, मवेशियों के उचित रखरखाव व प्रबंधन के अभाव में हाईवे पर मौजूद इन मवेशियों के प्रतिदिन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मौत हो रहे हैं मंगलवार को गांधीग्राम से रामपुर के बीच 2 मवेशियों गाय व बैल की हाईवा , ट्रक द्वारा टक्कर मार दिए जाने से मौके पर मौत हो गई इसके बाद शाम के समय जेसीबी मशीन द्वारा मृत मवेशियों



को पंजे में फंसा कर लटका कर ले जाया गया। इसमें एक गर्भवती गाय भी टक्कर लगने से मृत हो गई थी जिसका पेट में बछड़ा भी मृत हो गया था जिसे हाईवे से जे सी बी से लटकाकर ले जाया जा रहा था गाय के पेट से मृत बछड़ा भी लटक रहा था। लगभग 10-15 दिनों से प्रतिदिन हाईवे पर मवेशियों की नियमित रूप से मौत हो रही है किंतु प्रशासन हाथ पैर हाथ भर बैठे है। इस मौसम में पशुओं को मक्खियों के काटने की दिक्कतें प्रारंभ हो जाती हैं इसलिए खेतों में बैठने वाले पशु भी इन दिनों सूखी सड़कों पर हाईवे फोरलेन सड़क मार्ग पर बैठने लगे हैं। *प्रतिदिन मर रहे मवेशी....लगभग एक महीने से गौवंश सबसे ज्यादा बारिश के मौसम में सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं,कोई दिन ऐसा नहीं गुजरता जब दुर्घटना न हो,लोग और गाय घायल न हो, या उनकी जान न चली जाए। एक महीने में पच्चीसो मवेशी काल कवलित हो चुके हैं। गांधीग्राम में गाय के इलाज की व्यवस्था भी सीमित है,ऐसे में जान बचाना बहुत मुश्किल होता है।

मारे मारे फिर रही गाय..दो वक्त के दाना-पानी के बदले दूध देने और मरने के बाद शरीर के चमड़े से कई लोगों का रोजगार चलाने वाली गाय, सड़कों पर मारी-मारी इसलिए फिर रही हैं, क्योकि उनके रहने-खाने का इंतजाम इंसान ने छीन लिया। गाय बैल सड़कों पर आ गईं, बस यहीं से गाय सड़क दुर्घटना की वजह और शिकार बनने लगी हैं।*मवेशियों को दफनाने का उचित प्रबंध हो... ग्राम के बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि वाहनों से टकराकर प्रतिदिन मरने वाले इन मवेशियों को नेशनल हाईवे के वाहन में उठाकर सड़क के किनारे गहरी नालियों आदि में फेंक दिया जाता है जिससे यह सड़क पर दुर्गंध मारते हैं जिसकी वजह से राहगीरों और वाहन चालकों को असुविधा होती है इसी प्रकार खुले में इन मृत मवेशियों के पड़े रहने से कुत्ते वह पक्षी उनकी हड्डियां व मांस खींचकर सड़क पर ले आते हैं जिस पर दुपहिया वाहन आदि फिसलने पर का हर वक्त खतरा बना रहता है बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि मृत मवेशियों को दफनाने की शासन प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्था की जाए साथ ही लोगों का यह भी कहना है कि इन आवारा मवेशियों के सींगो व गले में रेडियम की पट्टीयां भी लगाई जावें जिससे कि वाहन चालकों को दूर से यह मवेशी दिख सकें।

## आर्मेनिया में गैस स्टेशन पर विस्फोट, 200 से अधिक घायल


**येरेवान।** आर्मेनिया के नागोर्नो–करबाख की राजधानी स्टेपानाकर्ट के पास एक गैस स्टेशन पर विस्फोट में 200 से अधिक लोग घायल हो गए। आर्मेनियाई मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आर्मेनियाई स्वास्थ्य मंत्रालय ने आर्मेनप्रेस समाचार एजेंसी को बताया कि विशेषज्ञ स्टेपानाकर्ट के सहयोगियों के संपर्क में हैं और उन्हें सलाहकार सहायता प्रदान कर रहे हैं। मंत्रालय के अनुसार हेलीकॉप्टर द्वारा घायलों को आर्मेनिया के अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है।

# समुद्र के अंदर 8वें महाद्वीप की खोज, 375 वर्षों से था गायब

**नई दिल्ली।** लगभग 375 वर्षों के बाद, भूवैज्ञानिकों ने एक ऐसे महाद्वीप की खोज की है जो दुनिया की नजरों से अभी तक छिपा था। की रिपोर्ट के अनुसार, भूवैज्ञानिकों और भूकंप विज्ञानियों की एक टीम ने इस महाद्वीप को समुद्र से 2 किलोमीटर नीचे से खोजा है। शोधकर्ताओं ने समुद्र तल से बरामद चट्टान के नमूनों से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग करके इसे पाया। वैज्ञानिकों ने इस महाद्वीप को जीलैंडिया दिया है।

जीलैंडिया 1.89 मिलियन वर्ग मील (4.9 मिलियन वर्ग किमी) का एक विशाल महाद्वीप है, यह मेडागास्कर से लगभग छह गुना बड़ा है। वैज्ञानिकों की टीम ने बताया कि इस महाद्वीप को मिलाकर अब दुनिया में 8 महाद्वीप हो चुके हैं। दुनिया का यह नया महाद्वीप जीलैंडिया 94 प्रतिशत पानी के भीतर है, जिसमें न्यूजीलैंड के समान ही कुछ मुट्ठी भर जमीन हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूज़ीलैंड क्राउन रिसर्च इंस्टीट्यूट जीएनएस साइंस के भूविज्ञानी एंडी टुलोच, जो ज़ीलैंडिया की खोज करने वाली टीम का हिस्सा थे, का कहना है कि यह इस बात का उदाहरण है कि किसी बहुत ही स्पष्ट चीज़ को उजागर करने में कितना समय लग सकता है।

**550 मिलियन वर्ष पहले गोंडवाना लैंड का हिस्सा**– वैज्ञानिकों का कहना है कि जीलैंडिया करीब



550 मिलियन वर्ष पहले गोंडवाना लैंड का हिस्सा हुआ करता था। भूगर्भीय गतिविधियों के चलते यह अलग हुआ और समुद्र में समा गया। शोधार्थी आज भी इसके गोंडवाना से अलग होने को लेकर रिसर्च कर रहे हैं।

**पहली बार कब अस्तित्व में आया**– जीलैंडिया महाद्वीप का अस्तित्व पहली बार 1642 में सामने आया था, जब एक डच बिजनेसमैन और नाविक एबल टैसमैन ग्रेट साउथर्न महाद्वीप की खोज में निकले थे। जब वे न्यूजीलैंड के दक्षिणी आईलैंड पर पहुंचे तो स्थानीय लोगों ने आसपास की जानकारी दी।

इसी के साथ उन्हें जीलैंडिया के बारे में भी बता लगा। इतने लंबे वक्त बाद वैज्ञानिकों को इस महाद्वीप को खोजने में 400 साल लग गए। वैज्ञानिकों का कहना है कि जीलैंडिया का अध्ययन करना हमेशा से कठिन रहा है। वैज्ञानिक अब समुद्र तल से लाए गए चट्टानों और तलछट के नमूनों के संग्रह का अध्ययन कर रहे हैं, जिनमें से अधिकांश ड्रिलिंग स्थलों से आए हैं–अन्य क्षेत्र में द्वीपों के किनारों से आए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, चट्टान के नमूनों के अध्ययन से पश्चिम अंटार्कटिका में भूगर्भिक पैटर्न का पता चला है, जो न्यूजीलैंड के पश्चिमी तट से दूर कैंपबेल पठार के पास एक सबडक्शन जोन की संभावना का संकेत देता है। हालांकि, शोधकर्ताओं को इस क्षेत्र में चुंबकीय क्षमता नहीं मिलीं। वैज्ञानिकों ने जीलैंडिया का एक नक्शा भी तैयार किया है। नक्शा न केवल ज़ीलैंडिया महाद्वीप भूवैज्ञानिक विशेषताएं भी दिखाता है।

## आज का इतिहास

1836–आध्यात्मिक गुरु शिरडी साई बाबा का जन्म।
1837–अंतिम मुग़ल बादशाह बहादुर शाह द्वितीय ने दिल्ली का शासन संभाला।
1887–चीन के ह्वांग–हो नदी में बाढ़ से करीब 15 लाख लोग मरे।
1907–महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह का जन्म।
1923–इथोपिया ने राष्ट्र संघ की सदस्यता छोड़ी।
1928–अमेरिका ने चीन की राष्ट्रवादी च्यांग काई–शेक की सरकार को मान्यता दी।
1929–ख्यातिप्राप्त भारतीय पार्श्वगायिका लता मंगेशकर का जन्म।
1950–इंडोनेशिया संयुक्त राष्ट्र का 60वां सदस्य बना।
1958–फ्रांस में संविधान लागू हुआ।
1982–प्रसिद्ध भारतीय निशानेबाज़ अभिनव बिन्द्रा का जन्म।
1994–एतोमिया के जल पोत के तुर्क सागर में डूब जाने से 800 लोगों की मृत्यु।
1997–अमेरिकी अंतरिक्ष शटल अटलांटिक रूसी अंतरिक्ष केन्द्र %मीर% से जुड़ा।
2000–सिडनी ओलम्पिक में 200 मीटर की दौड़ के स्वर्ण पदक का ख़िताब मोरियाना जोंस तथा केंटेरिस ने जीता।

## राजस्थान दौरे पर जाएंगे उपराष्ट्रपति धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल राजस्थान की एक दिन की यात्रा पर रहेंगे और झुंझुनू, बाड़मेर, बीकानेर तथा जोधपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि धनखड़ नई दिल्ली से राजस्थान पहुंचेंगे जहां सबसे पहले वह बिट्स पिलानी संस्थान जाएंगे और वहां उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। तत्पश्चात उपराष्ट्रपति बीकानेर के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां आईसीएआर के मूंगफली अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करेंगे तथा कृषि वैज्ञानिकों से संवाद करेंगे।

## पुंछ में विशेष पुलिस अधिकारी मृत पाया गया

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में मंगलवार को एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) मृत पाया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृत एसपीओ की पहचान खालिक हुसैन के रूप में हुई है । वह पुंछ जिला पुलिस लाइन में तैनात था और एक स्थानीय थाने सेजुड़ा हुआ था। मृतक की मोटरसाइकिल भी उसके पास ही पड़ी थी। पुलिस ने इसके पीछे किसी दुर्घटना की आशंका जताई है। घटना की जांच शुरू कर दी गयी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल पुंछ भेज दिया गया है।

## बेबी देवी ने विधानसभा के सदस्य के रूप में ली शपथ

**रांची।** झारखंड विधानसभा के डुमरी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य और मंत्री बेबी देवी ने मंगलवार को विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने यहां अपने कार्यालय कक्ष में बेबी देवी को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष अध्यक्ष ने विधायक सह मंत्री बेबी देवी को शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन के कारण डुमरी विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव कराया गया था। महतो के निधन के बाद उनकी पत्नी बीबी देवी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया था।

## उप्र के अमेठी में सड़क हादसे में तीन की मौत

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के जगदीशपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक और ट्रेलर की आमने सामने टक्कर में दो चालकों समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। रायबरेली अयोध्या राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर थौरी गांव के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक और ट्रेलर में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आस पास के लोग बाहर निकले और हादसे की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकला। इस सड़क हादसे में दो चालक और एक खलासी की मौत हो गई। मृतकों की पहचान चालक मनोज कुमार मिश्रा निवासी बगाही थाना बल्दीराय सुल्तानपुर, खलासी प्रदीप कुमार चौबे निवासी मनीपुर पटना थाना कूड़े भार सुल्तानपुर, चालक सुनील कुमार कस्बा मरका थाना मरका बांदा के रूप में हुई।

# खालिस्तानियों का स्वर्ग बना कनाडा गरीबी-भुखमरी से बेहाल, फूड बैंक की रिपोर्ट ने उड़ाई ट्रूडो की नींद

खालिस्तानी आतंकियों की खिदमत में जुटी कनाडा की जस्टिन ट्रूडो की सरकार के निकम्मेपन की पोल पूरी दुनिया के सामने खुल गई है। कनाडा के ही फूड बैंक ने एक रिपोर्ट जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि देश में गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी के आंकड़ों में जबर्दस्त उछाल आया है। फूड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा में 2.8 मिलियन लोग गरीबी में जी रहे हैं, जबकि 70 लाख लोगों के पास खाने–पीने का संकट आ खड़ा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की 18 फीसदी आबादी खाद्यान्न संकट झेल रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कनाडा के राज्य नोवा स्कोशिया में सबसे बुरे हालात हैं। फ़ूड बैंक्स कनाडा की नई रिपोर्ट के अनुसार, नोवा स्कोशिया उन लोगों को खाना मुहैया कराने में विफल रहा है जो गरीबी में जी रहे हैं। रिपोर्ट में 13 मानकों पर चर्चा की गई है। नोवा स्कोशिया को सभी मानकों में सबसे निचले पायदान पर एफ कैटगरी में रखा गया है। मंगलवार को प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा को सभी मानकों को मिलाकर उसके प्रयासों के लिए डी रैंक हासिल हुआ है।

फूड बैंक्स कनाडा के सीईओ कर्स्टन बियर्डस्ले ने एक साक्षात्कार में कनाडा की टीवी चैनल को बताया, कनाडा सरकार गरीबी कम करने के अपने दृष्टिकोण में स्पष्ट रूप से विफल साबित हुई हैं। हमें हर जगह और अधिक और प्रभावी कार्रवाई करने की ज़रूरत है। इस रिपोर्ट में कनाडा की पूर्ववर्ती सरकारों के कामकाज की भी तुलना की गई है।

रिपोर्ट ने प्रत्येक सरकार का चार भागों में विश्लेषण किया है। इसके तहत गरीबी का अनुभव, गरीबी उपाय, भौतिक अभाव (जीवन स्तर) और उससे निपटने के उपायों की प्रगति को स्टडी का आधार बनाया गया है। सरकारी और सार्वजनिक डेटा और सर्वेक्षणों का मिश्रण उपयोग करके, शोध संगठन ने हर मानक पर ग्रेड आवंटित किया है। इस रिपोर्ट में प्रांतों और संघीय सरकार के बीच तुलना भी करना है और यह समझना भी कि कनाडा में कौन सी नीतियां काम कर रही हैं और क्या बेअसर रही हैं।

फूड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा में लोगों को अपने आवास के लिए अपनी आय का 30 फीसदी से ज्यादा रकम खर्च करना पड़ रहा है। इस पैमाने पर कनाडा को कैटगरी डी प्लस में रखा गया है। इसके अलावा गरीबी दर, बेरोजगारी दर, असमान जीवनयापन के मामले में भी डी प्लस रैंकिंग




दी गई है। लोगों ने सर्वे में बताया है कि पिछले साल की तुलना में महंगाई, गरीबी, खाद्यान्न संकट, बेरोजगारी सभी बढ़ी हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 52 फीसदी लोगों ने कहा कि पिछले साल की तुलना में कनाडा में जीवनयापन कठिन हुआ है। 35 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें अपनी आय का 30 फीसदी से ज्यादा हिस्सा घर के किराए के लिए चुकाना पड़ रहा है। सरकारी सहायता को नाकाफी बताते हुए सिर्फ 38 फीसदी लोगों ने सरकारी उपायों से संतुष्टि जताई है। सिर्फ 22 फीसदी लोगों ने कहा कि विकलांगता की समस्या के समाधान में सरकारी प्रयास उपयुक्त हैं।

## लोकतंत्र के नाम पर राजनयिकों को धमकी, दूतावासों पर हो रहे हमले, कनाडा पर खूब बरसे जयशंकर

**नई दिल्ली।** भारत–कनाडा में चल रही तनातनी के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जस्टिन ट्रूडो सरकार की जमकर आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में हालांकि जयशंकर ने कनाडा पर सीधे बोलने से परहेज किया लेकिन, न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम के दौरान सवालों का जवाब देते हुए जयशंकर कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो पर खूब बरसे। उन्होंने कनाडा में अलगाववादी ताकतों, हिंसा और उग्रवाद की लंबी होती जड़ों की कड़ी निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतंत्र के नाम पर राजनयिकों को धमकाया जा रहा है, दूतावासों पर हमले किए जा रहे हैं। इस तरह के कृत्यों पर उनका बहुत उदार व्यवहार चिंता का कारण है।

न्यूयॉर्क में डिस्कशन एट काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में बोलते हुए, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, कनाडा ने वास्तव में अलगाववादी ताकतों, संगठित अपराध, हिंसा और उग्रवाद से संबंधित बहुत सारे अपराध देखे गए हैं। उन्होंने कहा, हमने उन्हें इस तरह को अपराध पर बहुत सारी जानकारियां दी है, जो कनाडा से संचालित हो रही है। बड़ी संख्या में प्रत्यर्पण के अनुरोध किए। वहां ऐसे आतंकवादी नेता हैं, जिनकी पहचान कर ली गई है। विदेश मंत्री ने भारतीय राजनयिकों को धमकियों और भारतीय वाणिज्य दूतावासों पर हमलों की घटनाओं पर चिंता जताई और कहा कि ये राजनीतिक कारणों से बहुत गलत हैं।

## बेहद खूंखार है जो बाइडेन का कुत्ता 'कमांडर', अपने ही एजेंटों पर कर रहा हमले

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का कुत्ता बेहद खूंखार हो गया है। इस कुत्ते ने अब तब 11 लोगों को अपना निशाना बनाया है। कुत्ते का नाम कमांडर है। इस दो वर्षीय जर्मन शेफर्ड ने सोमवार सुबह व्हाइट हाउस में एक और अमेरिकी सीक्रेट सर्विस एजेंट को काट लिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, यह 11वीं बार है जब कुत्ते ने व्हाइट हाउस या बाइडेन परिवार के घर पर किसी गार्ड को काटा है। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस (यूएसएसएस) के संचार प्रमुख एंथनी गुग्लिल्मी ने सीएनएन के हवाले से कहा, कल लगभग 8 बजे, एक सीक्रेट सर्विस यूनिफॉर्मड डिवीजन के पुलिस अधिकारी को राष्ट्रपति के कुत्ते ने काट लिया। अधिकारी का चिकित्सा कर्मियों द्वारा इलाज किया गया है।

घायल अधिकारी ने मंगलवार को सीक्रेट सर्विस यूनिफॉर्मड डिवीजन के प्रमुख अल्फोंसो एम डायसन सीनियर से बात की और बताया कि अब उनकी हालत ठीक है। यूएस सीक्रेट के अनुसार, बाइडेन का कुत्ता कमांडर व्हाइट हाउस और डेलावेयर में कम से कम 11 बार लोगों को काट चुका है। इस कुत्ते ने पिछले साल नवंबर में एक अधिकारी की बाहों और जांघों पर काट लिया था जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। इससे पहले जुलाई में, व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने कहा था कि बाइडेन कुत्ते द्वारा हमले किए जाने के बाद उनकी ट्रेनिंग के लिए नए प्रोटोकॉल पर काम कर रहे हैं। फर्स्ट लेडी की संचार निदेशक एलिजाबेथ अलेक्जेंडर ने एक बयान में कहा, फर्स्ट फैमिली व्हाइट हाउस के मैदानों की अक्सर अप्रत्याशित प्रकृति को संभालने में कमांडर की मदद करने के तरीकों पर काम करना जारी रख रही हैं।

## सुडोकू 6330


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 2 | | 1 | |
| 1 | 8 | | | | 7 | | | |
| | | | 1 | | | 6 | | |
| 8 | 9 | 5 | | 3 | | 1 | | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | 5 | 8 |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | 9 | 1 |
| | 3 | | 9 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6330



**बायें से दायें:–**

१. अपहरण करने वाला चोर, डाकू
४. किसी मार्ग, पुल पर से आवागमन करने पर लगने वाला कर
६. आंखों के सामने
७. किसी वस्तु के निर्माण आदि पर होने वाला खर्च
८. विद्यालय
१०. प्रमाणित (उर्दू)
११. परिवर्तित होना या करना
१३. लालच
१४. सूर्य
१५. दूर करना, हटाना
१७. यूनान का निवासी
१९. प्रकाश, उजाला
२१. विनाश, बर्बादी (उर्दू)
२२. व्यापार (उर्दू)
२४. नपुंसक, हिजड़ा

**ऊपर से नीचे:–**

१. कामना, हसरत
२. इच्छुक, जिसे आवश्यकता हो (उर्दू)
३. कुलबुलाना
४. तरफ़दारी
५. झगड़ालू स्त्री
९. लाख का बना घर जिसे दुर्योधन ने पांडवोंको जीवित जलानेकेलिए बनवाया था
११. झगड़ा, उपद्रव, दंगा (उर्दू)
१२. आसार
१३. वह उपसर्ग जैसा शब्द जो किसी धातु या मूल शब्द के अंत में कोई संज्ञापद–क्रियापद अव्यय या विशेषण बनने के लिए लगाया जाता है
१४. हुक्म, आज्ञा,
१५. घर, मकान
१६. नीरस
१८. वर्ष, साल
१९. दिलचस्प, रुचिकर
२०. वह आधारभूत, सिद्धांत जिसके अनुसार कोई कार्य संचालित किया जाए
२३. दलील

## वर्ग पहेली–6329

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ म | स | २ ख | रा | ■ | ■ | ३ वि | मा | ४ नि | त |
| णि | ■ | प | ■ | ५ मो | ह | क | ■ | र्जी | ■ |
| ६ बं | द | र | गा | ह | ■ | ७ ल | ब्ध | व | ८ र |
| ध | ■ | दा | ■ | ९ पा | त्र | ता | ■ | ■ | वि |
| ■ | १० प | र | ११ व | श | ■ | ■ | १२ अ | त्य | न्त |
| ■ | ह | ■ | र्ण | ■ | १३ प्र | ति | भा | ■ | न |
| १४ मू | ल | १५ ध | न | ■ | वा | ■ | १६ व | १७ ल | य |
| ल्यां | ■ | न्य | ■ | १८ ब | ह | १९ रा | ■ | ल | ■ |
| २० क | ले | वा | ■ | ढ़ि | ■ | २१ क्ष | यं | क | २२ र |
| न | ■ | २३ द | कि | या | नू | स | ■ | ■ | द्द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**अभियान** *जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने हाइब्रिड आतंकियों के खिलाफ छेड़ा अभियान*

# एक सप्ताह में 12 गिरफ्तार, स्थानीय स्तर पर ले रहे प्रशिक्षण

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में एक्टिव आतंकियों की संख्या पर उठे विवाद के बीच सुरक्षाबलों ने हाइब्रिड आतंकियों पर हल्ला बोल छेड़ा है। मंगलवार को भी तीन हाइब्रिड आतंकी धरे गए हैं जबकि एक सप्ताह में 12 हाइब्रिड आतंकियों को पकड़ने के साथ ही उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया है। सेना की चिनार कोर के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है कि बडगाम के बीरवाह इलाके में मंगलवार को चार हाइब्रिड आतंकियों को पकड़ा गया है और उनके कब्जे से तीन पिस्तौलें और कुछ गोला बारूद भी बरामद किया गया है। कश्मीर में हाइब्रिड आतंकियों की गिरफ्तारी कोई पहली नहीं है। रविवार को कश्मीर के कुलगाम जिले में दो आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ किया और



■ **आतंकियों के कब्जे से हथियार व गोला बारूद भी किया गया बरामद**

पांच हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस के पकड़े गए आतंकियों के पास से दो पिस्तौल, तीन हथगोले, एक यूबीजीएल और कुछ गोला बारूद जब्त किया गया। इससे पहले पिछले हफ्ते भी तीन ऐसे ही हाइब्रिड आतंकी धरे गए थे। रक्षाधिकारी व पुलिस अधिकारी अब आप मानते हैं कि कश्मीर में उन्हें एक्टिव आतंकियों से अधिक खतरा हाइब्रिड आतंकियों से है क्योंकि वे भीड़ में छुपे हुए वे चेहरे हैं जिनकी पहचान आसान नहीं है। वे स्वीकार करते हैं कि उन्हें लोकल लेवल पर हथियारों खास कर पिस्तौल से फायर करने की ट्रेनिंग दी जा रही है। हालांकि ये अधिकारी इस पर भी चिंता प्रकट करते थे कि हाइब्रिड आतंकियों को जिन स्थानीय ठिकानों पर ट्रेनिंग दी जा रही है उनका अभी तक पर्दाफाश नहीं हो सका है।

एक सूत्र के बकौल, अनंतनाग में सात दिनों तक चली जंग में मारे गए उजैर खान को भी लोकल लेवल पर ट्रेनिंग देकर तैयार किया गया था।

इस जानकारी के बाद सुरक्षाबलों की चिंता और बढ़ गई है। गौरतलब है कि एक अन्य मॉड्यूल का भंडाफोड़ तब हुआ जब पुलिस को विश्वसनीय स्रोतों के माध्यम से 21 सितम्बर को पता चला कि जांबाजपोरा बारामूला का यासीन अहमद शाह अपने घर से लापता है और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर टीआरएफ में शामिल हो गया है। मानव तकनीकी खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस, सेना और सीएपीएफ की एक संयुक्त टीम ने टप्पर पट्टन में जांच के दौरान 22 सितंबर को उसे पकड़ लिया। उसके पास से एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन और आठ कारतूस सहित आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला–बारूद बरामद किया गया। वहीं सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार बरामद किए। सूत्रों के मुताबिक सेना और पुलिस ने 25–26 सितम्बर की दरम्यानी रात बीरवाह बडगाम में संयुक्त अभियान छेड़ा था। इसी दौरान चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से तीन पिस्तौल और युद्धक हथियार बरामद किए गए।

# खेल जगत

## अंकिता रैना, सुमित नागल एकल क्वार्टर में हारे



**हांगझोउ।** सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना का 19वें एशियाई खेलों के महिला एकल में अभियान बुधवार को यहां जापान की हारुका काजी से हार के साथ समाप्त हो गया, जबकि पुरुष एकल में सुमित नागल का अभियान क्वार्टर फाइनल में हार के साथ समाप्त हुआ। 2018 संस्करण में कांस्य पदक जीतने वाली अंकिता को करीबी मुकाबले में हारुका से 6-3, 4-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। 30 वर्षीय भारतीय, दिन के अंत में युकी भांबरी के साथ फिलीपींस के खिलाफ मिश्रित युगल राउंड 3 मैच में भाग लेंगे। दूसरी ओर, पांचवीं वरीयता प्राप्त सुमित शीर्ष वरीय चीन के झांग झिझेन के खिलाफ 7-6(3) 1-6 2-6 से हार गए। पहले सेट में टाई-ब्रेकर जीतने के बाद, भारतीय खिलाड़ी शेष मैच में झांग की तीव्रता का मुकाबला करने में विफल रहा।

# भारत ने दो स्वर्ण समेत सात पदकों पर लगाया निशाना

**हांगझोउ।** 19वें एशियाई खेलों के चौथे दिन बुधवार को भारत ने निशानेबाजी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य सहित सात पदक जीत लिये। मनु भाकर, ईशा सिंह और रिद्म सांगवान की तिकड़ी को महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक मिला। इसके बाद 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत की सिफ्ट कौर सामरा ने दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। सिफ्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 469.6 अंक का स्कोर करते हुए व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जो नया विश्व रिकॉर्ड है। सिफ्ट कौर सामरा ने नीलिंग में 154.6, प्रोन में 157.9 और स्टैंडिंग एलिमिनेशन में 157.1 का स्कोर बना कर महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी में क्यूनग्यू झांग चीन को 7.3 अंकों के आसान अंतर से हराया।

भारत की कांस्य पदक विजेता आशी चौकसे रजत पदक जीतने की रेस में थीं, लेकिन उनके आखिरी शॉट में 8.9 से नीचे के स्कोर के कारण क्यूनग्यू झांग ने रजत पदक अपने नाम किया और उन्हे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। क्वालीफाइंग राउंड में, सिफ्ट कौर सामरा ने 594 (28) के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि आशी चौकसे 590 (24) के साथ छठे स्थान पर रहीं और मानिनी कौशिक 580 (28) के साथ 18वें स्थान पर रहीं। भारत की तिकड़ी ने क्वालीफाइंग राउंड में अपने क्युमुलेटिव स्कोर 1764 के दम पर टीम रजत पदक जीता। चीन (1773) और कोरिया गणराज्य (1756) ने क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किया। मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की भारतीय महिला 25 मीटर पिस्टल टीम ने 1759 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन (1756) और दक्षिण कोरिया (1742) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया।



मनु भाकर क्वालीफाइंग राउंड में 590 (28) के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान पर रहीं, जबकि ईशा सिंह ने 586 (17) के स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। रिदम सांगवान 583 (23) के साथ सातवें स्थान पर रहीं। ज्ञातव्य है कि व्यक्तिगत स्पर्धा में एक देश से केवल दो ही निशानेबाज अंतिम आठ में पहुंच सकते हैं इसलिए रिदम सांगवान जगह बनाने से चूक गईं। ईशा सिंह ने अपनी शुरुआती सीरीज में केवल 2/5 स्कोर करने के बावजूद फाइनल में रजत पदक जीता। ईशा सिंह ने कुल 34/50 का स्कोर बनाया। वहीं, चीन की रुई लियू ने एशियाई खेलों के रिकॉर्ड 38/50 स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि दक्षिण कोरिया के जिन यांग ने 29/45 के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

मनु भाकर शानदार शुरुआत करने के बावजूद 21/35 के कुल स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। वह सातवीं सीरीज के अंत में बाहर हो गईं। पुरुषों की स्कीट में, अनंतजीत सिंह नरूका ने 58/60 का प्रभावशाली स्कोर हासिल करते हुए रजत पदक जीता। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कुवैत के अब्दुल्ला अब्दुल्ला अल-रशीदी ने भारतीय निशानेबाज को हराने के लिए 60/60 के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। कतर के नासिर अल-अत्तिया को 46/50 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। पुरुष टीम स्पर्धा में, अनंतजीत सिंह नरूका, गुरजोत सिंह खंगुरा और अंगद वीर सिंह बाजवा ने मिलकर 355 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। चीन ने 362 अंकों के साथ स्वर्ण पदक पर अपना कब्ज़ा किया और कतर ने 359 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

अनंतजीत सिंह नरुका पांच राउंड में 121 के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग में चौथे स्थान पर रहने के बाद छह सदस्यीय व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय थे। गुरजोत सिंह खंगुरा और अंगद वीर सिंह बाजवा ने 16वें और 17वें स्थान के लिए 117-117 अंक हासिल किए।

## अंतिम दौड़ रद्द होने से विष्णु स्वर्ण पदक से चूके, पुरुषों की डिंगी में कांस्य पदक मिला



**हांगझोउ।** पुरुषों की डिंगी-आईएलसीए7 वर्ग की 12वीं और अंतिम दौड़ रद्द होने की घोषणा से भारतीय नौकायन शिविर में निराशा फैल गई क्योंकि इससे ओलंपियन विष्णु सरवनन को 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को यहां स्वर्ण पदक जीतने से रोक दिया गया। इसके बजाय, विष्णु को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा क्योंकि उन्हें सिंगापुर और कोरिया गणराज्य के विरोधियों से आगे निकलने का मौका नहीं मिल सका। सरवनन सिंगापुर के स्वर्ण पदक विजेता जून हान रयान लो और कोरिया गणराज्य के रजत पदक विजेता जीमिन हा के बाद तीसरे स्थान पर रहे। निंगबो, जहां एशियाई खेलों की नौकायन प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, के एक वरिष्ठ नौकायन संघ (वाईएआई) अधिकारी ने कहा, विष्णु को स्वर्ण पदक के लिए लड़ना था। लेकिन दुर्भाग्यवश, आज हवा नहीं थी और दौड़ रद्द करनी पड़ी। विष्णु मंगलवार को 11वीं रेस जीतकर पदक की दौड़ में शामिल हो गए थे, जबकि उनके करीबी प्रतिद्वंद्वी हांगकांग के एनबी बेंजी रेस पूरी नहीं कर पाए और उन्हें 14 अंकों की पेनल्टी दी गई।

विष्णु पुरुष लेजर वर्ग में एशियाई चैंपियन हैं, उन्होंने 2022 में अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में स्वर्ण पदक जीता था। यह एशियाई खेलों में उनका पहला पदक था। मंगलवार को नेहा ठाकुर (रजत) और इबाद अली (कांस्य) के बाद 19वें एशियाई खेलों में नौकायन में भारत का यह तीसरा पदक है। एशियाई खेलों में यह पहली बार था कि भारत ने आईएलसीए 7 और आरएसएक्स वर्ग में पदक जीते हैं।

निंगबो के एक समुद्री रिसॉर्ट में निंगबो जियांगशान सेलिंग सेंटर में 11वीं रेस में विष्णु की जीत से उनके कुल 48 अंक और 34 नेट अंक हो गए। और जब बुधवार को अंतिम दौड़ रद्द कर दी गई, तो विष्णु ने लो से आगे निकलने का मौका खो दिया, जो 32 कुल अंक और 26 नेट अंक के साथ पहले स्थान पर थे, और जीमिन हा, जिनके पास 42 कुल अंक और 33 नेट अंक थे। अच्छी दौड़ और थोड़ी किस्मत के साथ, विष्णु अपने दो प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकल सकते थे और स्वर्ण पदक जीत सकते थे।

विष्णु ने 19वें एशियाई खेलों में शानदार शुरुआत की थी और पहली और तीसरी रेस जीती थी। वह छठी रेस में दूसरे स्थान पर रहे लेकिन आठवीं रेस में उन्हें रिटायर होना पड़ा, जिससे उनकी प्रगति बाधित हुई। हालाँकि, 24 वर्षीय नाविक विष्णु, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक खेलों में पुरुष लेजर वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और कुल मिलाकर 20वें स्थान पर थे, 10वीं दौड़ में दूसरे स्थान पर और 11वीं दौड़ में प्रथम स्थान पर रहकर जोरदार वापसी की और खुद को आगे रखा।

स्वर्ण पदक के लिए लड़ने के लिए एक बेहतरीन स्थिति, लेकिन दुर्भाग्य से मौसम की मार ने उनका दिन खराब कर दिया और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## जापान के खिलाफ रोमांचक मुकाबले के लिये भारत ने कसी कमर



**हांगझाउ।** उज्बेकिस्तान और सिंगापुर को रौंदने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम 19वें एशियाई खेल में गुरुवार को गत चैंपियन जापान के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने पिछले हफ्ते अपने शुरुआती पूल ए मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 16-0 से हराया जबकि मंगलवार को हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने सिंगापुर को 16-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारत अब तक की अपनी सबसे कठिन चुनौती के लिए कमर कस चुका है जब गुरुवार को उसका मुकाबला 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान से होगा।

सिंगापुर के खिलाफ चार गोल करने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हम कल के मैच स्तर से अच्छी तरह वाकिफ हैं। जापान के पास एक मजबूत इकाई है और हम उनकी ताकत और कमजोरियों से परिचित हैं। हमें अपनी खेल शैली पर ध्यान केंद्रित करना होगा, लेकिन अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए मैदान पर जरूरत पड़ने पर रणनीति बदलने के लिए भी तैयार रहना होगा।

जापान भी खेलों में अब तक अजेय रहा है, उसने अपने पहले पूल ए मैच में बांग्लादेश को 7-2 से हराया और उसके बाद अपने दूसरे गेम में उज्बेकिस्तान पर 10-1 से जीत दर्ज की।

हरमनप्रीत ने कहा, जापान की टीम में बहुत सारे गोलस्कोरर हैं। इसलिए उनकी आक्रामक गतिविधियों से निपटने के लिए हमारी रक्षा पंक्ति को मजबूत होने की जरूरत है ताकि हम समय रहते अंतरालों को पाट सकें और उन्हें लय हासिल करने का मौका न दें। यह एक दिलचस्प प्रतियोगिता होगी और हम सभी इसके लिए तैयार हैं।

जापान के खिलाफ भारत की आखिरी भिड़ंत पिछले महीने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के सेमीफाइनल में हुई थी, जिसे भारत ने 5-0 से जीता था। भारत ने इसी टूर्नामेंट में पूल मैच में जापान के खिलाफ भी 1-1 से ड्रा खेला। 2013 के बाद से दोनों टीमें 26 बार आमने-सामने हुई हैं, जिसमें भारत ने 21 बार जीत हासिल की है, जापान ने तीन बार जीत हासिल की है और दो गेम ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, हमने हाल ही में जापान के खिलाफ खेला है, जिससे हमें मैच से पहले आत्मविश्वास मिला है। हम उम्मीद करते हैं कि यह एक करीबी मुकाबला होगा। अगर हम मैदान पर सही निर्णय लेते हैं, तो हमें खेल से सकारात्मक परिणाम मिलेगा। भारतीय टीम का जापान से मुकाबला गुरुवार, 28 सितंबर को शाम सवा छह बजे होगा।

## हमें सही रणनीतियों पर टिके रहना चाहिए: सुनील छेत्री

**होंगझोउ।** एशियाई खेलों में सउदी अरब के साथ भारत के राउंड-16 मुकाबले की पूर्व संध्या पर, राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने बुधवार को कहा कि वह उन समस्याओं से अवगत हैं जिनका सामना टीम कर रही है। वह सऊदी अरब के खिलाफ भारत के निराशाजनक ट्रैक रिकॉर्ड और पश्चिम एशियाई पक्ष की वर्तमान ताकत से भी अवगत हैं।

हालाँकि, यह उन्हें गुरुवार को हुआंगलोंग स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में खेले जाने वाले राउंड ऑफ़ 16 मुकाबले पर अपना ध्यान केंद्रित रखने से शायद ही रोक सके।

कप्तान का मानना है कि अगर भारत सही रणनीतियों पर कायम रह सकता है और अगर उसके युवा साथी एकजुट इकाई के रूप में खेलना जारी रखते हैं जैसा कि उन्होंने पहले तीन मुकाबलों में किया था, तो प्री-क्वार्टर फाइनल की लड़ाई रोमांचक हो सकती है। छेत्री ने कहा, हमारे कोच (इगोर स्टिमैक) ने हमें सऊदी खेलों के बहुत सारे क्लिप दिखाए, न केवल वे जो उन्होंने यहां खेले, बल्कि हाल के दिनों के उनके कुछ मैच भी दिखाए। उन्होंने विभिन्न तरीकों के बारे में बात की जिसमें हमें बाहर जाकर खुद को लागू करना चाहिए। अंकित मूल्य पर, वे कई अच्छे खिलाड़ियों के साथ एक बहुत अच्छी टीम हैं ।



एशिया का पांचवां सबसे बड़ा देश और फीफा रैंकिंग में 57वें स्थान पर रहने वाला सऊदी अरब, 102वें स्थान पर मौजूद भारत के खिलाफ हमेशा भारी रहा है, जिसने पांच मुकाबलों में 18 गोल किए हैं, जबकि भारत केवल दो ही गोल कर सका। एशियाई खेलों में दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला दिल्ली में 1982 एशियाड के क्वार्टर फाइनल में सऊदी अरब की एकमात्र गोल की जीत में समाप्त हुआ था। छेत्री ने टीम के भीतर एकता और एकजुटता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एकजुट इकाई के रूप में एक साथ काम करने के महत्व पर जोर दिया।

और इसीलिए कोच का जोर बहुत सरल है- हम एक इकाई के रूप में मैच में जाते हैं और उन स्थितियों से बचते हैं जहां उन्हें एक बनाम एक मिलता है; यह प्रमुख युक्तियों में से एक है। हमने बहुत सारी कतरनें, बहुत सारी संरचनाएँ और विभिन्न चीज़ें देखीं जिन्हें कोच आज़माना चाहता है। उनके पास यह देखने के लिए एक और दिन भी है कि लड़के पांच दिनों में तीन गेम खेलने के बाद कैसे उबरते हैं। अब तक का अनुभव काफी कठिन रहा है। लेकिन अब जब हमने (16वें राउंड के लिए) क्वालीफाई कर लिया है, तो यह भी फायदेमंद है। लेकिन मुझे यह स्वीकार करना होगा, यह उतना आसान नहीं था जितना यह था... लेकिन जो हो गया वह हो गया और अब हम अपना सारा ध्यान और एकाग्रता सऊदी मैच पर केंद्रित कर रहे हैं।

टीम में कई युवा प्रतिभाएं हैं और छेत्री ने उनकी क्षमता पर भरोसा जताते हुए कहा, टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं जिन्हें शायद इस तरह के टूर्नामेंट के माहौल का स्वाद नहीं मिला।

## बायर्न म्यूनिख ने प्रीसेन मुंस्टर को 4-0 से दी मात

**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख ने तीसरे डिवीजन की टीम प्रीसेन मुंस्टर को 4-0 से हराकर जर्मन कप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। जर्मन दिग्गजों ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। बायर्न ने लगातार प्रीसेन मुंस्टर के खिलाफ दबाव बनाया और 4-0 से जीत हासिल की। मुंस्टर के कोच साशा हिल्डमैन ने कहा, एक कोच के रूप में आप स्पष्ट रूप से गेम हारना पसंद नहीं करते। लड़कों ने मेहनत की। मैं अपनी टीम को स्कोर करते हुए देखना पसंद करता लेकिन मुझे अभी भी गर्व है। बायर्न के कोच थॉमस ट्यूशेल ने कहा, हमने मैच को गंभीरता से लिया और जवाबी हमले की अनुमति नहीं दी। हम 90 मिनट तक सतर्क रहे और पहले हाफ में तीन गोल करके मैच को अपने पक्ष में किया। हालांकि, दूसरा हाफ कठिन था क्योंकि प्रतिस्थापनों ने मुश्किलें पैदा की।

## पीटरसन एमआई केप टाउन के मुख्य कोच नियुक्त, मलिंगा बने गेंदबाजी कोच

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर रॉबिन पीटरसन को एसए 20 2024 के लिए एमआई केप टाउन का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। पीटरसन ने एमआई न्यूयॉर्क को उद्घाटन एमएलसी खिताब के लिए प्रशिक्षित किया था।

श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। एमआई केप टाउन 10 मैचों में 3 जीत के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रहा, पीटरसन 2023 में एमआई केप टाउन के महाप्रबंधक थे। वह मुख्य कोच के रूप में साइमन कैटिच की जगह लेंगे, जबकि मलिंगा न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जैकब ओरम की जगह लेंगे। .

पीटरसन और मलिंगा इस साल की शुरुआत में यूएसए के मेजर लीग क्रिकेट के उद्घाटन सत्र में क्रमशः मुख्य कोच और गेंदबाजी कोच के रूप में एमआई न्यूयॉर्क के खिताब जीतने के



अभियान का हिस्सा थे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला राशिद खान की कप्तानी वाली एमआई केपटाउन के बल्लेबाजी कोच बने रहेंगे। एमआई केप टाउन ने अगले सीज़न से पहले चार खिलाड़ियों को रिटेन किया है, सैम करेन, कैगिसो रबाडा और डेवाल्ड ब्रेविस के साथ राशिद खान भी चार खिलाड़ियों में शामिल हैं।

## सार संक्षेप

### विश्व चैंपियन धावक डाफने शिपर्स ने लिया संन्यास

**द हेग।** नीदरलैंड की दो बार की विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स ने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। हर एक खिलाड़ी के जीवन में एक ऐसा क्षण आता है जब उसे न चाहते हुए भी अपने करियर को अलविदा कहना पड़ता है। ऐसा ही समय अब विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स के करियर में आया है। काफी समय से चोटों से जूझने के बाद उन्होंने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। शिपर्स के करियर का मुख्य आकर्षण बीजिंग में 2015 विश्व चैंपियनशिप थी जब उन्होंने 200 मीटर में स्वर्ण और 100 मीटर में रजत पदक जीता था। फिर, दो साल बाद लंदन में उन्होंने 200 मीटर में अपने खिताब का बचाव किया और 100 मीटर में तीसरे स्थान पर रहीं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक खेलों में 200 मीटर में रजत पदक जीता था। शिपर्स के पास अभी भी 2015 में बीजिंग में 21.63 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर में यूरोपीय रिकॉर्ड है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में शिपर्स को कई चोटों का सामना करना पड़ा। उनका अभी भी पेरिस में 2024 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का सपना था, लेकिन अब उन्हें एहसास हुआ कि सपना सच नहीं होगा तो उन्होंने इसे छोड़ने का फैसला किया।

### दीपेंद्र सिंह ने तोड़ा युवराज का 16 साल पुराना रिकॉर्ड, 9 गेंदों में ठोका सबसे तेज अर्धशतक

**हांगझोऊ।** नेपाल क्रिकेट टीम ने चीन में जारी एशियन गेम्स में रिकॉर्ड की बारिश कर दी है। इस टीम के खिलाड़ी दीपेंद्र सिंह ऐरी ने युवराज सिंह के 16 साल पुराने सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। क्रिकेट में बुधवार को मंगोलिया और नेपाल की टक्कर थी। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में तीन विकेट खोकर 314 रन बनाए। ये टी20 में सबसे बड़ा स्कोर है।

## सुडोकू 6330 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 2 |

## संगीता की हैट्रिक व नवनीत कौर के दो गोल से भारतीय महिला हॉकी का सिंगापुर पर बड़ी जीत के साथ आगाज

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ भारत ने छह मैदानी गोल किए और छह गोल पेनल्टी कॉर्नर किए

**नई दिल्ली।** नौजवान स्ट्राइकर संगीता कुमारी की हैट्रिक तथा आक्रामक मिडफील्डर नवनीत कौर के दो गोल की बदौलत दुनिया में सातवें नंबर पर काबिज भारत की महिला हॉकी टीम ने सिंगापुर का हांगजू (चीन) एशियाई खेलों में बृहस्पतिवार को पूल ए में तेज गर्मी में खेले मैच में अपने सभी प्रयोग करते हुए 13-0 से जोरदार जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। संगीता (23 वें, 47 वें और 56 वें मिनट) ने दो मैदानी गोल किए जबकि एक गोल पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। वहीं नवनीत (14 वें मिनट, एक मैदानी और एक पेनल्टी कॉर्नर पर)दागा। संगीता और नवनीत सहित भारत की महिला हॉकी के लिए दस अलग-अलग खिलाडि़यों का -उदिता(छठे मिनट), सुशीला चानू (8 वें मिनट), दीप ग्रेस एक्का(17वें मिनट), नेहा गोयल (19वें मिनट), सलीमा टेटे(35 वें मिनट) मोनिका(52 वें मिनट) और वंदना कटारिया(56 वें) एक-एक गोल करना बेहद सुखद रहा है। भारत ने छह मैदानी गोल किए और छह गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए जबकि सुशीला चानू ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। भारत ने तूफानी अंदाज में आगाज कर पहले ही क्वार्टर में 5-0 की बढ़त ले ली थी और दूसरे क्वार्टर



में तीन और गोल कर हाफ टाइम तक 8-0 की बढ़त ले ली थी

सिंगापुर ने तीसरे क्वार्टर में गोलरक्षक सहित अपनी सभी 11 खिलाड़ी भारत के हमलों को रोकने के लिए लगा दी। तीसरे क्वार्टर में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अकेली सलीमा टेटे ही एक मैदानी गोल कर पाई। भारत ने चौथे और आखिरी क्वार्टर में चार मैदानी गोल कर मैच 13-0 से जीत लिया। भारत की चीफ कोच ने खिलाडि़यों को तेज उमस और गर्मी में अगले मैचों के लिए अपनी ताकत बचाए रखने के मकसद से बहुत समझदारी से अपनी खिलाडि़यों का इस्तेमाल किया और अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को आखिरी क्वॉर्टर में उतारी कर अपनी नौजवान स्ट्राइकरों दीपिका, संगीता को ललरेमसियामी के मिल कर आगे बढ़ कर सिंगापुर के गोल पर हमलों की रणनीति अपनाई। अपनी ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर के बाहर रहने पर भारत की चीफ कोच शॉपमैन की इनडायरेक्ट गोल करने के लिए नेहा गोयल, मोनिका, नवनीत और उदिता को पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का मौका देना बहुत कारगर रहा।

मोनिका, अनुभवी वंदना कटारिया, ललरेमसियामी, संगीता कुमारी और दीपिका जैसी भारत की स्ट्राइकरों ने परस्पर तालमेल से खेलते हुए से खेलते हुए हांगजू (चीन) में सिंगापुर के खिलाफ एशियाई खेलों में महिला हॉकी के पूल में ऐसा दबाव बनाया कि उसके किले को बिखेरते देर नहीं लगी। भारत की अग्रिम पंक्ति ने अपनी मध्य पंक्ति में सलीमा टेटे, नवजोत कौर और नेहा गोयल द्वारा ने शुरू के दो क्वार्टर में खासतौर पर पेनल्टी कॉर्नर बनाए और शुरू के दो क्वॉर्टर में छह को गोल मे बदला ही एक गोल पेनल्टी स्ट्रोक पर और एक मैदानी गोल किया। मोनि को भारत की चीफ कोच यांकी शॉपमैन ने डिफेसिंव मिडफील्डर को सेंटर फॉरवर्ड के रूप में खिलाकर सभी को चौंका दिया।

| SENSEX | BSE | 65945.47 ▲ 78.22 | 19664. 70 ▼ 9.85 | MCX | Gold 58495 ▼ 206 | silver 71771 ▼ 379 |
|---|---|---|---|---|---|---|



# [ अर्थ जगत ]

## रुपया शुरुआती कारोबार में पांच पैसे उछला

नयी दिल्ली। वैश्विक निवेशकों की भारी बिकवाली और मजबूत अमेरिकी मुद्रा के बीच पिछले दो सत्रों में अपने भारी नुकसान से उबरते शुरुआती कारोबार में रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे की बढ़त के साथ 83.23 पर पहुंच गया। विदेशी कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों के रुख और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का भी भारतीय मुद्रा पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.23 पर खुला। इसके बाद 83.21 से 83.24 प्रति डॉलर के बीच सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद 83.23 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद स्तर की तुलना में पांच पैसे की बढ़त है। मंगलवार को रुपया 83.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।






## बायजू इस वित्तीय वर्ष में 3,500 कर्मचारियों की कर सकता है छंटनी

**नयी दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू चालू वित्त वर्ष में 3,500 कर्मचारियों की छंटनी कर सकती है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने यह जानकारी दी। कंपनी अपनी टीमों को मजबूत करने और क्षेत्रीय स्तर पर अधिक ध्यान देने पर विचार कर रही है। सूत्रों में से एक के अनुसार, ऑनलाइन शिक्षा में अचानक उछाल के कारण बायजू ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय लोगों को अधिक काम पर रखा था, लेकिन अब मांग कम हो गई है जिसके लिए कंपनी को बदलाव करने की जरूरत है। नाम उजागर न करने की शर्त पर एक सूत्र ने मीडिया से कहा, फिलहाल कोई छंटनी नहीं हुई है। कंपनी विभिन्न इकाइयों में मांग के मद्देनजर स्थिति का आकलन कर रही है। करीब एक हजार लोग पहले ही नोटिस पीरियड पर काम कर रहे हैं और अन्य एक हजार ने अपने प्रदर्शन सुधार मापदंडों को पूरा नहीं किया है। आकलन अब भी किया जा रहा है। इस पूरी कवायद से 3,000-3,500 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि यह बायजू की आखिरी छंटनी होगी और पूरी प्रक्रिया अक्टूबर के अंत तक पूरी हो जाएगी।

## त्यौहारी सीजन से पहले चीनी की कीमतें 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचीं



*नयी दिल्ली। डिमांड और सप्लाई में तार-चढ़ाव के कारण चीनी की कीमतें 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। भारत और थाईलैंड को सूखे और कृषि प्राथमिकताओं में बदलाव के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि ब्राजील के मजबूत चीनी उत्पादन और अनुकूल मौसम की स्थिति कीमतों को प्रभावित कर रही है।*

अल नीनो प्रभाव वैश्विक चीनी उत्पादन को बाधित कर सकता है, जिससे भारत सूखे से प्रभावित होगा और भारी बारिश से ब्राजील प्रभावित होगा। अंतर्राष्ट्रीय चीनी संगठन ने आगामी सीजन के लिए वैश्विक चीनी घाटे की भविष्यवाणी की है, जिससे कीमतों में अस्थिरता होगी। बता दें उपभोक्ता मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को देश में चीनी का अधिकतम मूल्य 70 रुपये और न्यूनतम 36 रुपये था। चीनी का मॉडल मूल्य 42 रुपये किलो और औसत रेट 43.74 रुपये प्रति किलो रहा।

**उत्पादक देशों में चीनी उत्पादन में कमी को लेकर चिंताएं** - केडिया कमोडिटिज के प्रेसीडेंट अजय केडिया ने कहा कि आपूर्ति और मांग की गतिशीलता के संयोजन के कारण हाल ही में चीनी की कीमतें 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। स्पलाई के मोर्चे पर प्रमुख उत्पादक देशों में चीनी उत्पादन में कमी को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। चीनी बाजार के दो प्रमुख खिलाड़ी भारत और थाईलैंड सूखे और बदलती कृषि प्राथमिकताओं जैसे मुद्दों से जूझ रहे हैं। खराब मॉनसून सीजन के कारण भारत के संभावित निर्यात प्रतिबंध और सूखे के कारण थाईलैंड के चीनी उत्पादन में अनुमानित गिरावट आपूर्ति पक्ष की चुनौतियों में योगदान दे रही है। इसके विपरीत, ब्राजील का मजबूत चीनी उत्पादन कीमतों पर मंदी के कारक के रूप में काम कर रहा है।

## अगले रबी सीजन में 1,140 लाख टन गेहूं उत्पादन का लक्ष्य

*नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने आगामी रबी सीजन में 1,140 लाख टन गेहूं उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जो 2022-23 में हुए 1,127 लाख टन की तुलना में 13 लाख टन ज्यादा है। इसके अलावा गेहूं के कुल 300 लाख हेक्टेयर रकबे का करीब 60 प्रतिशत जलवायु प्रतिरोधी किस्मों के तहत लाने का लक्ष्य भी रखा गया है, क्योंकि इस साल अल नीनो की संभावना बन रही है। रबी की तैयारियों पर राज्यों के साथ आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के यह लक्ष्य तय किए गए।*



रबी के सीजन की प्रमुख दलहन फसल चने के लिए सरकार ने 135.5 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य रखा है। 2022-23 में कुल चना उत्पादन 135.5 लाख टन था। रबी सत्र की मुख्य फसल गेहूं की बोआई अक्टूबर में शुरू होती है और इसकी कटाई मार्च एवं अप्रैल में होती है। केंद्रीय कृषि सचिव मनोज आहूजा ने कहा, 'जलवायु पारिस्थितिकी में कुछ बदलाव हुए हैं जो कृषि को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में हमारी रणनीति जलवायु-प्रतिरोधी बीजों के इस्तेमाल की है।

'सरकार ने 2021 में जल्द गर्मी आने से गेहूं की पैदावार पर पड़े असर को देखते हुए 2022 में किसानों को 47 प्रतिशत गेहूं रकबे में गर्मी को झेल पाने वाली किस्मों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया था। देश में गेहूं की पैदावार का कुल रकबा तीन करोड़ हेक्टेयर है। आहूजा ने कहा, 'हम इस साल गर्मी झेल सकने वाली गेहूं की किस्मों की उपज वाले रकबे का दायरा बढ़ाकर कुल रकबे का 60 प्रतिशत करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

'कृषि सचिव ने कार्यक्रम में कहा कि देश में 800 से अधिक जलवायु-प्रतिरोधी किस्में उपलब्ध हैं। इन बीजों को 'सीड रोलिंग' योजना के तहत बीज श्रृंखला में डालने की जरूरत है। उन्होंने राज्यों से कहा कि वे किसानों को गर्मी-प्रतिरोधी किस्में उगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने राज्यों को जलवायु की परिपाटी में आ रहे बदलावों से निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान करते हुए कहा, 'अगर बारिश, तापमान एवं विविधता का तरीका बदलता रहा तो इसका असर कृषि पर भी पड़ेगा।' आहूजा ने कहा, 'हमने देखा है कि बारिश का तरीका किस तरह बदल रहा है। जून में कम बारिश, जुलाई में अधिक बारिश, अगस्त में शुष्कता और सितंबर में फिर से अधिक बारिश हुई है। इसकी वजह से देश में बारिश पांच प्रतिशत कम हुई है।'

इन आशंकाओं से सहमति जताते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक हिमांशु पाठक ने कहा कि संस्था ने 2,200 से अधिक फसल किस्मों का विकास किया है, जिनमें से 800 जलवायु परिवर्तन के अनुकूल हैं। उर्वरक सचिव रजत कुमार मिश्रा ने कहा कि पानी के बाद उर्वरक खेती में एक ऐसा कच्चा माल है जो उत्पादन को प्रभावित करता है।

## उतार-चढ़ाव के बाद संभला बाजार

### सेंसेक्स 66 हजार अंक के पार



**मुंबई। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार एक बार फिर गुलजार हुआ। ट्रेडिंग के दौरान उतार-चढ़ाव के बाद बीएसई सेंसेक्स 173.22 अंक चढ़कर 66,118.69 अंक पर बंद हुआ।**

वहीं, एनएसई निफ्टी 51.75 अंक की बढ़त के साथ 19,716.45 अंक पर ठहरा। सेंसेक्स इंडेक्स के 30 शेयरों में टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन टॉप लूजर रही। वहीं, एलएंडटी में सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई।

शेयर बाजार में गिरावट बढ़ने लगी है। सेंसेक्स अब 325 अंक टूट चुका है। जबकि एक समय यह 65549 तक गिर चुका था। इस समय यह 65620 के स्तर पर ट्रेड कर रहा था। निफ्टी भी अब 96 अंक नीचे 19567 पर है। यह 19554 के आज के निचले स्तर पर पहुंच गया था। अमेरिकी शेयर बाजारों में गिरावट का असर आज शुरुआती कारोबार में ही घरेलू बाजारों पर दिखने लगा है। घरेलू शेयर मार्केट की शुरुआत लाल निशान से हुई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 19 अंकों की कमजोरी के साथ 65925 के स्तर पर खुला। जबकि, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने 19637 के स्तर से आज के दिन के कारोबार की शुरुआत की। अमेरिकी शेयर बाजारों में मंगलवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। वॉल स्ट्रीट के प्रमुख संवेदी सूचकांक डाऊ जोन्स, एसएंडपी और नैस्डैक में 1.14 फीसद से 1.57 फीसद तक की गिरावट रही।

## मुकेश अंबानी के बच्चे नहीं लेंगे कोई वेतन



**नयी दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक बनाए गए अंबानी परिवार के तीनों उत्तराधिकारी कोई वेतन नहीं लेंगे और उन्हें सिर्फ निदेशक मंडल एवं समितियों की बैठकों में शामिल होने की फीस दी जाएगी। कंपनी ने उनकी नियुक्ति पर शेयरधारकों की मंजूरी लेने के लिए रखे गए प्रस्ताव में यह जानकारी दी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी वित्त वर्ष 2020-21 से ही कोई वेतन नहीं ले रहे हैं। उनके दोनों पुत्रों-आकाश एवं अनंत और पुत्री ईशा को कंपनी के निदेशक मंडल में शामिल किए जाने की घोषणा अगस्त में आयोजित वार्षिक आमसभा में की गई थी। रिलायंस ने अब अपने शेयरधारकों को डाक के जरिये पत्र भेजकर इन तीनों नियुक्तियों पर उनकी मंजूरी मांगी है। इस नोटिस में कहा गया है कि नए निदेशकों को निदेशक मंडल या समितियों की बैठक में शामिल होने के शुल्क के रूप में भुगतान किया।

## कसीनो और ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को 55,000 करोड़ के जीएसटी बकाये का नोटिस




*नयी दिल्ली। केंद्र सरकार कसीनो और ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के खिलाफ शिकंजा कस रही है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस ने 12 ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग कंपनियों को 55,000 करोड़ के जीएसटी बकाया को लेकर नोटिस जारी किया है।*

इन कंपनियों में हेड डिजिटल वर्क्स, ड्रीम11 और अन्य हैं। कुल गेमिंग आय पर जीएसटी का भुगतान न करने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ड्रीम11 को सबसे अधिक 25,000 करोड़ के बकाये का नोटिस मिला है। यह देश में दिया गया सबसे बड़ा अप्रत्यक्ष कर नोटिस है। आने वाले समय में गेमिंग कंपनियों को एक लाख करोड़ रुपये तक के नोटिस पहुंच सकते हैं। यह नोटिस सरकार ने कसीनो और ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने के निर्णय के बाद भेजे हैं। ड्रीम11 ने पूर्व-कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया है। बंगलूरू की ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजी को सितंबर 2022 में 21,000 करोड़ रुपये का कर नोटिस मिला था। अप्रत्यक्ष कर के इतिहास में इससे पहले इस तरह का यह सबसे बड़ा दावा था। पिछले सप्ताह डेल्टा कॉर्प को भी ब्याज और जुर्माने के साथ 11,139 करोड़ रुपये का कर नोटिस भेजा गया है।

**अधिकतर मामलों में जीएसटी को लेकर है विवाद** - नए नियम में उपयोगकर्ताओं की ओर से ऑनलाइन गेमिंग के लिए चुकाई रकम पर कर लगाया जाएगा। इससे कौशल और अवसर वाले खेल के बीच कोई अंतर नहीं होगा। अधिकतर मामलों में इस पर विवाद है। नए नियम के तहत कौशल और अवसर दोनों पर आधारित खेल में कर वसूला जाएगा।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60400 चांदी टंच-72600

चांदी रिफाइन -73600

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60400 चांदी टंच-72600

चांदी रिफाइन -73600


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.22 |
| एक यूरो | 88.52 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101.09 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.10 |
| एक जापानी येन | 00.55 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 112 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 122 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 77 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. कि लो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


## भारत ने घटाया कनाडा से मसूर का आयात

### सीटीआई ने की कनाडा से मसूर आयात पर प्रतिबंध की मांग

*नई दिल्ली। ट्रूडो के इस आरोप के बाद भारत के कनाडा से मसूर के आयात पर साफ असर दिख रहा है। इंडस्ट्री के सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि ट्रूडो द्वारा पिछले हफ्ते भारत पर आरोप लगाने के बाद से भारत का कनाडा से मसूर का आयात धीमा हो गया है। सूत्रों ने बताया कि भारत द्वारा बदला लेने की आशंका है, जिससे व्यापार सीमित हो सकता है। दिल्ली चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने सोमवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को लिखे एक पत्र में केंद्र सरकार से कनाडा से मसूर के आयात पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। जिससे उस पर आर्थिक दबाव डाला जा सके।*

**कनाडा हमें कितनी दाल बेचता है?** - भारत की वार्षिक दाल खपत लगभग 23 लाख टन है। इसमें से 15-16 लाख टन घरेलू रूप से उत्पादित की जाती है और शेष अन्य देशों से आयात की जाती है। पिछले वित्त वर्ष में, भारत ने कनाडा से 4.85 लाख टन मसूर का आयात किया, जिसकी कीमत लगभग 370 मिलियन डॉलर (करीब 3,071 करोड़ रुपये) थी। यह उसके कुल मसूर आयात का आधे से अधिक है। यह कनाडा को भारत के खाद्य व्यापार में एक महत्वपूर्ण प्लेयर बनाता है।




**कनाडा के व्यापारियों को सता रही चिंता** - भारतीय खरीदारों ने इस साल की शुरुआत से ही कनाडा से अच्छी-खासी मात्रा में मसूर खरीद ली है, जिसकी डिलीवरी फसल कटाई के बाद होगी। जानकारों का कहना है कि जाहिर है कि हम इस बात को सुनिश्चित करने के लिए चिंतित हैं कि बिक्री अच्छे से हो जाए। प्राइस ने कहा कि उन्हें किसी भी तरह के कैंसिलेशन के बारे में जानकारी नहीं है। प्राइस ने कहा कि ट्रूडो की टिप्पणियों के बाद से भारतीय खरीदारों ने कनाडाई मसूर के लिए अपनी पेशकश 6प्रतिशत घटाकर 770 डॉलर प्रति मीट्रिक टन कर दी है।

**क्या लगेंगे व्यापार प्रतिबंध?** - कुछ जानकारों का यह भी कहना है कि इंडस्ट्री के अधिकारियों को चिंता है कि दोनों देशों के बीच मौजूदा तनाव के कारण सरकारों द्वारा व्यापार प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है।

**कनाडा के किसानों को चुकानी होगी कीमत** - भारत मसूर के अपने आयात में विविधता ला रहा है और अब वह किसी एक देश पर बहुत अधिक निर्भर नहीं है। ऑस्ट्रेलिया से मसूर का आयात बढ़कर लगभग दो लाख टन हो गया है। भारत ने रूस से भी मसूर का आयात शुरू कर दिया है। रूसी मसूर की एक खेप अगस्त में चेन्नई बंदरगाह पर उतरी थी।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपने उत्तर क्षेत्रीय ग्रेट 4×4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा के समापन की घोषणा



*होशियारपुर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने उत्तर क्षेत्र में अपने ग्रेट4×4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा का सफलता पूर्वक समापन किया, जो रोमांचक ऑफ-रोड ऐडवेंचर के मिश्रण के साथ एक यादगार ड्राइव है।*

उत्तरी अभियान ग्रेट 4×4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा की श्रृंखला में नवीनतम है जिसकी शुरुआत दक्षिण भारत में एक क्षेत्रीय अभियान के साथ हुई थी और पश्चिमी क्षेत्रीय अभियान के माध्यम से जारी रही। इस अभियान ने 4×4 के उत्साहियों को लुभाया और यादगार अनुभव तैयार करने के प्रति टोयोटा की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

यह अनुभवात्मक ड्राइव 22 सितंबर से 24 सितंबर 2023 तक होशियारपुर के सुरम्य परिदृश्य में चला, जिसमें साहस और ऑफ-रोडिंग उत्कृष्टता की अदम्य भावना का प्रदर्शन किया गया जो टोयोटा की 4×4 एसयूवी को परिभाषित करता है। उत्कृष्ट 4×4 एसयूवी का एक जोरदार काफिला रोमांचक साहसिक यात्रा पर निकल पड़ा था। इसमें प्रतिष्ठित हाइ लक्स, मशहूर एलसी 300, सर्वप्रिय फॉर्च्यूनर तथा अत्याधुनिक हाइ राइर एडब्ल्यूडी शामिल थे। ये सब टोयोटा 4×4 एसयूवी, अपनी असाधारण ऑफ-रोड क्षमता और अत्याधुनिक तकनीक के लिए जानी जाती हैं और पूरी यात्रा के दौरान छाई रहीं, बेजोड़ प्रदर्शन रहा।

## सरकारी की तुलना में तेजी से बढ़े प्राइवेट सेक्टर के बंदरगाह

*नई दिल्ली। सरकार ने केंद्रीय बजट में तटीय शिपिंगको बढ़ावा देने की घोषणा की थी, उसके बाद भारत के तटों से माल ढुलाई में तेजी आई है। हालांकि बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि सरकारी बंदरगाहों की तुलना में निजी बंदरगाहों की वृद्धि दर तेज रही है।*



विशेषज्ञों का कहना है कि इसकी कई वजहें हैं, जिसमें बड़े बंदरगाहों की मांग सुस्त होना, निजी बंदरगाहों की ओर आपूर्ति श्रृंखला का जाना और निजी खदानों से जुड़ी कंपनियों की क्षमता और उत्पादन में वृद्धि शामिल है। इसकी वजह से प्रमुख और गैर प्रमुख बंदरगाहों पर तटीय कार्गो की मात्रा में अंतर बढ़ रहा है। अप्रैल से अगस्त के बीच सरकारी बंदरगाहों द्वारा संचालित तटीय कार्गो में महज 1.3 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इसमें से कुछ बड़े तटीय केंद्रों में तटीय आवाजाही में पिछले साल की तुलना में गिरावट आई है। इसके विपरीत निजी या राज्य सरकारों द्वारा संचालित बंदरगाहों के तटीय कार्गो की आवाजाही इस अवधि के दौरान करीब 21 प्रतिशत बढ़ी है। प्रमुख बंदरगाहों पर ढुलाई में वृद्धि पिछले 5 महीने में 10 लाख टन से कम रही है जबकि निजी बंदरगाहों की ढुलाई इस दौरान 100 लाख टन बढ़ी है।

भले ही वृद्धि दर अलग रही है, लेकिन प्रमुख बंदरगाह कुल कार्गो की मात्रा के हिसाब से अभी भी बहुत आगे हैं। 2023-24 में प्रमुख बंदरगाहो ने 750 लाख टन तटीय कार्गो का संचालन किया है, जबकि गैर प्रमुख बंदरगाहों से 550 लाख टन ढुलाई हुई है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस ऐंड एनॉलिटिक्स में परिवहन, लॉजिस्टिक्स एवं आवाजाही के वैश्विक प्रमुख और सीनियर डायरेक्टर जगन्नारायण पद्मनाभन ने कहा कि केंद्र सरकार के विशाखापत्तनम बंदरगाह में कार्गो ट्रैफिक में गिरावट आई है।


**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

**बिना ऑपरेशन**

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# जबलपुर की तस्वीर बदल देगा फ्लाई ओवर : शिवराज



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी में बुधवार का दिन बड़ी ही खुशी देने वाला दिन रहा। शहर में बन रहे फ्लाई ओवर में मदन महल क्षेत्र के महानद्दा से गुलाटी पेट्रोल पंप तक फ्लाई ओवर शुरू कर दिया गया है। जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फीता काटकर किया। इस मौके पर शिवराज सिंह ने कहा कि फ्लाई ओवर जबलपुर की तस्वीर बदल देगा। हम विकास के मामले में जबलपुर को इंदौर-भोपाल से पीछे नहीं रहने देगें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आगे कहा कि जितने विकास के कार्य हमने किए है कांग्रेस ने कभी नहीं किए है। जबलपुर विकास की दिशा में आगे रहेगा। कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, नंदनी मरावी, डॉ. जितेंद्र जामदार, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, ग्रामीण जिला अध्यक्ष रानू तिवारी, जिप अध्यक्ष संतोष बरकड़े, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, राजकुमार मेहता, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, शशिकान्त शुक्ला, राममूर्ति मिश्रा, रूपा राव, अलका गर्ग मंचासीन थे।

मप्र शासन के लोकनिर्माण विभाग एवं जबलपुर के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा विकास किसे कहते हैं यह आज जबलपुर के फ्लाई ओवर के एक हिस्से के लोकार्पण के बाद आप देख सकते है। उन्होंने कहा यह खूबसूरत फ्लाई ओवर न सिर्फ समय, ईंधन, दुर्घनाओं और ट्रैफिक जाम से बचाएगा बल्कि प्रदेश में विकास का अनुपम उदाहरण होगा। उन्होंने कहा 5 अक्टूबर को प्रधानमंत्री जी आ रहे है और इसी मदनमहल में रानी दुर्गावती जी का स्मारक 100 करोड़ से बनेगा जिसका भूमिपूजन होगा।

**फ्लाई ओवर की विशेषताएं-**

-लगभग 7 किमी लंबा और फ्लाई ओवर के दोनों ओर 9.5 किमी लंबी सीसी सड़क .

-भारत का दूसरा सबसे बड़ा और मप्र के सबसे लंबा फ्लाई ओवर ब्रिज है।

-मप्र की सबसे बड़ी रोटरी और देश के बड़े महानगरों में भी इतनी बड़ी रोटरी नही है।

-दमोहनाका से मदनमहल तक बन रहे फ्लाई ओवर में मदनमहल रेलवे स्टेशन के ऊपर केबल स्टे ब्रिज के साथ ही रानीताल एवं बलदेवबाग में आयरन ब्रिज। इसके अलावा भी अन्य खूबियां।



## राष्ट्रपति मुर्मू का डुमना विमानतल पर गर्मजोशी से स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू का बुधवार को डुमना एयरपोर्ट जबलपुर पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू शाम चार बजे भारतीय वायुसेना के विमान द्वारा इंदौर से डुमना एयरपोर्ट पहुंची थी। एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति की अगवानी राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की। उन्होंने राष्ट्रपति का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। राष्ट्रपति का अभिनंदन करने वालों में केंद्रीय जलशक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मिनिस्टर इन वेटिंग प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री रामकिशोर नानो कांवरे, सांसद राकेश सिंह, चीफ ऑफ स्टाफ मध्य भारत एरिया जनरल आरपी सिंह, विधायक अजय विश्नोई, नन्दिनी मरावी, अशोक रोहाणी एवं सुशील कुमार तिवारी इंदु, जिला पंचायत सदस्य संतोष वरकड़े, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जीतेन्द्र जामदार, संभागायुक्त अभय वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी, पूर्व मंत्री अंचल सोनकर एवं शरद जैन, पूर्व महापौर स्वाति गोडबोले ने किया।

## मंडला-रायपुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, ट्रक और बोलेरो की टक्कर में 3 महिलाओं सहित 5 की मौत, दो गंभीर

**मंडला, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे 30 मंडला-रायपुर रोड में बड़ा हादसा हो गया। बोलेरो और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। बिछिया थाना क्षेत्र में देर रात हुई इस दुर्घटना में 4 लोगों की मौत हो गई और दो लोग गंभीर बताए जा रहे हैं। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। बताया गया है कि बुधवार देर रात बिछिया की ओर जा रही बोलेरे ग्राम बरखेड़ी के नजदीक लोहे का सरिया लेकर रायपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक से टक्कर हो गई।



इस दुर्घटना में 3 महिलाओं सहित 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक महिला सहित दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह सभी अस्पताल से घर लौट रहे थे,बोलेरो में सवार थे। इस हादसे में जिन लोगों की मृत्यु हुई है, उनमें लक्ष्मीबाई पति संजय यादव उम्र 38 साल, रानीबाई पति मुन्ना लाल यादव उम्र 58 साल, सुभद्रा बाई पति सनीलाल यादव उम्र 42 वर्ष ग्राम मालनवाड़ा थाना केवलारी जिला सिवनी, दुर्गेश पिता कन्हैयालाल उइके उम्र 32 साल निवासी ग्राम डुंगरा थाना बिछिया शामिल हैं, जबकि घायलों में इंद्रेश पिता महेश उइके उम्र 32 वर्ष, इन्द्राबाई पति राकेश यादव उम्र 35 वर्ष सभी निवासी ग्राम डूंगरा थाना बिछिया हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीती रात इलाज के दौरान इन्द्राबाई पति राकेश यादव की मौत हो गई।

## जीडी वासनिक मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र बने

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी के अनुमोदन पर अभियंताओं के तबादले होना शुरू हो गये हैं। इसी कड़ी में जीडी वासनिक को मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र बनाया गया है। अरविंद चौबे को मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रवर्तन निदेशालय में पदस्थ किया गया है। मध्यप्रदेश के शक्ति भवन मुख्यालय जबलपुर में यह चर्चा जोरों से है कि अभी और भी अभियंताओं को स्थानांतरण किए जाने की संभावना है।




**जबलपुर, देशबन्धु।** नया गांव के राजा की एक झलक श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही है। यहां विराजे भगवान गणेश की अतिसुंदर प्रतिमा 16 वर्षों से रामपुर के नया गांव क्षेत्र में स्थापित की जा रही है। जिसे दूर-दूर से श्रद्धालु देखने आते हैं।






* केवल गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार के लिए बुक किए गए टिकटों के लिए BookMyShow, Paytm Movies, PVR INOX और Cinepolis के माध्यम से इंटरनेट बुकिंग पर मान्य है। नियम एवं शर्तें लागू